गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

भाजन

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करश

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेवसाइड पर क्लिक करें
www.ajhindidaily.com

★ नगर संस्करण पृष्ठ १२ मूल्य ₹ ६


आगरा, 25 अक्टूबर 2026, रविवार, वर्ष 40 अंक 282 सौर 29 आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

'डीपफेक' का आवरण ओढ़े अपराधियों को भी खोज निकालेंगे-मुख्यमंत्री

- एआई मददगार हो सकता है, निर्णायक नहीं बनना चाहिए
- योगी ने टेक संगम 2026 के दूसरे दिन का किया उद्घाटन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और 'डीपफेक' के दौर में अपराधी कितना भी तकनीक का आवरण ओढ़ ले, राज्य की वैज्ञानिक और विधिक क्षमता उसे खोज निकालेगी। मुख्यमंत्री लखनऊ स्थित उप्र राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान में आयोजित तीन-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन



'टेक संगम 2026' के दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे। योगी ने कहा एआई हमारे लिए मददगार हो सकता है, लेकिन उसे निर्णायक नहीं बनना चाहिए। प्रौद्योगिकी का संचालन मानव विवेक से होना चाहिए, न कि मनुष्य तकनीक के विवेक पर निर्भर हो जाए। पूरी तरह एआई पर निर्भरता भविष्य में संकट बन सकती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक साक्ष्यों, फॉरेंसिक जांच और आधुनिक तकनीक के समन्वय से अपराध अनुसंधान को प्रभावी बनाने के साथ न्याय मिलने में होने वाली देरी को भी कम किया जा सकेगा। एक बयान के मुताबिक, इस अवसर पर उन्होंने क्वांटम फॉरेंसिक्स और विधिक अनुपालन के क्षेत्र में कार्य करने वाले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया। साथ ही कंसेंट मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च किया, अभेद्य परियोजना की आधारशिला रखी और एआई इन कंस्ट्रक्शन शेष पृष्ठ २ पर

आजमगढ़ की मतदाता सूची में गड़बड़ी का मामला

कम्प्यूटर सहायक, पांच बूथ लेवल अधिकारी हटाये गये, अन्य दो अधिकारियों के विरुद्ध एक्शन का फरमान

लखनऊ। समाजवादी पार्टी द्वारा 15 अक्टूबर को प्रेस वार्ता के माध्यम से लगाये गये आरोप विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ की मतदाता सूची में विकास यादव नामक व्यक्ति का नाम 10 बार अंकित होने का त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रकरण की विस्तृत जांच आख्या जिला निर्वाचन अधिकारी आजमगढ़ से प्राप्त की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जांच आख्या के अनुसार समान नाम,समान वल्दियत का एक मतदाता गोरखपुर के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र चौरीचौरा से सम्बन्धित है, जो 13 प्रविष्टियों से भिन्न है। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ की मतदाता



सूची में आरोप में उल्लिखित मतदाता ''विकास यादव'' का हिन्दी में नाम 13 बार अंकित होना पाया गया। 13 जगह मतदाताओं के नाम हिन्दी में ''विकास यादव'' प्रदर्शित होने के संदर्भ में 2 जगह पूर्व में ही नियमानुसार विलोपन की कार्यवाही की जा चुकी है। शेष 11 प्रविष्टियां आजमगढ़ के 11 अलग-अलग व्यक्तियों से सम्बन्धित हैं, जो अपने-अपने शेष पृष्ठ २ पर

आगरा में तीन बूथों पर पुनर्मतदान कल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के बाद आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तीन मतदान स्थलों पर दोबारा वोटिंग होगी। आयोग ने २६ अक्टूबर को सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे तक फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर ने पुनर्मतदान कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा है। रिटर्निंग ऑफिसर के लेटर पर निर्वाचन आयोग ने यूपी एमएलसी चुनाव के तहत आगरा मंडल शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों २०, २१ और २६ पर २३ अक्टूबर को हुए मतदान को रद्द कर दिया। चुनाव आयोग ने २६ अक्टूबर को सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे तक फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। शेष पृष्ठ २ पर

कार-ट्रक की भिड़ंत में छह की गयी जान

चूरू। राजस्थान के चूरू जिले के सादुलपुर क्षेत्र में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत छह लोगों की मौत हो गयी। हादसा दरदेवा गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार लोगों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, हनुमानगढ़ जिले के तारानगर क्षेत्र के सोमनसीसर गांव का एक परिवार गोगामेड़ी मंदिर में दर्शन करने जा रहा था। शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे सादुलपुर क्षेत्र में दरदेवा गांव के पास उनकी कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के समय जोरदार धमाका हुआ। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सात माह की बच्ची गंभीर



रूप से घायल हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गये। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त कार से लोगों को बाहर निकालने में मदद की। घायलों को निजी वाहन से सादुलपुर के अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि पुलिस और एंबुलेंस भी घटनास्थल पर पहुंचीं। हालांकि, उनके पहुंचने में देरी होने की बात भी सामने आयी। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य और कार का चालक शामिल बताया गया है। एक ही परिवार के कई सदस्यों की मौत की खबर से सोमनसीसर गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक छा गया। परिवार के सदस्य गोगामेड़ी मंदिर में दर्शन करने के शेष पृष्ठ २ पर

फारूक ने गाया पाकिस्तानी राग, कहा-कश्मीर का मुद्दा उठाकर हमें बचा रहा

दिल्ली की नीयत ठीक नहीं

बारामूला। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार हमारी मदद नहीं कर सकती। हमारे पड़ोसी को देखिए वह हर जगह कश्मीर का मुद्दा उठा रहा है। वह हमें बचा रहा है, वरना हमारी सरकार की नीयत ठीक नहीं है। बारामूला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फारूक ने कहा-केंद्र सरकार बड़े-बड़े दावे करती हैं और बातचीत की बातें करते हैं, लेकिन दिल्ली से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। उनका सामना कीजिए। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हमारी पहचान मिट जायेगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा, फारूक अब्दुल्ला के भीतर का पाकिस्तान समय-समय पर जाग जाता है। जब उनके अंदर का पाकिस्तान सामने आता है, तो वे इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं। ऐसे बेतुके बयान देने से पहले फारूक अब्दुल्ला को सोचना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने कहा, कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। ये भारत में रहते हैं और पाकिस्तान की तारीफ करते हैं। क्या पाकिस्तान की वजह से कश्मीर सुरक्षित है या भारत की ताकत के दम पर पाकिस्तान को दिखाने से कश्मीर सुरक्षित है? अगर उनका यह बयान है, तो इससे बड़ा देशद्रोह कोई नहीं है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि जब तक पाकिस्तान को बातचीत में शामिल नहीं किया जायेगा, जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं आ सकती। उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले की भी आलोचना की थी।

बांदीपोरा में कट्टरपंथी नेटवर्क का खुलासा, छह गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बांदीपोरा जिले में जेल से संचालित कट्टरपंथी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन से जुड़ा था और महिलाओं के माध्यम से अलगाववादी विचारधारा तथा प्रचार सामग्री फैलाने की कोशिश कर रहा था। मामले में चार महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुरुआती जांच में पाकिस्तान स्थित एक हैंडलर के निर्देश पर नेटवर्क के संचालन की बात सामने आयी है। जांच के दौरान जेल के भीतर से समन्वय, गुप्त बैठकों और अलगाववादी विचारधारा के प्रचार के लिए कथित गतिविधियों के साथ-साथ संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का भी पता चला है। इस मामले में बांदीपोरा पुलिस थाने में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शेष पृष्ठ २ पर

पीएम आज काशी में नारी शक्ति से करेंगे संवाद, नमो घाट पर वायुसेना के विंगशो में होंगे शामिल

अरविंद मिल की नयी औद्योगिक इकाई का करेंगे लोकार्पण



वाराणसी (का.प्र.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर रहेंगे। वह मिर्जामुराद क्षेत्र के रूपापुर गांव में अरविंद मिल की नई औद्योगिक इकाई का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री वहां कार्यरत महिला कर्मचारियों से संवाद कर नारी शक्ति, रोजगार और आत्मनिर्भरता का संदेश देंगे।नई परिधान निर्माण इकाई से वस्त्र एवं परिधान उद्योग को गति मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। खासकर महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने और उन्हें रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर प्रधानमंत्री का संवाद केंद्रित रहेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नमो घाट पहुंचकर भारतीय वायुसेना के 'एयर फोर्स डे एरियल डिस्प्ले-2026' का रोमांच देखेंगे। 'विंग्स ओवर गंगा' थीम पर होने वाला यह हवाई प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। गंगा के ऊपर आसमान में लड़ाकू विमानों और वायुसेना के जांबाजों का प्रदर्शन काशी के लिए खास आकर्षण होगा।वाराणसी कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री भुवनेश्वर जाएंगे, जहां भारतीय रिजर्व बैंक के नवनिर्मित डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करेंगे। इन सुविधाओं का उद्देश्य वित्तीय क्षेत्र की तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के साथ साइबर सुरक्षा को और मजबूत करना है। शेष पृष्ठ २ पर

जदयू विधायक अनंत सिंह पार्टी से निष्काषित

पटना। बिहार की राजनीति में जदयू ने अनंत सिंह के खिलाफ बड़ी कारवाई की है। पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए निष्कासित करते हुए प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी



है। पार्टी की ओर से जारी पत्र में अनंत सिंह पर पार्टी के निर्देशों की लगातार अवहेलना करने, शीर्ष नेतृत्व के लिए अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने तथा हाल ही में संपन्न विधान परिषद चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ काम करने और दूसरे दल के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने का आरोप लगाया गया है। इसी पत्र में पूर्व विधायक नीलम देवी के खिलाफ भी कार्रवाई की जानकारी दी गयी है। जदयू के पत्र के मुताबिक, अनंत कुमार सिंह ने पिछले कुछ दिनों से लगातार पार्टी के निर्देशों की अवहेलना की। उन पर शीर्ष नेतृत्व के प्रति अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया गया है। पार्टी ने इन गतिविधियों को अनुशासनहीनता मानते हुए उनकी प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया है। पत्र में कहा गया है कि हाल ही में संपन्न विधान परिषद चुनाव में अनंत सिंह ने पार्टी के उम्मीदवार के विरुद्ध काम किया और दूसरे दल के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार किया।

गठबंधन में उलझा सीट बंटवारा

अमेठी-रायबरेली की दस सीटों पर कांग्रेस का दावा

बागियोंको खुद सबक सिखायेगी सपा

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश में सपा व कांग्रेस गठबंधन में सीटों को लेकर उलझनें अब और बढ़ती दिख रही है। कांग्रेस जितनी सीट मांग रही है, सपा उसकी एक तिहाई ही देने के मूड में है। राष्ट्रीय



राजनीति में अपनी उभरती ताकत का असर यूपी में होने का दावा करते हुए कांग्रेस ने सीटों की डिमांड बढ़ाई है। खास बात यह कि सपा की जीती सीटों में एक दर्जन पर कांग्रेस ने दावा ठोका है। इसमें सपा के बागी विधायकों वाली सीटें भी हैं। इस सवाल पर कि क्या गठबंधन पनपते अविश्वास व परस्पर विरोधाभासी बयानबाजी से हिचकोले खाने लगा है। इसका जवाब सपा के वरिष्ठ नेता ने यह कहते हुए दिया कि चाय उतनी गर्म नहीं है जितनी केतली गर्म लग रही है। अमेठी व रायबरेली संसदीय सीटें कांग्रेस की बरसों से गढ़ रही हैं। विधानसभा चुनाव में सपा की स्थिति मजबूत रही है और वह भाजपा को चुनौती देती है। लेकिन कांग्रेस ने इन दोनों जिलों की 10 विधानसभा सीटें मांगी हैं। अमेठी में पिछले चुनाव सपा ने तीन और भाजपा ने दो सीटें जीती थीं। रायबरेली की पांच में चार सपा के पाले में और एक भाजपा के पाले में थीं। सपा ने पहले से तय किया है कि उसके साथ छोड़ कर भाजपा का दामन थामने वाले बागी विधायकों को वह खुद हरायेगी। इनमें ऊंचाहार से जीते मनोज पांडेय जो योगी सरकार में मंत्री हैं, शेष पृष्ठ २ पर

गठबंधन में उलझा सीट बंटवारा, अमेठी-रायबरेली की दस सीटों पर कांग्रेस का दावा

बागियोंको खुद सबक सिखायेगी सपा

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश में सपा व कांग्रेस गठबंधन में सीटों को लेकर उलझनें अब और बढ़ती दिख रही है। कांग्रेस जितनी सीट मांग रही है, सपा उसकी एक तिहाई ही देने के मूड में है। राष्ट्रीय राजनीति में अपनी उभरती ताकत का असर यूपी में होने का दावा करते हुए कांग्रेस ने सीटों की डिमांड बढ़ाई है। खास बात यह कि सपा की जीती सीटों में एक दर्जन पर कांग्रेस ने दावा ठोका है। इसमें सपा के बागी विधायकों वाली सीटें भी हैं। इस सवाल पर कि क्या गठबंधन पनपते अविश्वास व परस्पर विरोधाभासी बयानबाजी से हिचकोले खाने लगा है। इसका जवाब सपा के वरिष्ठ नेता ने यह कहते हुए दिया कि चाय उतनी गर्म नहीं है जितनी केतली गर्म लग रही है। अमेठी व रायबरेली संसदीय सीटें कांग्रेस की बरसों से गढ़ रही हैं। विधानसभा चुनाव में सपा की स्थिति मजबूत रही है और वह भाजपा को चुनौती देती है। लेकिन कांग्रेस ने इन दोनों जिलों की 10 विधानसभा सीटें मांगी हैं। अमेठी में पिछले चुनाव सपा ने तीन और भाजपा ने दो सीटें जीती थीं। रायबरेली की पांच में चार सपा के पाले में और एक भाजपा के पाले में थीं। शेष पृष्ठ २ पर





भारत का मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ अमेरिका में गिरफ्तार

2023 में इंटरपोल ने जारी किया था रेड कॉर्नर नोटिस

नयी दिल्ली। भारत के मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ को अमेरिकामें एफबीआई ने गिरफ्तार किया है। हिमांशु पर दिल्ली, हरियाणा समेत कई राज्यों में मर्डर,



हत्या की कोशिश, रंगदारी और हथियारों की तस्करी जैसे करीब 30 से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। इंटरपोल ने उसके खिलाफ 2023 में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। हरियाणा पुलिस ने उस पर 2.5 लाख और दिल्ली पुलिस ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। 2022 में हरियाणा में 24 घंटे में तीन हत्याओं के बाद हिमांशु चर्चा में आया था। हिमांशु भाऊ की गैंग ने ही शेष पृष्ठ २ पर

नेहा बोरा ने पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने से किया इनकार

नयी दिल्ली। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने शनिवार को कहा कि वह पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर नहीं करेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका इस्तेमाल लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शनों को रोकने के लिए किया जा सकता है। नेहा बोरा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संविधान शांतिपूर्ण विरोध करने का अधिकार देता है, जबकि पीस बॉन्ड के जरिये प्रदर्शनकारियों से शांति भंग नहीं करने का आश्वासन मांगा जाता है। उन्होंने कहा कि आइसा ऐसी कार्रवाई को सामान्य नहीं बनने देगा। गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को नेहा बोरा की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने पीस बॉन्ड संबंधी नोटिस को चुनौती दी थी। उन्होंने 16 अक्टूबर को हुए 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में शेष पृष्ठ २ पर

अधिवक्ता हत्याकांड को लेकर कायस्थ समाज में आक्रोश, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कठोर कार्रवाई, पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा और बेटियों को नौकरी देने की मांग

एटा। डॉ.मो.रफी । प्रयागराज में वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की हत्या को लेकर कायस्थ समाज में आक्रोश व्याप्त है। हत्याकांड की निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर जिला चित्रगुप्त कल्याण समिति एटा के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं चित्रांश बंधुओं ने घटना पर रोष व्यक्त करते हुए राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। समिति ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाए। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाए तथा पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही परिवार की बेटियों को सरकारी नौकरी और परिजनों को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि 15 अक्टूबर 2026 को प्रयागराज के सलोरी क्षेत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना बेहद दुखद है। इस घटना से समाज के लोगों में रोष है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सरकार को मामले में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि दोषियों को सजा मिल सके और परिवार को सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता प्राप्त हो।

बैठक में जिला चित्रगुप्त कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष अनुपम जौहरी, महामंत्री अनिल प्रकाश सक्सेना, युवा शाखा अध्यक्ष डॉ. विकास सक्सेना, युवा शाखा मंत्री क्षितिज सक्सेना, कार्यकारी अध्यक्ष आलोक जौहरी, संजीव सक्सेना, दिनेश्वर सहाय, गौरव चित्रांशी, लाल बहादुर सक्सेना, अरविंद कनौजिया, प्रिंस जौहरी एवं सुधीर सक्सेना सहित अनेक चित्रांश बंधु उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार जौहरी एडवोकेट ने किया। अमित कुमार जौहरी ने समाज के लोगों की ओर से हत्याकांड पर रोष व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और मांगों पर शीघ्र कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

मेडिकल कॉलेज एटा में एमबीबीएस बैच 2026-27 का व्हाइट कोट सेरेमनी एवं चरक शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

एटा। डॉ मो. रफी। वीरांगना अवंतीबाई लोधी ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज , एटा में प्रधानाचार्य डॉ. बलवीर सिंह के मार्गदर्शन एवं गरिमामयी उपस्थिति में एमबीबीएस बैच 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी एवं चरक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. बलवीर सिंह एवं समस्त फैकल्टी सदस्यों ने विद्यार्थियों को व्हाइट कोट पहनाकर चिकित्सा सेवा के प्रति कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं मानवीय संवेदनाओं का संदेश दिया तथा शरीर रचना विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक पराशर ने



विद्यार्थियों को चरक शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजरी कुमारी, सहायक आचार्य एवं संस्कृतिक कार्यक्रम ने किया। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमार संत आचार्य, डॉ. हेमा वार्ष्णेय आचार्य एवं एमईयू कोऑर्डिनेटर, डॉ. प्रशांत भारद्वाज, डॉ. जोगेंद्र कुमार, डॉ. अंकिता शर्मा, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. रविंद्र, डॉ. प्रगति इलामरान सहित समस्त फैकल्टी सदस्य, सीनियर एवं जूनियर रेजिडेंट तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाइक फिसलने से दंपती और मासूम घायल, महिला जिला अस्पताल रेफर

बकेवर (इटावा)। बकेवर थाना क्षेत्र के बहेड़ा के पास बाइक फिसलने से दंपती और उनका एक वर्षीय बेटा घायल हो गया। हादसे के दौरान मां ने बच्चे को गोद से नहीं छोड़ा, जिससे उसे मामूली चोटें आईं। तीनों को महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, ढकाताल गांव निवासी शेष कुमार अपनी पत्नी अर्चना देवी और एक वर्षीय बेटे दिव्यांश को अहेरीपुर में दवा दिलाकर बाइक से घर लौट रहे थे। बहेड़ा के पास अचानक बाइक फिसलने से तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। अर्चना देवी की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना समाधान दिवसः डीएम-एसएसपी ने रसूलपुर व रामगढ़ में सुनीं फरियादे

फिरोजाबाद। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने थाना रसूलपुर व रामगढ़ में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामलों और आपसी विवादों की शिकायतों पर विशेष ध्यान दिया गया। डीएम-एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की जांच तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। राजस्व और पुलिस विभाग आपसी समन्वय से जनसमस्याओं का प्रभावी निस्तारण करें, ताकि फरियादियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

बकेवर में 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

बकेवर (इटावा)। बकेवर थाना क्षेत्र के एक गांव से 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के मामा की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पृथवीरामपुर गांव निवासी देवकीनंदन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 14 वर्षीय भांजी को छह अक्टूबर की शाम करीब सात बजे विकास नाम का युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि युवक उनके गांव के एक व्यक्ति का साला है। किशोरी के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है।परिजनों ने किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद किशोरी के मामा ने 22 अक्टूबर को बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी की तलाश और मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस की जांच पर निर्भर है।

बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली युवती लापता, युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

बकेवर (इटावा)। बकेवर थाना क्षेत्र के लखना कस्बे से एक 18 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने औरैया जिले के अछल्दा निवासी एक युवक पर उनकी बेटी को शादी करने की बात कहकर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। लखना के कुम्हारन मोहल्ला निवासी युवती के पिता के अनुसार, उनकी बेटी 20 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब तीन बजे बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चलने पर उन्होंने 21 अक्टूबर की रात करीब 10:32 बजे थाना बकेवर में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।पिता का आरोप है कि बाद में उन्हें जानकारी मिली कि औरैया जिले के अछल्दा थाना क्षेत्र के नहर बाजार निवासी एक युवक उनकी बेटी को शादी करने की बात कहकर अपने साथ ले गया है। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हाईवे पर मिले अज्ञात शव की चार दिन बाद हुई पहचान, कानपुर देहात का निवासी था युवक

बकेवर (इटावा)। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम सुनवर्षा के निकट हाईवे पर मिले अज्ञात युवक के शव की शनिवार को पहचान हो गई। रक्तदाता समूह इटावा के सदस्यों की पहल और पुलिस की सक्रियता से मृतक की पहचान कानपुर देहात के राजपुर थाना क्षेत्र के शिवाली गांव निवासी अंकुश चक्रवर्ती (38) पुत्र रमेश चक्रवर्ती के रूप में हुई। शव की पहचान होने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। विदित हो कि गत 20 अक्टूबर को सुनवर्षा गांव के निकट हाईवे पर एक युवक का शव मिला था। उस समय पहचान न होने के कारण पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम अज्ञात के रूप में कराया था। इसके बाद मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे थे। इसी बीच रक्तदाता समूह इटावा के सदस्यों ने मृतक की जेब में मिले एक फोन नंबर के आधार पर परिजनों से संपर्क किया। सूचना मिलने पर मृतक की बहन शिवांगी और पिता रमेश ने उसकी पहचान अंकुश चक्रवर्ती के रूप में की। पहचान की पुष्टि होने के बाद परिजन शनिवार देर शाम तक इटावा स्थित शवदाह गृह पहुंच गए थे। अज्ञात शव की पहचान होने के बाद बकेवर थाना पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत, गांव में किया अंतिम संस्कार

बकेवर (इटावा)। लवेदी थाना क्षेत्र के नंदगांव निवासी 24 वर्षीय युवक की सैफई पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। उसने कुछ दिन पहले जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल से सैफई पीजीआई रेफर किया गया था। शुक्रवार रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा, जहां परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। नंदगांव निवासी अक्षय कुमार (24) पुत्र स्वर्गीय अरुण कुमार चार भाइयों में सबसे छोटा था। करीब एक वर्ष पहले उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। ग्रामीणों के अनुसार, पिता की मौत के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। बताया गया कि कुछ दिन पहले उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां से चिकित्सकों ने सैफई पीजीआई रेफर कर दिया। यहां कई दिनों तक उसका उपचार चला, लेकिन शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में शोक छा गया। ग्रामीणों के अनुसार, मानसिक परेशानी के चलते उसके जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई जा रही है।

पुराने मकान की दूसरी मंजिल पर कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला अधेड़ का शव

बकेवर (इटावा)। बकेवर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव में शनिवार शाम एक अधेड़ का शव पुराने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक, शिवपाल सिंह करीब 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय फूल सहाय राजपूत पिछले करीब 25 वर्षो से बीमार चल रहे थे। उनका दिल्ली में इलाज भी चल रहा था। करीब 15 वर्ष पहले उनकी पत्नी सुषमा का निधन हो गया था। उनकी एक बेटी उपासना थी, जिसकी भी जन्म के करीब एक वर्ष बाद मृत्यु हो गई थी। उनके पिता फूल सहाय और मां शांति देवी का भी निधन हो चुका था। शिवपाल सिंह अपने भाई भाभी के परिवार के साथ रह रहे थे। मृतक के भतीजे प्रदीप पुत्र शिव सिंह राजपूत ने बताया कि शनिवार शाम करीब चार बजे उनकी बहु रत्नेश पुराने मकान में लहसुन लेने गई थीं। जब वह दूसरी मंजिल पर बने कमरे में पहुंचीं तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने खिड़की से अंदर झांककर देखा। कमरे में चचिया ससुर शिवपाल सिंह का शव गमछे के सहारे कुंडा में फंदे से लटका दिखाई दिया। यह दृश्य देखकर उन्होंने परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर बकेवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के भाई शिव सिंह, भाभी रानी देवी, भतीजे संदीप और प्रदीप सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साड़ी लौटाने के चक्कर में युवती के खाते से उड़ाए 99,518 रुपये

साइबर ठगों ने लगाया चूना, शादी के लिए जमा की थी रकम

बकेवर (इटावा)। ऑनलाइन मंगाई गई साड़ी वापस करने के प्रयास में बसैयाहार गांव की एक युवती साइबर ठगी का शिकार हो गई। आरोप है कि साइबर ठगों ने मोबाइल पर स्क्रीन शेयर कराकर उसके सेंट्रल बैंक खाते से यूपीआई और गिफ्ट कार्ड के जरिए पांच बार में 99,518 रुपये निकाल लिए। खाते से रकम गायब होने पर युवती और उसके परिजनों के होश उड़ गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस से मामले की जांच कर रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। बसैयाहार थाना लवेदी निवासी आकांक्षा पुत्री हेतराम ने बताया कि उसने फ्लिपकार्ट से ऑनलाइन साड़ी मंगाई थी। साड़ी पसंद नहीं आने पर उसने उसे वापस करने के लिए रिक्वेस्ट डाली थी। इसी दौरान उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। आरोप है कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और मोबाइल की स्क्रीन शेयर कराकर गिफ्ट कार्ड का कूपन खुलवाया। इस दौरान उसके बैंक खाते से पांच बार में कुल 99,518 रुपये निकल गए। आकांक्षा के मुताबिक, वह सुबह से ही कॉल करने वाले के संपर्क में थी। शाम को यूपीआई के माध्यम से खाते का बैलेंस चेक किया तो रकम गायब मिली। यह देखकर वह घबरा गई और अपने पिता को जानकारी दी। इसके बाद पिता-पुत्री लखना स्थित सेंट्रल बैंक पहुंचे, लेकिन तब तक बैंक बंद हो चुका था। युवती के पिता हेतराम पुत्र श्रीकृष्ण ने बताया कि उन्होंने बेटी की शादी और घर में समर लगवाने के लिए करीब एक लाख रुपये खाते में जमा किए थे। शनिवार को उन्होंने बेटी से बैंक से 30 हजार रुपये निकालकर लाने के लिए भी कहा था, लेकिन शाम को खाते से रकम निकलने की जानकारी हुई। पीड़ित परिवार के अनुसार, यह उनकी वर्षो की मेहनत की कमाई थी।

फिरोजाबाद में गैर पंजीकृत क्लीनिकों पर छापेमारी, कई को नोटिस



फिरोजाबाद। स्वास्थ्य विभाग ने गैर पंजीकृत अस्पतालों, क्लीनिकों और पैथोलॉजी लैब के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। 24 अक्टूबर को डॉ. कमल किशोर वर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी हॉस्पिटल रजिस्ट्रेशन ने पचवान चौराहा, बछगाँव, फरिहा और नारखी समेत विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खुले संस्थानों को नोटिस जारी किए गए, जबकि बंद संस्थानों पर नोटिस चस्पा किए गए। संचालकों को निर्धारित समय में पंजीकरण प्रमाणपत्र और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. वर्मा ने चेतावनी दी कि नियमों का पालन न करने और अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से पंजीकृत चिकित्सा संस्थानों में ही उपचार और जाँच कराने की अपील की है।

देशव्यापी अभियान का दायरा बढ़ाया

आगरा। अमेजन इंडिया ने आज भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के साथ अपनी साझेदारी के दूसरे चरण की घोषणा की। इसका मकसद है कि उपभोक्ता ऑनलाइन ठगी को पहचानने के साथ उससे बचने के लिए सोच-समझकर कदम भी उठाएं। इस पहल में सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक सुझाव, तकनीक आधारित इनोवेशन और इंटरैक्टिव उपभोक्ता शिक्षा को एक साथ लाया गया है, ताकि लोग संदिग्ध संदेशों को पहचान सकें। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (लीगल) राकेश बख्शी ने कहा अमेजन में हम जो कुछ भी करते हैं, उसके पीछे ग्राहकों को लेकर हमारा जुनून होता है, और उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग का सबसे सुरक्षित अनुभव देना इसी सोच का सबसे अहम हिस्सा है।

कई सितारों की शो में वापसी

आगरा। कलर्स का धमाल विद पति पत्नी और पंगा एक ऐसे खास पल का गवाह बनने जा रहा है, जब गुरमीत चैधरी, देबीना बनर्जी और ईशा मालवीय एक बार फिर इस शो में साथ दिखाई देंगे। इस बार वे एक फिल्म के साथ आएंगे, जिसका जश्न मनाना है, और एक ऐसी कहानी के साथ, जो उनके इस जुड़ाव को फिर वहीं ले जाती है जहाँ से इसकी शुरूआत हुई थी। यह तिकड़ी तुम मेरे हो के प्रमोशन के लिए शो में शामिल होगी, जिसका निर्माण देबीना ने किया है और जिसमें गुरमीत और ईशा मुख्य भूमिकाओं में हैं जो एक सामान्य प्रमोशनल उपस्थिति जैसी लग सकती है। वह एक भावनात्मक घर वापसी में बदल जाती है।

कलाकारों ने जमकर मचाया धमाल

आगरा। जब अक्षय कुमार की जबर्दस्त कॉमिक टाइमिंग मिलती है प्रियदर्शन की कहानी कहने के खास अंदाज से, तो हँसी, अफरा-तफरी और मनोरंजन का धमाल होना तय है। अपनी मशहूर जोड़ी के साथ एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने आ रहे हैं, अभिनेता अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन। उनकी फिल्म भूत बंगला का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर रविवार, 25 अक्टूबर को रात 8 बजे जी सिनेमा पर होने जा रहा है। प्रियदर्शन के अंदाज में मची अफरा-तफरी और अक्षय कुमार की बेफिक्र कॉमेडी के साथ यह फिल्म दर्शकों को ऐसे मजेदार सफर पर ले जाएगी, जहाँ एक पल डर लगेगा और अगले ही पल हँसी छूट जाएगी।

बाजार में अपना नया कलेक्शन पेश किया

आगरा। टाटा परिवार का एक सदस्य और भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड तनिष्क ने धनतेरस के शुभ अवसर के लिए अपना नया कलेक्शन अध्यंतरा पेश किया है। नए कलेक्शन के लिए बनाए गए विशेष कैम्पेन में मशहूर अभिनेत्री तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। अध्यंतरा असीम ब्रह्मांड की खूबसूरती और उसके रहस्यों से प्रेरित है। तनिष्क का मानना है कि इस दुनिया में हर महिला अपने आप में इतनी असाधारण और खूबसूरत है कि खुद यह ब्रह्मांड भी उसकी आंतरिक शक्ति और सुंदरता से प्रेरित होता है इसलिए इस कलेक्शन में उस ब्रह्मांड की सारी खूबसूरती को समेटकर महिला के और करीब, आभूषणों के रूप में ला दिया है।

सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाया

आगरा। आज के समय में, ग्राहकों के लिए मोबाइल डेटा अब सिर्फ कनेक्टेड रहने का माध्यम नहीं रह गया है। यह अब उनके लिए शो और फिल्में देखने, अपने पसंदीदा क्रिएटर्स को फॉलो करने, म्यूजिक सुनने और नए कंटेंट की खोज करने का जरिया बन गया है। ग्राहकों की इस व्यापक उपयोग संबंधी जरूरत को पूरा करने और अपनी सेवाओं के साथ इसे और बेहतर बनाने के लिए, एयरटेल ने अपने प्रीपेड ग्राहकों को (यूट्यूब प्रीमियम) उपलब्ध कराने के लिए यूट्यूब के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के जरिए ग्राहकों को बिना विज्ञापनों वाला यूट्यूब अनुभव मिलेगा, जिसमें शॉर्ट्स के साथ-साथ बैकग्राउंड प्ले, ऑफलाइन डाउनलोड और यूट्यूब म्यूजिक प्रीमियम का लाभ भी मिलेगा।

प्रथम पृष्ठ के शेष

'डीपफेक' का आवरण ओढ़े अपराधियों को...

पुस्तक का अनावरण किया। सम्मेलन में साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्ष्य, क्वांटम तकनीक, फॉरेंसिक विज्ञान और एआई के न्यायिक एवं प्रशासनिक उपयोग पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए बताया करीब 100 एकड़ की जिस जमीन पर आज विश्वस्तरीय फॉरेंसिक संस्थान खड़ा है, उस पर कभी लखनऊ के एक बड़े भू-माफिया का कब्जा था। उस समय पुलिस भी इस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही थी। वर्ष 2017 में पुलिस अधिकारियों से इसकी जानकारी मिलने के बाद जांच कराई गई और भू-माफिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। दूसरी प्राथमिकी दर्ज होते ही उसने आत्मसमर्पण कर जमीन छोड़ दी। आदित्यनाथ ने कहा कि एक दशक पहले लखनऊ में साइबर फॉरेंसिक और क्वांटम तकनीक जैसे विषयों पर चर्चा करना भी सपने जैसा लगता था। आज उसी जमीन पर बना संस्थान प्रदेश में वैज्ञानिक जांच, आधुनिक अपराध अनुसंधान और तकनीकी शिक्षा को नई दिशा दे रहा है। फॉरेंसिक विज्ञान की उपयोगिता समझाते हुए मुख्यमंत्री ने लोकप्रिय टीवी सीरियल सीआईडी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पहले लोग टेलीविजन पर देखते थे कि एक बाल या फिंगरप्रिंट के आधार पर अपराधी तक कैसे पहुंचा जाता है, लेकिन अब फॉरेंसिक विज्ञान और आधुनिक तकनीक की मदद से ऐसी जांच वास्तविक जीवन में संभव हो रही है। न्याय मिलने में देरी का उल्लेख करते हुए उन्होंने एक माफिया के मामले का जिक्र किया, जिसने वर्ष 1980 में पहला अपराध किया था, लेकिन साक्ष्यों के अभाव और डीएनए नमूने नष्ट होने के कारण उसे वर्ष 2022 में, यानी 42 साल बाद सजा मिल सकी। उन्होंने कहा कि यह उदाहरण बताता है कि अपराध की जांच में वैज्ञानिक साक्ष्य कितने महत्त्वपूर्ण हैं और समय पर साक्ष्य जुटाना न्याय प्रक्रिया के लिए क्यों जरूरी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के तहत सात वर्ष से अधिक की सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की सभी 18 पुलिस रेंज में फॉरेंसिक लैब विकसित की जा रही हैं, जिनमें से 12 लैब तैयार हो चुकी हैं, जबकि छह अन्य अंतिम चरण में हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि इसके अतिरिक्त 150 से अधिक फॉरेंसिक वैन तैनात की गई हैं, जिससे घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने और जांच को गति देने में मदद मिलेगी, जिसका उद्देश्य है कि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर विवेचना मजबूत हो और न्यायालयों में मामलों के निस्तारण में अनावश्यक देरी कम हो।

गठबंधन में उलझा सीट बंटवारा

खास तौर पर सपा के निशाने पर हैं। राकेश प्रताप सिंह अमेठी से पिछली बार सपा से जीते थे। वह भी भाजपा में जा चुके हैं। सपा ने यह सीटें देने से इन्कार का संदेशा भिजवा दिया है। कांग्रेस ने एक नवम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली के लिए ताकत झोंक दी है और इसमें इंडिया ब्लाक के सभी नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। विपक्षी राजनीति में अगुवा की भूमिका में अब रैली के जरिये इंडिया ब्लॉक की एकजुटता का संदेश तो भाजपा को दिया जायेगा ही साथ छुपा हुआ संदेश यूपी चुनाव के लिए भी होगा। इससे अपने पक्ष में माहौल बना कर सपा से अधिक से अधिक सीटें लेने का दबाव बनाया जा सके।

भारत का मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ...

2025 में यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर के बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। हिमांशु की लॉरेंस और गोल्डी बराड़ गैंग से दुश्मनी मानी जाती है। इसी मामले में एक अन्य भगोड़े नीरज फरीदपुरिया को भी पकड़ा गया। बताया गया है कि वह इस साल जमानत पर रिहा होने के बाद अपने टखने में लगा निगरानी ट्रैकर हटाकर गिरफ्तारी से बच रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय जांच एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि दिल्ली और हरियाणा पुलिस की कई टीमें गैंगस्टर हिमांशु भाऊ की अमेरिका में तलाश कर रही थीं। तकनीकी निगरानी और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर लास वेगास में उसका ठिकाना पता लगाया गया। इसके बाद अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उसकी लोकेशन शेयर की गई, जिन्होंने गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर लिया।

नेहा बोरा ने पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने से किया इनकार

शामिल होने के बाद जांच के दौरान शांति बनाए रखने के लिए 10 हजार रुपये का निजी मुचलका और एक जमानतदार देने संबंधी नोटिस को चुनौती दी थी।

कम्प्यूटर सहायक, पांच बूथ लेवल अधिकारी हटाये गये...

गांव में वर्तमान में निवास कर रहे हैं और 11 में वास्तविक ''विकास यादव'' को छोड़कर अन्य 10 व्यक्तियों के वास्तविक नाम एवं अन्य विवरण के संशोधन हेतु को फार्म-8 भरवा दिया गया है।प्रकरण में दोषी पाये गए मतदाता पंजीकरण केन्द्र के कम्प्यूटर सहायक एवं बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची के कार्य से तत्काल हटाते हुए उनकी सेवा समाप्त किये जाने सम्बन्धी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण के लिए जिम्मेवार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 347-आजमगढ़ के कम्प्यूटर सहायक एवं बूथ लेवल अधिकारियों, तत्कालीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 2 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-32 के अन्तर्गत कार्रवाई किये जाने से पूर्व नोटिस दिए जाने के निर्देश दिये गये हैं। मतदाता सूची तैयार करने के कार्य में अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं पर्यवेक्षण में शिथिलता बरतने के लिए तत्कालीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 2 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु आरोप पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। आजमगढ़ के निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों की भी इस बिन्दु पर गहनता से जांच कर विस्तृत आख्या एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी, आजमगढ़ को दिये गये हैं।

आगरा में तीन बूथों पर पुनर्मतदान कल

विदित हो कि आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तीन मतदेय स्थलों पर मतदान के दौरान गड़बड़ी पाई गई थी। इनमें मतदान स्थल संख्या २०, तहसील कैंपस खेवरागढ़ कक्ष संख्या एकए मतदान स्थल संख्या २१ क्षेत्र पंचायत कार्यालय सैंया कक्ष संख्या एक और मतदान स्थल संख्या २६ शामिल है। इसके अलावा क्षेत्र पंचायत कार्यालय फ्तेहाबाद कक्ष संख्या एक पर गड़बड़ी पाई गई थी। इन मतदेय स्थलों पर दोबारा वोटिंग कराने के लिए निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव भेजा गया था जिसके स्वीकार कर लिया गया है। आयोग ने अफ्सरों को निर्देश दिया है कि जिन लोगों की वजह से मतदान में गड़बड़ी हुई है, उन्हें दोबारा मतदान प्रक्रिया में तैनात न किया जाए। मतदाताओं की दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली पर अमिट स्याही लगाई जाएगी। आगरा मंडल आयुक्त से कहा गया है कि वे इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों ;जिसमें पुलिस और मतदान अधिकारी भी शामिल हैं, की पहचान करें और २५ अक्टूबर तक जांच रिपोर्ट सौंपें। दोबारा मतदान पूरा होने के बाद, वोटों की गिनती के लिए फ्रि से अनुमति मांगी जाएगी।

बांदीपोरा में कट्टरपंथी नेटवर्क का खुलासा, छह गिरफ्तार

गिरफ्तार महिलाओं की पहचान मुबीना बानो, खुशबू जान, महक जान और आलिया जान के रूप में हुई है। ये सभी बांदीपोरा जिले की निवासी हैं। वहीं, गिरफ्तार अन्य दो आरोपियों की पहचान कुपवाड़ा निवासी वहीद अहमद भट और इरफान अहमद रेशी उर्फ रईस के रूप में हुई है।

कार-ट्रक की भिड़ंत में छह की गयी जान

लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में हुए हादसे ने उनकी जिंदगी खत्म कर दी। ग्रामीणों ने घटना पर दुख जताते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। हादसे के कारणों और मृतकों की पहचान के संबंध में विस्तृत जानकारी पुलिस जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी। तारानगर-साहवा क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। बीते 30 दिनों में करीब 24 लोगों की मौत और दर्जनों लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आयी है। अब न्यांगली-ददरेवा के पास छह लोगों की मौत के इस हादसे ने सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ा दी है। हादसों के बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर बिना हेलमेट वाहन चलाने, तेज रफ्तार और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ काररवाई शुरू की थी। इसके बावजूद दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में कुछ स्थानों पर सिंगल रोड, खतरनाक मोड़, अचानक आने वाले गड्ढे और अधूरे ब्रेकर वाहन चालकों के लिए परेशानी पैदा करते हैं। ब्रेकर के किनारों पर रखे पत्थर और रात में सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी भी दुर्घटना का खतरा बढ़ा सकती है।

गठबंधन में उलझा सीट बंटवारा, अमेठी-रायबरेली...

सपा ने पहले से तय किया है कि उसके साथ छोड़ कर भाजपा का दामन थामने वाले बागी विधायकों को वह खुद हरायेगी। इनमें ऊंचाहार से जीते मनोज पांडेय जो योगी सरकार में मंत्री हैं, खास तौर पर सपा के निशाने पर हैं। राकेश प्रताप सिंह अमेठी से पिछली बार सपा से जीते थे। वह भी भाजपा में जा चुके हैं। सपा ने यह सीटें देने से इन्कार का संदेशा भिजवा दिया है। कांग्रेस ने एक नवम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली के लिए ताकत झोंक दी है और इसमें इंडिया ब्लाक के सभी नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। विपक्षी राजनीति में अगुवा की भूमिका में अब रैली के जरिये इंडिया ब्लॉक की एकजुटता का संदेश तो भाजपा को दिया जायेगा ही साथ छुपा हुआ संदेश यूपी चुनाव के लिए भी होगा। इससे अपने पक्ष में माहौल बना कर सपा से अधिक से अधिक सीटें लेने का दबाव बनाया जा सके।

पीईटी में 1. 36 लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे

25- 30 अक्तूबर और 1 नवम्बर को होनी है परीक्षा, अभ्यर्थियों के लिए स्पेशल बस और ट्रेने चलाई

आगरा। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद में आगामी प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के आयोजन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा शासन के निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित परीक्षा जनपद में 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को दो पालियों में संपन्न होगी। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए कुल 49 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा में कुल 1,36,656 पंजीकृत अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे तथा प्रत्येक पाली में 22,776 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा की निगरानी एवं व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन के लिए 49 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 49 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय एवं क्रियाशील रहें तथा परीक्षा की निगरानी प्रभावी ढंग से की जाए। प्रत्येक परीक्षार्थी की सघन तलाशी के उपरांत ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने तथा परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं हेल्प डेस्क की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही, परीक्षा केंद्रों तक अभ्यर्थियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए आवश्यक यातायात एवं परिवहन व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए पुलिस, यातायात, परिवहन, विद्युत एवं स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, आवश्यक पुलिस बल की तैनाती तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा एवं एम्बुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

दिव्यांगजनों के निर्मित उत्पादों की बिक्री को प्रस्ताव मांगे

आगरा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि जनपद में दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित सामग्रियों के प्रदर्शन एवं बिक्री के उद्देश्य से दीपावली मेले का आयोजन प्रस्तावित किया जा रहा है। जनपद में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत ऐसी संस्थाओं एवं व्यक्तियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं, जिनके द्वारा निर्मित सामग्रियों का मेले में प्रदर्शन एवं बिक्री की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इच्छुक संस्थाएं एवं व्यक्ति अपना प्रस्ताव 26 अक्टूबर को सायं 5 बजे तक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, संजय प्लेस, कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

इन्वेस्टर मीट का आयोजन

आगरा। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद प्रो. एस.पी. सिंह बघेल की उपस्थिति में होटल ग्रैंड इम्पीरियल, रकाबगंज में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत /2047 के संकल्प को साकार करने तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सांसद कॉन्क्लेव एवं इन्वेस्टर मीट-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से 150 से अधिक कंपनियों तथा उद्योग, व्यापार, बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों, खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यमिता क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में लगभग 250 से 300 प्रतिनिधियों सहित 500 से अधिक आगंतुकों की उपस्थिति रही।

डीईआई एनसीसी और एनएसएस के रक्तदान शिविर में हुआ 396 यूनिट्स का महादान

जिसने दी है जिंदगी
उसका साया भी नजर
नहीं आता।
यूँ तो भर जाती है
झोलियाँ, मगर देने वाला
नजर नहीं आता।।





सुरेखा यादव

आगरा। दयालबाग शिक्षण संस्थान की एनसीसी इकाई, एन एस एस इकाई और आयुष संकाय के संयुक्त प्रयास द्वारा आयोजित एक दिवसीय रक्तदान शिविर के अंतर्गत ३९६ यूनिट्स रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में एन सी सी कैडेट्स, संस्थान के छात्रध्छात्राओं, अभिभावक, स्टाफ मेंबर्स के अलावा आसपास के रिहायशी इलाकों से आये लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस शिविर का सफल आयोजन मानव सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। शिविर का आगाज संस्थान वंदना से हुआ, तदुपरांत मुख्य अतिथि 1 यू पी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल आशुतोष मिश्रा और संस्थान निदेशक प्रो सी पटवर्धन ने फीता खोलकर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के आगमन पर संस्थान निदेशक ने गुलदस्ता और कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। गार्ड ऑफ ऑनर नेतृत्व सार्जेंट जाह्नवी विरमानी ने किया, इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान महादान के महत्ता पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। जिसका कुशल संचालन कैडेट परी दीक्षित ने किया। कर्नल आशुतोष ने स्वयं रक्तदान किया और रक्तदाताओं और कैडेट्स को संबोधित करते हुए एनसीसी कैडेट्स और एनसीसी अधिकारी द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुये अधिक से अधिक जनमानस को इस पुनीत कार्य मे अपनी प्रतिभागिता देने पर जोर दिया। उन्होने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के आयोजनो से ही हम अपनी युवा शक्ति को जागरूक बना समाज की एक बहुत बड़ी सेवा कर सकते हैं और असंख्य शुभाशीष प्राप्त कर सकते हैं।

संस्थान निदेशक प्रो पटवर्धन ने भी एनसीसी इकाई की उपलब्धियों की सराहना की और शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। शिविर में संस्थान की कन्ट्रोलर ऑफ एग्जाम डॉ बानी दयाल धीर और प्रशासनिक अधिकारी (कंप्यूटर) डॉ अर्श धीर की गरिमामयी उपस्थिति ने रक्तदाताओं और कैडेट्स के उत्साह और मनोबल में चार चांद लगा दिए। डीईआई टेक्निकल कॉलेज के प्राचार्य श्री मेजर सिंह ने अपने उध्बोधन में दो अमूल्य दान, समय दान और रक्तदान की चर्चा करते हुए समझाया कि दोनों में सिर्फ प्राणिमात्र ही प्राणिमात्र की सहायता कर सकता हैं। दयालबाग शिक्षण संस्थान की एनसीसी इकाई के अधिकारी कैप्टन मनीष कुमार ने बताया कि शिक्षण संस्थान में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्देश्य युथ को रक्तदान के लिए तैयार करना है और उनके अंदर से डर को दूर करना है। कैप्टन मनीष ने कैडेट्स और अन्य छात्र छात्राओं को बताया कि विज्ञान के युग मे अभी भी कृतिम रक्त की परिकल्पना सम्भव नही है और आवश्यकता पड़ने पर प्राणिमात्र ही इसका एक मात्र स्रोत है। शिविर में संस्थान के पूर्व एन एन सी कैडेट और वर्तमान में सेना भारतीय सेना में कार्यरत कैप्टेन राहुल त्यागी ने भी रक्तदान कर अपनी सहभागिता की। रक्तदान शिविर के दौरान आयुष संकाय के छात्रों ने रक्तदान की बारीकियों को समझा इस दौरान संकाय के प्राचार्य और शिक्षक भी उपस्थित रहे। डॉ. सनिल कुमार, एनएसएस समन्वयक,कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना जौहरी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश एवं कार्यक्रम अधिकारी आर्किटेक्ट अपेक्षा जैन का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। शिविर में रक्तदान के साथ साथ मुख्य आकर्षण सेल्फी पॉइंट भी रहा। शिविर में 100 छात्राओं, महिला स्टाफ कर्मियों और 296 छात्रों और पुरुष स्टाफ ने महादान किया और कुल 396 यूनिट्स रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह दिया गया। महादान शिविर का सफल संचालन कैडेट प्रशांत सिंह भदौरिया, कैडेट लगन भारद्वाज, जे यू ओ खामिनी, अंडर ऑफिसर देवांग गुरहार, यू ओ जय टेंगुरिया ने किया इस मौके पर ब्लड बैंक के प्रमुख ओम प्रकाश चैधरी, डायरेक्टर राहुल चैधरी की उपस्थिति भी सराहनीय रही। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में कैडेट शालिनी शर्मा, इतिका तिवारी, ऋद्धि गौतम, मयंक, वेदांश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पालीवाल पार्क में सड़क 7 फीट गहरे गड्ढे में समाई

बड़ा हादसा होने से बचा, शहर में जगह-जगह सड़कें धंस रही, गहरे गड्ढे, नगर निगम मूकदर्शक, पैचवर्क नहीं कराये

आगरा। मानसून के दौरान भारी बारिश के कारण आगरा की सडकों का बुरा हाल है, जगह-जगह मौत के गहरे गड्ढे बने है किन्तु नगर निगम प्रशासन को यह नजर नहीं आते हैं, जिसका खामियाजा शहरवासी भुगत रहे हैं, वह आये दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सड़क धंसने का क्रम जारी है। बीते रोज पालीवाल पार्क में सात फीट गहरे गड्ढे में सडक समा गई। गहरा खाईनुमा बन गया, यह तो गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ वरना यहां से गुजरते समय लोगों की जान खतरे में पड जाती। शहरभर में बारिश के दौरान भारी जलभराव के कारण मिट्टी गीली होने के कारण धंसती जा रही हैं। बारिश में तो बुरा हाल था। नगर निगम मानसून की विदाई पर समूचे शहर की सडकों पर पैच वर्क कराता है किन्तु इस बार पैच वर्क नजर नहीं आ रहा है। रामबारात के अवसर पर शोभायात्रा मार्ग पर जरूर पैचवर्क कराया गया था, बाकी जगह गहरे गड्ढे छोड दिये जो कि आज तक नहीं भरे गए हैं। यमुनापार में जगह-जगह सडकों पर गहरे गड्ढे हैं। इसी तरह पुराने शहर की तमाम सडकें जर्जर हो चुकी है, जहां निर्माण होना जरूरी है, या फिर यहां पैचवर्क कराया जाए लेकिन नगर निगम प्रशासन कार्य की प्रति घोर लापरवाह बना हुआ है, जिसके चलते लोग हर रोज गहरे गड्ढे के कारण हादसे का शिकार हो रहा है। यदि सडकों का यही हाल बना रहा तो किसी दिन बडा हादसा हो सकता है, आखिर इसका कौन जिम्मेदार होगा। जिला प्रशासन भी कुम्भकरणीय नींद में हैं। सडके जर्जर है लेकिन अफसरों को इसकी जानकारी नहीं है। पालीवाल पार्क में शनिवार की सुग मॉर्निंग वॉक को आये लोग सडक को गहरे गड्ढे में देख सहम गए। यह तो गनीमत रहीं की सडक रात को किसी समय धंसी। दिन होता तो बडा हादसा हो जाता। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पालीवाल पार्क की सडक चार से पांच मीटर लंबाई और चार से पांच मीटर चैडाई तक धंस गई जो कि खाई की भांति नजर आ रही थी। उल्लेखनीय है कि बीते तीन महिनों के बीच समूचे शहर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर सडक धंसने के मामले प्रकाश में आ चुके हैं। कई जगह सडक पर गहरे गड्ढे बन गए तो कहीं जगह पूरी सडक ही धंस गई इससे रोजाना वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को हादसे का खतरा बना रहता हैं। माना गया है कि सडक निर्माण के दौरान मिट्टी की मजबूती, नीचे बिछी पाइपलाइनों एवं जल निकासी व्यवस्था की ठीक से जांच नहीं होती है। बारिश में पानी के रिसाब और पुरानी सीवर लाइनों के लीकेज से जमीन खोखली हो जाती है जिससे सडकें बैठ रहीं हैं।



पीसीपीएनडीटी एक्ट की समीक्षा बैठक, नियम तोड़ने पर कार्यवाही के निर्देश



आगरा। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में अल्ट्रासाउंड केंद्रों के नवीन पंजीकरण, नवीनीकरण, स्थान परिवर्तन, चिकित्सकों के नाम जोड़ने एवं हटाने तथा मशीनों से संबंधित विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी अस्पतालों एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालकों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह एक्ट कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने तथा बालिकाओं के जीवन एवं अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से बनाया गया है। सभी केंद्रों पर निर्धारित अभिलेखों का सही रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर बायोमेट्रिक मशीन एवं सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा केंद्रों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ अरुण श्रीवास्तव सहित जिला सलाहकार समिति के सदस्यगण मौजूद थे।.

बगैर लाइसेंस के खूब बिक रहीं आतिशवाजी

पिछले वर्षों में कई हादसे हो चुके है फिर भी सबक नहीं, पुलिस मूकदर्शक

आगरा। दीपावली रोशनी का त्यौहार होता है, इस दिन बम-पटाखे फोड कर लोग त्यौहार की खुशियां मनाते हैं। पटाखों की बिक्री के लिए प्रशासन तिथि और स्थान निर्धारित करता है किन्तु दीपावली से पूर्व महानगर में बगैर लाइसेंस के आतिशवाजी की खूब बिक रही है। थाना एकता क्षेत्र के चमरौली मोड पर आतिशवाजी के फड फुटपाथ पर बगैर लाइसेंस के धडल्ले से चल रहे हैं। ऐसे में यदि कोई हादसा हो गया तो आखिर उसका कौन जिम्मेदार होगा? हांलाकि पुलिस सबकुछ जानती है फिर भी मूकदर्शक बनी है जिससे बगैर लाइसेंस के आतिशवाजी की बिक्री खुलेआम की जा रही हे। आगरा जनपद के हर थाना क्षेत्र में जगह-जगह पटाखों की बिक्री की जा रही है, जबकि इनमें किसी के पास लाइसेंस नहीं है, जिला प्रशासन त्यौहार से तीन दिन पूर्व पटाखों की बिक्री के लिए अस्थाई लाइसेंस देता है, जिसके लिए स्थान निर्धारित किये जाते हैं। यमुनापार के गली-मोहल्लों में तमाम दुकानदार पटाखों की बिक्री कर रहे हैं, इसी तरह थाना न्यू आगरा क्षेत्र के भीतरी इलाकों में पटाखों की बिक्री की जा रही है, कमलानगर में कई जगह पटाखों की दुकाने सजी हैं, पुराने शहर के कई इलाकों में बगैर लाइसेंस के पटाखों की बिक्री की जा रही है। पिछले वर्षो में अवैध पटाखों को लेकर कई बडी घटनाएं हो चुकी हैं फिर भी पुलिस ने सबक नहीं लिया है, पटाखा बिक्रेता बगैर लाइसेंस के आतिशवाजी का भण्डारण करते हैं, यदि इनमें किसी तरह विस्फोट हो जाये तो आखिर इसका कौन जिम्मेदार होगा? बगैर लाइसेंस अवैध पटाखों के भण्डारण को लेकरकई बडी दर्दनाक घटनाएं हो चुकी है, जिसमें लोगों की जान चली गई, शरीर के लोथडे बन गए, वाहनों परखच्चे उड गएं। बीती घटनाओं को लेकर आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने कोई सबक नहीं लिया है, जिससे अवैध पटाखों को लेकर हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

डिलीवरी बॉय ऑनलाइन गेम में 1.12 लाख रुपये हारा, लूट की झूंठी कहानी रची

अपने ही जाल में फंसा, युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आगरा। ऑनलाइन एबिएटर गेम में 1.12 लाख रूप्ये हारने के बाद अमेजन डिलीवरी बॉय ने लूट की झूंठी कहानी रची और अपने ही बुने जाल में फंस गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताया कि अमेजन डिलीवरी बॉय अंशुल ने सूचना दी थी कि बदमाशों ने उससे 95 हजार रूप्ये नकद और मोबाइल लूट लिया है। उसकी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच पडताल में जुट गई। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटैज खंगाले तो कहानी संदिग्ध नजर आई। पुलिस ने अंशुल को थाने बुलाया और उससे सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया, उसने सच उगले दिया। अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ के दौरान मालुम हुआ कि अंशुल ऑनलाइन गेम का आदी है। वह 1.12 लाख रुपये हार गया था। पैसा कंपनी कलेक्शन का था, हारने के बाद पैसा जमा करने से बचने को उसने लूट की झूंठी कहानी रची। पुलिस ने अंशुल की निशानदेही पर वीबी कंपनी का मोबाइल फोन और 5.610 रूप्ये की नकदी बरामद की। मोबाइल की जांच में ऑनलाइन गेम में 1.12 लाख रूप्ये हारने के साक्ष्य पुलिस को मिले हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने अंशुल को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।



निगम की कूड़ा गाड़ी ने कार में मारी टक्कर

चालक नशे में धुत था, शास्त्रीपुरम के समीप हुआ हादसा

आगरा।नगर निगम की कूडा ढोने वाली छोटी गाडी ने एक कार में जोरदार टक्कर मार दी। यह हादसा थाना सिकंदरा क्षेत्र के शास्त्रीपुरम गोल चक्कर चैराहे पर रात करीब आठ बजे हुआ। पुलिस ने बताया कि कपिल अग्रवाल अपनी कार से शास्त्रीपुरम चैराहे से गुजर रहे थे तभी भूदेवी डिपार्टमेंटल स्टोर के सामने पीछे से आ रही नगर निगम की हाई स्पीड कूडा गाडी ने उनकी कार को ठोंक दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का पीछे का हिस्सा चकनाचूर हो गया। पीडित ने इसकी शिकायत थाना पुलिस से की। हादसे की सूचना मिलने पर सपा नेता विनय अग्रवाल थाने पहुंचे, उन्होंने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया। हादसा होने पर भीड ने चालक को घेर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने निगम की गाडी को अपनी कस्टडी में ले लिया। पुलिस ने चालक को भी पकड लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर कूडा गाडी के चालक नशे में गाडी चलाते हैं, जिससे हादसा होने का अंदेशा बना रहता है, नगर निगम प्रशासन को ऐसे मामलों में तुरत कार्यवाही करनी चाहिए किन्तु ऐसा नहीं होता है।

पेड़ पर सात फीट लम्बा अजगर लटका

आगरा। यमुनापार रामबाग स्थित चीनी के रोजा में एक नर्सरी के पेड पर सात फीट लंबा अजगर देख इलाके में हडकंप मच गया। मौके पर भारी भीड जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने अजगर की जानकारी पुलिस और वाइल्डलाइफ एसओएस को दी। सूचना मिलने पर अजगर को रेस्क्यू करने को एसओएस रेपिड रिस्पॉस टीम मौके पर पहुंची, टीम ने देखा कि अजगर जमीन से करीब बीस फीट की ऊंचाई पर बैठा था। टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, रिस्पॉस टीम के दो सदस्य पेड पर चढे और भारी मशक्कत के बाद जान जोखिम डाल अजगर को पकडा। रेस्क्यू ऑपरेशन करीब एक घंटे चले जिसे स्थानीय लोगों ने लाइव देखा। टीम के विशेषज्ञ बैजू राज एमवी ने बताया कि भारतीय रॉक पायथन गैर-विषैले और शक्तिशाली होते हैं। यह मुख्य रूप से जमीन पर रहते हैं, लेकिन अच्छे चढ़ाकू भी होते हैं, चंद मिनट पर पेडों आदि पर चढ जाते हैं। बगैर प्रशिक्षण पकडना इन्हें पकडना बेहद खतरनाक होता है, इससे आम लोगों को दूरी बना कर रखनी चाहिए। अजगर को रेस्क्यू करने के बाद टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद जंगल में छोड दिया।



दर्शकों की तालियां बटोरी

आगरा। सोनी सब अपने आगामी फैमिली सिटकॉम चुड़ैल चली ससुराल के साथ दर्शकों के लिए हँसी, प्यार और जादुई उथल-पुथल से भरा मनोरंजन लेकर आने के लिए तैयार है। यह शो एक प्रिय कहानी को भारतीय अंदाज में पेश करता है, जिसमें रोजमर्रा के पारिवारिक पलों को जादुई और कल्पनात्मक दुनिया के साथ खूबसूरती से जोड़ा गया है। इस दिलचस्प कहानी के केंद्र में हैं अभिनेत्री हिबा नवाब, जो उर्वशी का किरदार निभाती नजर आएँगी। उर्वशी एक प्यारी और दिल जीत लेने वाली चुड़ैल है, जिसकी जादुई दुनिया से शादीशुदा जीवन तक की अनोखी यात्रा दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन लेकर आएगी।

दलित महिला के प्लॉट पर भू-माफियाओं ने किया अवैध कब्जा, उप मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

भोगांव/बेवर (मैनपुरी)। थाना बेवर क्षेत्र के इटावा रोड निवासी एक दलित महिला ने अपने प्लॉट पर दबंगों द्वारा जबरदस्ती कब्जा कर निर्माण करा लेने का आरोप लगाते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त प्रार्थना पत्र में पीड़िता मीना देवी पत्नी राजेन्द्र कुमार, जाति धानुक, निवासी थाना बेवर, तहसील भोगांव की है। पीड़िता का आरोप है कि उसके प्लॉट पर मोहल्ला मिरकचिया, थाना बेवर निवासी रजनेश मिश्रा, उनकी पत्नी अनुभव दुबे व वैभव मिश्रा ने जबरन अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। पीड़िता ने बताया कि उसने इस संबंध में कई बार थाना बेवर में प्रार्थना पत्र दिया है ।पीड़िता कहा है कि वह पुलिस अधीक्षक, और जिलाधिकारी को भी लिखित शिकायत दी लेकिन फिर भी उच्चाधिकारियों के बावजूद लेखपाल से लेकर पुलिस ने उसे न्याय नहीं दिलाया है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसे बताया गया कि यह मामला भोगांव विधानसभा से जुड़ा है और इस कारण कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। पीड़िता का आरोप है कि रसूखदारों प्रभाव के कारण थाना स्तर से लेकर उच्चाधिकारियों तक फोन कर कार्यवाही रोकने के लिए कहा जाता है। प्रार्थिनी ने बताया कि उसकी आर्थिक व पारिवारिक स्थिति काफी खराब है। उसकी पांच बेटियां शादी योग्य हैं, लेकिन आर्थिक तंगी और प्लॉट पर कब्जे के कारण वह बेटियों का विवाह भी नहीं करा पा रही है। आरोप है कि दबंग लोग उसके परिवार को जाति सूचक गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता के अनुसार वह इस मामले में एसडीएम भोगांव, थाना बेवर सहित लगभग 100 बार शिकायत कर चुकी है, लेकिन अनुसूचित जाति की होने के कारण उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

पीड़िता ने उप मुख्यमंत्री से मांग की है कि उसके प्लॉट से दबंगों द्वारा किया गया अनाधिकार कब्जा हटवाया जाए और उसके व उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। प्रार्थना पत्र उप मुख्यमंत्री कार्यालय में 13 अक्टूबर को प्राप्त हो चुका है और इस पर एसडीएम (सदर) को जांच कर कार्रवाई के निर्देश अंकित हैं। इस संबंध में तहसीलदार घासीराम ने बताया कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है फिर भी वह शिकायत मिलने पर स्वयं लेखपाल कानूनगो के साथ मौके जाकर जानकारी करेंगे और समस्या का निस्तारण किया जाएगा।

समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने परखी जनसुनवाई, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

भोगांव। थाना परिसर में शनिवार को आयोजित तहसील स्तरीय समाधान दिवस में जिलाधिकारी इन्द्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक गणेश साहा ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समस्याओं का पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान डीएम इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तय समयसीमा में किया जाए। जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी गणेश साहा ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व और पुलिस से जुड़े संयुक्त मामलों में दोनों विभागों की टीमें मौके पर जाकर जांच करें और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने फरियादियों को शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई का भरोसा दिलाया। समाधान दिवस में राजस्व और पुलिस से संबंधित कई मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतें समयबद्ध कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को सौंप दी गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महाराज सिंह भाटी, थाना भोगांव का स्टाफ, राजस्व निरीक्षक, संबंधित विभागों के कर्मचारी और बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

जसराजपुर में अभिधम्म महोत्सव की तैयारी तेज, पांच हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था

डीएम-एसपी ने हेलीपैड, पंडाल और भोजनालय का निरीक्षण कर दिए निर्देश



भोगांव। ग्राम जसराजपुर स्थित वाईबीएस सेंटर में 26 और 27 अक्टूबर को होने वाले दो दिवसीय अभिधम्म महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शनिवार को जिलाधिकारी इन्द्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक गणेश साहा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम संयोजक सुरेश बौद्ध के अनुसार, 26 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सहित कई अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन में करीब पांच हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाला पंडाल तैयार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हेलीपैड, बैठक स्थल, पंडाल और भोजनालय की व्यवस्थाएं देखीं। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए अलग-अलग टीमों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वयंसेवकों के नियंत्रण की जिम्मेदारी आलोक कुमार और आलोक दीप को दी गई है, जबकि पंडाल, साउंड और लाइट की व्यवस्था अखिलेश कुमार शाक्य और भूरे संभाल रहे हैं। यह आयोजन इंटरनल बुद्धिस्ट फोरम, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान लखनऊ और यूथ बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयासों से किया जा रहा है। इसमें विभिन्न स्थानों से आए स्वयंसेवक सहयोग कर रहे हैं।

घर में अकेली किशोरी से छेड़छाड़ और मारपीट, थाने में तहरीर दर्ज


मैनपुरी (भोगांव): थाना भोगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अरमरसराय में घर में अकेली रह रही 17 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 08 अक्टूबर 2026 को प्राथिनी विमलेश कुमारी पत्नी संतोष शाक्य अपने पति के साथ खेत पर धान काटने गई थीं, और घर पर उनकी 17 वर्षीय पुत्री गौरी अकेली थी। आरोप है कि सुबह करीब 9 बजे गांव का ही रहने वाला ध्रुव सिंह पुत्र रामकिशन राठौर घर में घुस आया और किशोरी को अकेला पाकर गलत नीयत से पकड़ लिया तथा छेड़छाड़ करने लगा। जब किशोरी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ध्रुव सिंह ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ों से मारपीट की। शोर शराबा सुनकर जब आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो आरोपी वहां से भाग निकला।

घटना की जानकारी मिलने पर जब पीड़िता की मां शिकायत करने आरोपी के घर गई, तो आरोपी की पत्नी नीलू ने उनके साथ भी गाली-गलौज की। शुरूआत में बदनामी के डर से मामला थाने नहीं पहुंचाया गया था, लेकिन अब थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी गई है। मामले में थाना प्रभारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अज्ञात कारणों से घरेलू झोपड़ी में लगी भीषण आग

गृहस्थी का सामान और 20 हजार नकदी जलकर खाक



भोगांव/मैनपुरी। क्षेत्र के ग्राम शाहआलमपुर में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसे में गरीब किसान की झोपड़ी जलकर राख हो गई। अज्ञात कारणों के चलते लगी इस भीषण आग से झोपड़ी में रखा हजारों रुपए का सामान और नगदी पलभर में स्वाहा हो गया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार के सामने संकट के बादल मंडरा रहे हैं, वहीं प्रशासनिक स्तर पर नुकसान के आकलन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार की शाम करीब चार बजे अचानक अज्ञात कारणों से ग्राम शाहआलमपुर निवासी दिनेश कश्यप की घरेलू झोपड़ी में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते उसने विकराल रूप धारण कर लिया। झोपड़ी से उठती ऊंची लपटों को देखकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस भयानक अग्निकांड में झोपड़ी के भीतर रखा सारा घरेलू सामान, खाने-पीने का अनाज और 20 हजार रुपए की नकदी जलकर पूरी तरह खाक हो गई। गनीमत यह रही कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे कोई बड़ा जननुकसान नहीं हुआ, लेकिन पीड़ित परिवार की गृहस्थी पूरी तरह उजड़ गई है। घटना की सूचना तुरंत क्षेत्रीय लेखपाल को दी गई। सूचना मिलते ही सक्रिय हुए लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर हुए नुकसान का बारीकी से आकलन किया और अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों (तहसीलदार) को सौंप दी है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को जल्द ही उचित सहायता मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत लगाया गया विशेष शिविर

बेवर। शनिवार को बेवर ब्लॉक क्षेत्र के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष मतदाता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, अपात्र प्रविष्टियों को हटाने और नाम-पते समेत अन्य विवरणों में संशोधन के लिए आवेदन जमा किए गए। क्षेत्रीय लेखपाल बेवर क्षेत्र राजकपूर ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोजित इस अभियान में सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने निर्धारित बूथों पर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक मौजूद रहे। कस्बा स्थित अमर शहीद इंटर कॉलेज बेवर ,आदर्श जनता इंटर कॉलेज,केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय बेवर,जूनियर हाईस्कूल बेवर आदि पर लेखपाल बेवर राजकपूर द्वारा निरीक्षण किया गया जहां समस्त बूथों पर बीएलओ कार्य करते मिले।वहीं कस्बा नवीगंज के डीआरकेपी इंटर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 360, 361 और 362 पर विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में बीएलओ अवधेश नारायण, पूजानरेश शाक्य और उमेश राठौर मौजूद रहे। इस दौरान स्थानीय युवाओं ने आवश्यक अभिलेखों के साथ आवेदन बीएलओ को सौंपे। बीएलओ उमेश राठौर ने बताया कि मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए पात्र नागरिक फॉर्म-6 भर सकते हैं। शिविर में छह नए मतदाताओं का पंजीकरण किया गया, जबकि एक मतदाता के विवरण में संशोधन किया गया।

भूमि कब्जे की शिकायतों पर उसी दिन पहुंचेगी संयुक्त टीम



मैनपुरी/भोगांव। थाना समाधान दिवस में भूमि विवादों के प्रभावी निस्तारण पर जोर देते हुए जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को उसी दिन मौके पर भेजने के निर्देश दिए। शनिवार को थाना भोगांव में पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के साथ जनशिकायतें सुनते हुए उन्होंने कहा कि कार्रवाई में पारदर्शिता और अभिलेखों का रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि शिकायत मिलने पर थाने से राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी जाए। टीम की रवानगी का विवरण थाने की जनरल डायरी (जीडी) में दर्ज हो और लौटने पर की गई कार्रवाई का ब्योरा भी अंकित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि की पैमाइश और अनधिकृत कब्जा हटाने के बाद मौके पर मौजूद दोनों पक्षों के साथ कम से कम दो अन्य व्यक्तियों के हस्ताक्षर भी कराए जाएं। यदि कार्रवाई के बाद दोबारा अवरोध उत्पन्न किया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को भारी मुचलके में पाबंद करने के साथ सुसंगत धाराओं में प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में सार्वजनिक और निजी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतें बड़ी संख्या में मिल रही हैं। राजस्व और पुलिस विभाग आपसी समन्वय से ऐसी शिकायतों का निस्तारण करें। चकरोड, विद्यालय की भूमि, खलिहान, चारागाह, खाद के गड्ढों और तालाब जैसी सार्वजनिक जमीनों पर किसी भी स्थिति में अनधिकृत कब्जा नहीं रहना चाहिए।

सरकारी चकमार्ग पर कब्जा की शिकायत पर राजस्व टीम ने किया चिन्हांकन

सम्पूर्ण समाधान दिवस द्वारा पीड़ित द्वारा की गई शिकायत के बाद हुई कार्यवाही

बेवर। बेवर क्षेत्र के अंतर्गत फरुर्खाबाद मार्ग स्थित एक चकमार्ग को लोगों द्वारा अपने खेतों में मिला लिया गया था।जिससे पीछे के खेतों में जाने वाले पीड़ित खेत स्वामी द्वारा मामले की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में की गई थी।शनिवार को क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर नापतौल के बाद मौजूद चकमार्ग का चिन्हांकन करा दिया गया। मामले के अनुसार कस्बा बेवर के मोहल्ला कुचलिया निवासी रामौतार पुत्र लालता प्रसाद ने उपजिलाधिकारी भोगांव को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया था कि उनका एक खेत फरुर्खाबाद मार्ग पर सरकारी कोल्ड के पीछे गाटा संख्या 1221पर मौजूद है। जहां जाने हेतु चकरोड 1228है।आसपास के लोगों द्वारा उक्त चकरोड को काटकर अपने खेतों में मिला लिया गया है जिससे नहीं खेत तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।जब उक्त कब्जेदारों से कहा तो वे सभी झगड़े को तैयार हो गए।शिकायत के बाद उपजिलाधिकारी पीयूष जायसवाल द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल राजकपूर एवं राजस्व टीम को कब्जा हटवाकर चकमार्ग का चिन्हांकन के आदेश दिए गए।शनिवार को क्षेत्रीय लेखपाल राजकपूर एवं राजस्व विभाग टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर नापतौल कर चकमार्ग का चिन्हांकन किया।

मतदाता सूची सत्यापन में लापरवाही पर सख्त एक्शन, दो बीएलओ को चेतावनी और लेखपाल को नोटिस

मैनपुरी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची से विलोपित मतदाताओं के सत्यापन कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नेशनल इंटर कॉलेज भोगांव और प्राथमिक विद्यालय लल्लूपुर स्थित बूथों का जायजा लिया और अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का सत्यापन कार्य बेहद संवेदनशील व प्राथमिकताओं में शामिल है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। निरीक्षण के दौरान कार्य में ढिलाई बरतने पर: नेशनल इंटर कॉलेज भोगांव के बूथ संख्या-250 के बीएलओ नीरज दीक्षित और बूथ संख्या-251 के बीएलओ नरेंद्र सिंह को चेतावनी जारी की गई। सत्यापन के सुपरविजन में लापरवाही पर लेखपाल राहुल शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश तहसीलदार भोगांव को दिए गए। डॉ. त्रिपाठी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि जो नव-युवक और युवतियां 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उनसे फॉर्म-6 भरवाकर ऑनलाइन कराएं, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

57 साल पुराने पट्टे पर उठे सवाल, एसपी से जांच की गुहार

कासगंज। अमांपुर नगर पंचायत क्षेत्र में सरकारी भूमि पर कब्जे और कथित फर्जी पट्टा तैयार कराने का मामला सामने आया है। नगर निवासी ओमकार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में अस्मत बेगम और उनके परिजनों पर सरकारी भूमि पर बने मकान व दो दुकानों पर अवैध कब्जे तथा कथित फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पट्टा तैयार कराने का आरोप लगाया गया है। प्रार्थना पत्र के मुताबिक, नगर पंचायत ने 28 फरवरी 2026 को नोटिस जारी कर भूमि के संबंध में जानकारी मांगी थी। इसके जवाब में पांच मार्च को 25 जुलाई 1969 के पट्टे की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। शिकायतकर्ता का दावा है कि पट्टे में गाटा संख्या 326/0.055 और 275 वर्ग गज क्षेत्रफल दर्ज है, जबकि वर्तमान खतौनी में गाटा संख्या 326/0.061 अंकित है। ओमकार सिंह ने दस्तावेजों में विसंगतियों और तहसील कार्यालय के अभिलेखागार में पट्टा दर्ज नहीं मिलने का दावा करते हुए जांच की मांग की है। उन्होंने मामले को सरकारी भूमि पर कब्जे से जुड़ा गंभीर प्रकरण बताया।

राम ने वेदों के अनुसार जीवन जीकर स्थापित किए आदर्श- कुलदीप शास्त्री

निवृत्ति' मार्ग अपनाकर लोक-कल्याण को ही माना परम धर्म

88 वें वार्षिकोत्सव में गूंजा वेद-राम का सार



कोसीकला। रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई।" मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन वेदों की शिक्षाओं का मूर्त रूप है। उन्होंने संसार में रहकर भी मोह-माया से ऊपर उठकर 'निवृत्ति' का मार्ग अपनाया और पिता के वचनों के लिए सहर्ष 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया। उक्त उदगार आर्य नगर स्थित आर्यसमाज धर्मशाला में चल रहे आर्यसमाज के 88वें वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य पं. कुलदीप शास्त्री ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि श्रीराम स्वयं ऋग्वेद के अवतार माने गए हैं। कठिन नियमों के कारण जो वेद आम जनमानस के लिए सुलभ नहीं थे,उसे श्री राम ने अपने चरित्र और रामायण की चौपाइयों के माध्यम से सहज बनाकर लोक-कल्याण का आधार बनाया। गुरुकुल शिक्षा पाकर उन्होंने सदैव वैदिक संस्कृति का प्रचार किया। इसके अलावा मंच पर मौजूद प्रसिद्ध वक्ता संजय याज्ञिक ने वेदों को सनातन धर्म का सबसे पवित्र 'ज्ञान' बताते हुए कहा कि शास्त्रों में राम को "रामो विग्रहवान् धर्मः" (धर्म का साक्षात स्वरूप) कहा गया है।वेदों का अंतिम लक्ष्य 'परम ब्रह्म की प्राप्ति' स्वयं राम तत्व में समाया हुआ है। इस दौरान भजनोपदेशक आचार्य डॉ.कपिल मलिक, भजनोपदेशिका श्वेता आर्या और धनीराम बेधड़क ने भजनों के माध्यम से वेदों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा रचित दस नियमों में आत्मिक सार है, जिसका मुख्य उद्देश्य संसार का उपकार करना है। वार्षिकोत्सव के भव्य समापन और जन-जागृति अभियान के तहत आज क्षेत्र की खुशहाली के लिए 21 कुंडीय सुख-समृद्धि महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आर्य जगत के संन्यासी, बालकिशन आर्य, संरक्षक ओमप्रकाश आर्य, प्रधान डॉ. प्रकाश आर्य, मंत्री सुरेंद्र आर्य, विजय आर्य, सत्य प्रकाश आर्य, नरेंद्र आर्य, अजय आर्य, महेश आर्य, नरेश आर्य, योगेश आर्य सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रामलीला में विभीषण शरणागति के साथ रामेश्वर सेतुबंध की स्थापना का हुआ मंचन

बेवर। जयश्रीराम रामलीला कमेटी के तत्वाधान में चल रही रामलीला में शनिवार को विभीषण शरणागति के साथ रामेश्वर सेतुबंध की लीला का मंचन किया गया।कलाकारों के भव्य मंचन से दर्शक भाव विभोर हो गए। रामलीला मंचन में जब विभीषण ने रावण को समझाया कि राम से दुश्मनी त्याग कर सीता माता को वापस राम के पास भेजो तो रावण ने क्रोध में आकर विभीषण को लात मार कर लंका से भगा दिया तो विभीषण राम जी की शरण में आकर अभय हो गया। आगे की लीला में वानरों की सेना समुद्र के पास पहुंची और समुद्र पर नल और नील के साथ समुद्र पर सेतु बांधा। राम जी ने शिव जी की विधिवत पूजन कर रामेश्वर ज्योतिर्लिंग की स्थापना की और वानरों की सेना के साथ सुग्रीव, हनुमान, जामवंत, रामजी और लक्ष्मण के साथ समुद्र पार कर सुमेर पर्वत पर डेरा डाला।पंडित उमेश दुबे द्वारा चौपाइयों के द्वारा किए गए मंचन को समझाया गया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष अनुपम दीक्षित सांवरिया,लकी पांडेय,अन्नू लाल जी दीक्षित,इंद्रपाल यादव,प्रवीन शुक्ला, वीके दुबे,शिवकुमार वर्मा,कुंदनलाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

सीओ भूषण वर्मा ने किया थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण

प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह के साथ परखीं व्यवस्थाएं

ड्यूमुस्तैद होमगार्ड जवानों को बांटे कंबल



कोसीकलां। क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा ने शनिवार को कोसीकलां थाना का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह के साथ थाने की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और प्रशासनिक कामकाज का बारीकी से निरीक्षण किया। सीओ ने थाने के विभिन्न पटलों, मालखाना, शस्त्रागार, आगंतुक कक्ष और महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव को दुरुस्त रखने तथा परिसर की उत्कृष्ट साफ-सफाई संतोष व्यक्त किया।निरीक्षण के दौरान सीओ भूषण वर्मा ने कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लंबे समय से लंबित चल रही विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए उनका समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने को कहा ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। उन्होंने मालखाना व शस्त्रागार की सुरक्षा व्यवस्था को भी परखा और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को हमेशा सतर्क रहने की हिदायत दी।निरीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सीओ भूषण वर्मा व प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मुस्तैदी से ड्यूटी करने वाले होमगार्ड जवानों को सम्मानित किया। आगामी सर्दी के मौसम और कड़ाके की ठंड को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इन होमगार्ड जवानों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए गए। सीओ ने जवानों के सेवाभाव की सराहना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

विकास भवन की तीसरी मंजिल पर दिव्यांगजनों व वृद्धजनों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगाने की कवायद तेज

राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड के सदस्य ने शासन को भेज था पत्र

हाथरस। विकास भवन हाथरस की तीन मंजिला इमारत में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लिफ्ट स्थापित करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के ग्राम्य विकास विभाग की ओर से मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य प्राविधिक परीक्षक, टीएसी, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश द्वारा 22 अक्टूबर 2026 को जारी अनुस्मारक पत्र में विकास भवन की तीसरी मंजिल तक पहुंचने के लिए लिफ्ट स्थापित कराने के संबंध में पूर्व में भेजे गए पत्रों का संदर्भ देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। पत्र के अनुसार, इस संबंध में 25 सितंबर 2026 को जारी निर्देशों तथा जिला विकास अधिकारी, हाथरस द्वारा 16 सितंबर 2026 को भेजे गए पत्र के क्रम में प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था। हालांकि, संबंधित प्रस्ताव पर अब तक जनपद से अपेक्षित आख्या प्राप्त नहीं हुई है। जारी पत्र में मुख्य विकास अधिकारी, हाथरस से निर्देशों के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सक्षम स्तर से हस्ताक्षरित प्रस्ताव तथा निर्धारित चेकलिस्ट के साथ प्राक्कलन भेजने का अनुरोध किया गया है, ताकि आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

बीनपुर में बाबा साहब की नई प्रतिमा स्थापित, प्रशासन ने संभाला मोर्चा

कासगंज। पटियाली थाना क्षेत्र के गांव बीनपुर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की क्षतिग्रस्त प्रतिमा के स्थान पर प्रशासन ने नई प्रतिमा स्थापित करा दी है। प्रशासन ने शाम तक नई प्रतिमा मंगवाई और रात में ही उसे स्थापित करा दिया। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन निगरानी कर रहा है। गुरुवार रात अराजक तत्वों ने बाबा साहब की प्रतिमा की एक उंगली क्षतिग्रस्त कर दी थी। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई। सूचना पर एसडीएम पटियाली सुशांत सांवरे, क्षेत्राधिकारी अमित कुमार और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह गांव पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर नई प्रतिमा स्थापित कराने का आश्वासन दिया था। इसके बाद प्रशासन ने प्रतिमा मंगवाकर स्थापित करा दी। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में प्रतिमा करीब दो वर्ष पहले स्थापित की गई थी। इससे पहले 20 अक्तूबर 2025 को भी प्रतिमा क्षतिग्रस्त की गई थी, जिसके बाद नई प्रतिमा लगाई गई थी। दूसरी बार घटना होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल गांव में स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है और पुलिस प्रशासन पूरे मामले पर नजर रखे हुए है।

सूचना

सूचना-मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में नाम डज है जो कि गलत है। जबकि सही नाम आर्या है। अतः भविष्य में पुत्री का नाम आर्या के नाम से जाना जाये।
विजयराज
39/73, एल नन्दपुरम देवी मार्ग, प्रतापपुरा, आगरा।

सूचना

सूचना-मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में SOMYA दर्ज है। जबकि सही नाम राधिका गोला है। अतः भविष्य में मेरी पुत्री का नाम राधिका गोला के नाम से जाना जाये। ओमपुर गोला
48 लोहामण्डी, सुभाष नगर, शाहगंज, आगरा।

पी.ई.टी. परीक्षा-2026 की तीन दिवसीय परीक्षाये आज से शुरू

- **25 एवं 30 तथा 1 नवम्बर को होगी परीक्षा**
- **10 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन एवं पारदर्शी होगी परीक्षा– तैयारी पूर्ण– डी.एम. एम. अरुन्मोली**

एटा । उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पी.ई.टी..2026 का प्रथम दिवस आज 25 अक्टूबर को जनपद एटा के 10 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाये आयोजित किया जाएगा। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी एम0 अरुन्मोली के निर्देशन में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षाए बैठने की व्यवस्थाए चेकिंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने.अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। परीक्षा दोनों पालियों में आयोग के दिशा.निदेर्शों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी।

तीनों परीक्षा दिवसों में कुल 21,312 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे

परीक्षाओं के लिए राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, वार्ष्णेय इंटर कॉलेज, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, रानी लक्ष्मीबाई इंटर कालेज, अविनाशी सहाय इंटर कॉलेज, क्रिश्चियन एग्रीकल्चर इंटर कॉलेज, प्रिन्टिश गर्ल्स इंटर कॉलेज, रोहन लाल चतुवेर्दी सर्वोदय इंटर कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज लालगड़ी को केंद्र बनाया गया है इस प्रकार तीनों परीक्षा दिवसों में कुल 21,312 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए रिजर्व सहित 11.11 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जनपद में पी.ई.टी. .2026 की परीक्षा 25 एवं 30 अक्टूबर तथा 01 नवंबर 2026 को आयोजित होगी। प्रत्येक परीक्षा दिवस पर दो पालियों में कुल 7,104 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

सुरक्षा एवं चेकिंग की रहेगी प्रभावी व्यवस्था

परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनातीए परीक्षार्थियों की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सघन चेकिंग तथा प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं सामग्री पर रोक सुनिश्चित की जाएगी। अनधिकृत व्यक्तियों का परीक्षा केंद्रों में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्कता एवं आपसी समन्वय के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परिवहन व्यवस्था पर विशेष ध्यान

एटा। परीक्षार्थियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न होए इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जा रही है। परीक्षा के दृष्टिगत कृषि उत्पादन मंडी समिति को भी बंद रखने के निर्देश दिए गए हैंए ताकि परीक्षार्थियों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जाएगी।

जलेसर मे नेत्र चिकित्सा शिविर आज

पीड़ित आये और लाभ उठाये-डा. यती



डा.यतेन्द्र शर्मा यती ।

एटा। डा0 जगदीश नन्दन शर्मा फाउण्डेशन जलेसर के तत्वधान में एक नेत्र जांच चिकित्सा शिविर आज 25 अक्टूबर 2026 दिन.रविवार को प्रातः 10 बजे से जलेसर के स्थान डा जगदीश नन्दन शर्मा हॉस्पीटल, नाला बाजार, पर आयोजित किया जायेगा। चिकित्सा शिविर में आई सर्जन विशेषज्ञ डा शुभम कौशल मुख्य रूप से उपस्थित रह कर मरीजो की विधिवत जांच करेगे। श्रीमती शान्ति देवी शर्मा डा जगदीश नन्दन शर्मा जगदीश नन्दन हॉस्पीटल , शंकर मैडीकल हॉल एवं वर्षा हॉस्पीटल के चिकित्सक डा.यतेन्द्र षर्मा यती ने पीड़ित लोगो से लाभ उठाने की अपील की है। उन्होन बताया कि यह नि:षुल्क चिकित्सा कैम्प जनहित मे लगाया जा रहा है।

सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में योगदान के लिए बीएस यादव को किया गया सम्मानित

एटा। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बीएस यादव संत जी को पर्सनेलिटी ऑफ द ईयर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर एक अक्टूबर को उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया था। शनिवार को पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने शिकोहाबाद के मुहम्मदपुर खेरिया स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मान भेंट किया। इस अवसर पर परिवार के बुजुर्गो को भी सम्मानित किया गया। मुकेश यादव, पूर्व मीडिया प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं जिला संयोजक टीम एडुलीडर्स एटा ने बताया कि संत जी का व्यक्तित्व प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने अनेक लोगों को मार्गदर्शन देकर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया। शिकोहाबाद में वह पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के सहपाठी भी रहे हैं। उनके मार्गदर्शन से कई लोगों को सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

मुकेश यादव ने अपनी शैक्षिक पृष्ठभूमि में भी संत जी के योगदान का उल्लेख करते हुए उनके सानिध्य में बहुत कुछ सीखने की बात कही। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के युवा प्रभारी एवं जिला संयोजक आर्य वीर दल सुशील कुमार नीलू, राष्ट्रकवि सर्जन शीतल, पूर्व प्रदेश महामंत्री लेखपाल संघ हरि सिंह यादव सहित परिवार के सदस्य और बच्चे मौजूद रहे।

मिशन शक्तिः महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों की दी जानकारी

एटा। मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को एटा पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन के निर्देशन तथा एएसपी श्वेताभ पांडेय और एएसपी अपराध सच्चिदानंद के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमों ने गांवों, कस्बों, बाजारों, चैराहों और धार्मिक स्थलों पर अभियान चलाया।

इस दौरान पंपलेट वितरित कर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आत्मरक्षा की जानकारी दी गई। पुलिस ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, वुमेन पावर लाइन 1090 और महिला हेल्पलाइन 181 के उपयोग के बारे में बताया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। महिलाओं को सरकारी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए भी जागरूक किया गया।

दो सड़क हादसे, बाइक सवार गंभीर, भेलपुरी की धकेल पलटी

कैंटर चालक फरार, ट्रैक्टर पुलिस ने पकड़ा- घायल युवक सैफई रेफर



दुर्घटना के बाद सड़क पर पड़ा घायल और क्षतिग्रस्त बाइक।

एटा। जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ट्रैक्टर की टक्कर से भेलपुरी की धकेल पलट गई। हादसे में धकेल पर रखा हजारों रुपये का सामान बर्बाद हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पहला हादसा बागवाला थाना क्षेत्र में एटा-अलीगंज मार्ग पर गोलकुआं, नगला देवी के पास हुआ। यहां कैंटर और अपाचे मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में अलीगंज निवासी 30 वर्षीय शिवनंदन पुत्र वीरपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। शिवनंदन रैपिडो में काम करता है। उसके परिचित दिनेश चंद्र के अनुसार, वह मोटरसाइकिल से लौट रहा था, तभी हादसा हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर एटा मेडिकल कॉलेज से सैफई के उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद कैंटर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

दूसरा हादसा कोतवाली नगर क्षेत्र में रेलवे रोड पर शुक्रवार रात करीब 8रू30 बजे हुआ। यहां ट्रैक्टर की टक्कर से भेलपुरी की धकेल पलट गई और उस पर रखा सामान सड़क पर बिखर गया। दुकानदार बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर भीड़ जुटी रही, हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने सड़क से सामान हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

रामलीला में सीता विदाई से दर्शकों की आंखें हुईं नम

पुष्प वाटिका से धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीलाएं हुईं

एटा/अलीगंज। सर्किल अलीगंज के राजा का रामपुर क्षेत्र के ग्राम रामनगर में 11 दिवसीय रामलीला महोत्सव किया जा रहा है। शुक्रवार-शनिवार की रात करीब 11:30 बजे पुष्प वाटिका से सीता विदाई तक की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों के शानदार अभिनय ने धार्मिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया।रामलीला में सीता विदाई का दृश्य सबसे भावुक रहा। बेटी सीता को विदा करते समय राजा जनक डॉ. राममोहन सिंह का अभिनय जीवंत हो उठा, जिससे कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। पिता-पुत्री के बिछड़ने का यह दृश्य बेहद मार्मिक था।रामलीला की शुरूआत पुष्प वाटिका लीला से हुई। इसके बाद धनुष यज्ञ का मंचन हुआ, जहां भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष तोड़ने पर जयकारों से परिसर गूंज उठा। परशुराम-लक्ष्मण संवाद में कलाकारों के दमदार अभिनय ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।रावण-बाणासुर संवाद में भी कलाकारों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस रामलीला में विश्व प्रताप सिंह फौजी ने श्रीराम, आलोक सिंह ने लक्ष्मण और रितिक सिंह ने सीता का किरदार निभाया।

अब 30 अक्टूबर तक मिलेगा सरकारी राषन

एटा। अक्टूबर 2026 के राशन वितरण की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न देर से मिलने के कारण सभी लाभार्थियों को राशन वितरित करने में कठिनाई हो रही थी। इसी को देखते हुए वितरण की अवधि बढ़ाई गई है। लाभार्थियों को ई-पॉस मशीन से आधार आधारित वितरण के साथ मोबाइल ओटीपी सत्यापन की सुविधा भी मिलेगी। 30 अक्टूबर तक पोर्टेबिलिटी के माध्यम से भी राशन लिया जा सकेगा। राशन संबंधी समस्या या जानकारी के लिए लाभार्थी संबंधित क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं।

अलीगंज तहसील में राजस्व कार्य लंबितः अधिवक्ताओं ने आंदोलन की दी चेतावनी

दाखिल-खारिज, ई-परवाना में देरी और संशोधन कार्य प्रभावित होने का आरोप



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

एटा/अलीगंज। अलीगंज तहसील में राजस्व संबंधी कार्यो में देरी को लेकर अधिवक्ताओं ने तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

बार एसोसिएशन अलीगंज ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। शनिवार को हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने दाखिल-खारिज की पत्रावलियों के लंबित रहने, ई-परवाना जारी होने में देरी और आरसी फीडिंग व संशोधन संबंधी कार्य प्रभावित होने पर नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि इससे वादकारियों को परेशानी हो रही है। अधिवक्ताओं ने बताया कि वे पहले भी उप जिलाधिकारी (एसडीएम) अलीगंज से मिलकर इन समस्याओं से अवगत करा चुके हैं।

एसडीएम ने समय पर काम पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अधिवक्ताओं का कहना है कि हालात नहीं सुधरे हैं। तहसीलदार संजय सिंह ने कहा कि वे रोज सुबह 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई करते हैं। चुनाव संबंधी कार्यो के कारण व्यस्तता रहती है और उन्हें फील्ड में भी जाना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों के निदेर्शों का पालन करने की बात कही।

मारहरा विधायक ने मिठाई खिलाकर समाप्त कराया आशा कार्यकत्रियों का धरना

सरकारी कर्मचारी का दर्जा और 18 हजार रुपये न्यूनतम वेतन की मांगा



आशा कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी।

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र में अपनी मांगों को लेकर पिछले 21 दिनों से धरने पर बैठीं आशा कार्यकत्रियों का आंदोलन मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। विधायक ने आशा कार्यकत्रियों को मिठाई खिलाकर धरना खत्म कराया। इस दौरान कार्यकत्रियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। आपकी आवाज सामाजिक संगठन की प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा देवी के नेतृत्व में आशा कार्यकताओं ने विधायक वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में कहा गया कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख कड़ी हैं और स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके बावजूद उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

आशा कार्यकताओं की प्रमुख मांग है कि उन्हें और आशा संगिनी को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। संगठन ने कहा कि जब तक उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलता, तब तक नियुक्ति की तिथि से 15वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन और सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के आधार पर न्यूनतम 18 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाए। संगठन ने विधायक से उनकी मांगों और समस्याओं को देश की सर्वोच्च विधायी संस्था संसद में उठाने की अपील की, ताकि आशा कार्यकताओं को उनका अधिकार मिल सके।

झोलाछाप डॉक्टर ने मरीज की ली जान

- **गलत इंजेक्शन से हुयी युवक की हुयी मौत**
- **डॉक्टर पर 56 दिन बाद केस दर्ज**



एटा। जसरथपुर थाना क्षेत्र में 32 साल के एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने 56 दिन बाद झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। युवक की मौत कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगाने से हुई थी। मृतक के भाई बिजनेस निवासी नगला उम्मेद थाना जसरथपुर ने आरोप लगाया कि उनके भाई रत्नेश और डॉक्टर ग्रीशचन्द्र से विवाद था। बिजनेस का दावा है कि इसी विवाद के चलते रत्नेश को ग्रीश चन्द्र द्वारा जहरीला इंजेक्शन लगाया गया। पुलिस जांच के बाद ही इन आरोपों की पुष्टि हो सकेगी। रत्नेश की मौत के बाद उनकी पत्नी रीना देवी और चार बच्चों (संध्या 11, सुबंदी 8, मानवी 4, आशिक 6) के सामने पालन-पोषण की दिक्कत खड़ी हो गई है।

परिवार न्याय के लिए 56 दिनों से थाने के चक्कर लगा रहा था। थाना प्रभारी सुबोध कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरोपी डॉक्टर ग्रीशचन्द्र के खिलाफ 23 अक्टूबर की रात मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

अधिवक्ता हत्याकांड को लेकर कायस्थ समाज में आक्रोश

राज्यपाल महोदया को ज्ञापन भेजकर निष्पक्ष जांच, एक करोड़ मुआवजे और परिवार को सुरक्षा देने की मांग



बैठक करते कायस्थ समाज के लोग।

एटा। प्रयागराज में वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की हत्या को लेकर एटा के कायस्थ समाज में भारी आक्रोश है। जिला चित्रगुप्त कल्याण समिति के तत्वावधान में बैठक आयोजित कर हत्याकांड की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई। इस संबंध में राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि 15 अक्टूबर 2026 को प्रयागराज के सलोरी क्षेत्र में अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ज्ञापन में पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा, मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने, परिवार की बेटियों को सरकारी नौकरी देने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष अनुपम जौहरी, महामंत्री अनिल प्रकाश सक्सेना, डॉ. विकास सक्सेना, क्षितिज सक्सेना, आलोक जौहरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार जौहरी एडवोकेट ने किया।

मिरहची के जारथल गांव में बुखार फैला, कई ग्रामीण चपेट में



अस्पताल में भर्ती बुखार से पीड़ित मरीज।

एटा। नगर पंचायत मिरहची के जारथल गांव में बुखार का प्रकोप फैल गया है। गांव में दर्जनों ग्रामीण बुखार की चपेट में हैं। कई घरों में लोग बीमार पड़े हैं, जिससे गांव में चिंता का माहौल है। बीमार लोग आगरा, अलीगढ़ और मिरहची के निजी डॉक्टरों से इलाज करा रहे हैं।

वहीं, गरीब परिवार झाड़-फूंक का सहारा लेने को मजबूर हैं। कई ग्रामीणों को पिछले 10 दिन से लगातार बुखार आ रहा है। निजी डॉक्टर से इलाज के बाद उन्हें थोड़ा आराम मिला है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम एक बार आई थी, पर उनकी दवाओं से किसी को कोई फायदा नहीं हुआ। गांव में बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में बीमार हैं।

स्थिति बिगड़ती जा रही है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि रंजन ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है और सर्वे कराकर इलाज दिलाया जाएगा।

मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस बैच 2026-27 के व्हाइट कोट सेरेमनी-छात्रो ने ली चरक शपथ



व्हाइट कोट सेरेमनी एवं चरक कार्यक्रम को लेकर शपथ लेते हुए विद्यार्थी।

एटा। वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शनिवार को एमबीबीएस बैच 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी एवं चरक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. बलवीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य एवं फैकल्टी सदस्यों ने विद्यार्थियों को व्हाइट कोट पहनाकर चिकित्सा सेवा के प्रति कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और मानवीय संवेदनाओं का संदेश दिया। शरीर रचना विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक पराशर ने विद्यार्थियों को चरक शपथ दिलाई।

प्रधानाचार्य डॉ. बलवीर सिंह ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का संकल्प है। विद्यार्थियों को ईमानदारी, संवेदनशीलता और सेवाभाव को सर्वोच्च स्थान देते हुए अध्ययन करना चाहिए। आदर्श चिकित्सक वही है, जो रोगी के उपचार के साथ उसके प्रति सहानुभूति और सम्मान भी रखता है। व्हाइट कोट विश्वास, जिम्मेदारी और सेवा का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजरी कुमारी ने किया। इस दौरान डॉ. संतोष कुमार संत, डॉ. हेमा वार्ष्णेय, डॉ. प्रशांत भारद्वाज, डॉ. जोगेंद्र कुमार, डॉ. अंकिता शर्मा सहित अन्य फैकल्टी सदस्य, रेजिडेंट और कर्मचारी मौजूद रहे।

मतदाता सूची में गड़बड़ी मिली तो दोबारा होगी जांचः डी.एम. , बूथों का दौरा कर दिए निर्देश



एटा। आगामी चुनाव के लिए मतदाता सूची में नाम, पिता के नाम और पते की गड़बड़ी दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी एम. अरुन्मौली ने शनिवार को बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अगर सूची में कोई गड़बड़ी मिली तो दोबारा जांच की जाएगी। डीएम ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) कोनए नाम जोड़ने और पुरानी गलतियों को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने फॉर्म-6 भरने और उसकी ऑनलाइन एंट्री सही तरीके से कराने की जानकारी ली। डीएम ने जोर दिया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से छूटना नहीं चाहिए। शनिवार दोपहर 1 बजे डी एम ने शिविर का निरीक्षण किया है। जिलाधिकारी ने बीएलओ को नाम और पते की गलतियों को लेकर सतर्क रहने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि विवरणों की ठीक से जांच हो, ताकि मतदाताओं को परेशानी न हो। अधिकारियों केमुताबिक, बीएलओ ने नए मतदाताओं को चिह्नित कर लिया है। फॉर्म-6 के बाद उनके पहचान पत्र जल्द जारी होंगे।

सुभाषित

अपने स्वत्व और अधिकारोंकी रक्षाके लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। अन्यायका प्रतिकार आवश्यक है। पलायन नहीं, पुरुषार्थका चयन करना चाहिए। ❑ **भीष्म पर्व**

चीन का फिर दुस्साहस

यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि अरुणाचलमें चीनसे लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध अब भी जारी है। इसकी आधिकारिक रूपसे पुष्टि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीटी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूरने की है। उन्होंने गुरुवारको स्वीकार किया कि अरुणाचल प्रदेशमें भारतीय और चीनी सैनिकोंके बीच कई स्थानोंपर जुलाईसे जारी तनावकी स्थिति अब भी बनी हुई है। भारत-चीनके सैनिकोंके बीच जुलाईके आखिरमें जिस इलाकेमें आमना-सामना हुआ था, वह बेहद संवेदनशील है। यह अरुणाचल प्रदेशके ऊपरी सुबनसिरी जिलेमें स्थित ताकसिंग-माजा-असफिला सेक्टर है जो भारतकी अग्रिम चौकियों, सैनिकोंकी आवाजाही और सीमापर नियंत्रणसे जुड़ा है। यह पूरा इलाका भारतके लिए बेहद अहम है, क्योंकि ताकसिंग पहुंचने वाली तामा चुंग चुंग-ताकसिंग सड़क सैनिकों, रसद और रक्षा सामग्रीके लिए कठिन पहाड़ी भू-भाग और खराब मौसमके कारण क्षेत्रमें सड़क सम्पर्क मजबूत होना सैन्य तैयारियोंका मजबूत हिस्सा है। इसीलिए चीनकी गिद्ध दृष्टि इस क्षेत्रपर टिकी हुई है, क्योंकि भारत इस क्षेत्रमें मजबूत स्थितिमें है जिससे तनाव बना हुआ है। हालांकि परराष्ट्र मंत्रालयने इस बारेमें स्थिति साफ नहीं की है लेकिन आईटीबीपी महानिदेशकके टकरावके दावेको खारिज भी नहीं किया है। परराष्ट्र मंत्रालयके प्रवक्ताने सफाई देते हुए इतना जरूर कहा है कि जब चीनी सेना गश्तके पहलेसे तय तौर-तरीकोंसे पीछे हटती है तो सीमावर्ती क्षेत्रोंमें स्थिति समय-समयपर बिगड़ जाती है। यह स्थिति भारत और चीन दोनों देशोंके हितोंके लिए शुभ संकेत नहीं है। चीनकी ये हरकतें उसका दुस्साहस है जिसे किसी भी रूपमें स्वीकार नहीं किया जा सकता है। बड़ी बात यह है कि वर्तमानमें भारतीय सीमामें अनेक निर्माण चल रहे हैं। खासकर जरूरी सड़कोंका निर्माण तेजीसे हो रहा है, ऐसेमें चीनकी सक्रियता कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। भारतको पूरी तरह सतर्क रहनेकी जरूरत है और हर स्थितिसे कड़ाईके साथ निबटना होगा। यह विडम्बना ही है कि चीन एक ओर भारतसे दोस्तीकी बात करता है और सहयोगका इरादा रखता है, वहीं दूसरी ओर टकरावकी साजिशें भी रचता है जो उसकी कथनी और करनीको उजागर करता है। द्विपक्षीय सम्बन्धोंके समग्र विकासके लिए सीमावर्ती क्षेत्रोंमें शान्ति और स्थिरता बनाये रखना दोनों देशोंके हितमें है। चीन कभी भी भारतके लिए विश्वसनीय नहीं रहा, इसलिए भारतको फूंक-फूंकर कदम रखना होगा। इस मुद्देपर देशके अन्दर किसी भी प्रकारकी राजनीति नहीं होनी चाहिए।

सुरक्षा मानकोंकी उपेक्षा

बिहारके सिवान जिलेमें पटाखा बनाते समय हुए भीषण विस्फोटने एक बार फिर शासन-प्रशासनकी कार्यप्रणालीपर गम्भीर सवाल खड़े कर दिये हैं। इस हादसेमें आठ लोगोंकी मौतकी आशंका है। विस्फोट इतना भयावह था कि दो मंजिला मकान ढह गया और घरसे करीब दो सौ मीटरकी दूरीतक शवोंके टुकड़े गिरे पड़े थे। तेज धमाकोंकी आवाजसे पूरे इलाकेमें दहशत फैल गयी और लोग जान बचानेके लिए इधर-उधर भागने लगे। यह घटना केवल एक दुर्घटना नहीं है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्थामें सम्भावित लापरवाहीका भयावह उदाहरण है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसी घटनाओंके बाद ही प्रशासनकी नींद क्यों खुलती है? पटाखोंका निर्माण अत्यन्त जोखिमभरा काम है। इसके लिए वैध अनुमति, सुरक्षित भण्डारण, अग्निशमनकी व्यवस्था और निर्धारित मानकोंका पालन आवश्यक है, लेकिन सतत और मजबूत निगरानी तंत्रके अभावमें निर्धारित मानक दम तोड़ देते हैं। क्या नियमित निरीक्षणकी व्यवस्था केवल कागजोंतक सीमित है। देशके विभिन्न हिस्सोंमें पटाखा कारखानोंमें विस्फोट और आग लगनेकी घटनाएं अब आम हो गयी है। हर घटनाके बाद जांच मुआवजे, काररवाई और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करनेके आश्वासन दिये जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। नतीजा यह है कि लापरवाहीकी कीमत आम लोगोंको अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। उन अधिकारियोंकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए जिनकी जिम्मेदारी पटाखा निर्माण और विस्फोटक सामग्रीके भण्डारणपर निगरानी रखना है। शासन-प्रशासनको हादसोंके बाद सक्रिय होनेकी जगह पहलेसे सतर्क रहना होगा। नियमित निरीक्षण, अवैध इकाइयोंपर कठोर कारवाई और सुरक्षा मानकोंका सख्तीसे पालन सुनिश्चित करना जरूरी है। मृतकोंके प्रति सच्ची संवेदना तभी होगी जब ऐसी घटनाओंकी पुनरावृत्ति रोकनेके लिए मजबूत निगरानी तंत्रके साथ ही सम्बन्धित अधिकारियोंकी जवाबदेही तय होगी।

लोक संवाद

महिलाओं के लिए स्थान

महोदय,-कोचीनमें एक कॉन्फ्रेंसके दौरान, एक सुन्नी धर्मगुरुने कथित तौरपर कहा कि उनके धार्मिक ग्रंथ महिलाओंको घरके अन्दर रहनेकी सीख देते हैं और उन्हें सार्वजनिक जगहोंपर लानेसे भारी तबाही मच सकती है। मैंने घबराहटमें बाहर देखा। हर तरफ औरतें ही औरतें थीं। एक महिला बस चला रही थी। दूसरी सर्जरी कर रही थी। तीसरी अदालतमें केस लड़ रही थी। कई औरतें बच्चोंको पढ़ा रही थीं, कम्पनियां चला रही थीं, हवाई जहाज उड़ा रही थीं और जिलोंका प्रशासन संभाल रही थीं। सदियोंसे औरतें बराबरीका इनसान माने जानेके मामूली अधिकारके लिए संघर्ष कर रही हैं। फिर भी, जब भी वे आगे बढ़ती हैं, कोई न कोई धार्मिक किताब उठाता है, उसमेंसे अपनी सुविधाका एक वाक्य निकालता है और उनपर थोप देता है। उस किताबको शायद ही कभी उसके संदर्भको समझनेके लिए खोला जाता है। उसका इस्तेमाल बस एक ईंटकी तरह किया जाता है। पुराने जमानेके कई नियम ऐसे समाजोंमें बने थे, जहां जिन्दगी बिल्कुल अलग थी। पुरुष शिकार करते थे, लड़ाइयां लड़ते थे, खतरनाक इलाकोंसे गुजरते थे और घरसे बाहर रहकर कमाते थे। औरतें आम तौरपर बच्चोंकी सुरक्षा करती थीं और घर संभालती थीं। वे नियम उस दौरके हालातके हिसाबसे थे। लेकिन आज लड़ाइयां सैटेलाइट, कम्प्यूटर, इंटैलिजैंस और टैक्नोलॉजीसे लड़ी जाती हैं। औरतें सेनामें सेवा देती हैं, हवाई जहाज उड़ाती हैं, मिसाइलें डिजाइन करती हैं और सरकारें चलाती हैं। अब शारीरिक ताकत यह तय नहीं करती कि समाजमें कौन योगदान दे सकता है। दिमाग तय करता है। शायद यही बात कुछ पुरुषोंको डराती है। एक पढ़ी-लिखी औरत सवाल कर सकती है। एक आजाद औरत अन्यायके खिलाफ आवाज उठा सकती है। एक आत्मविश्वाससे भरी औरत यह पूछ सकती है कि जो पुरुष उसे धर्मग्रंथोंका हवाला दे रहा है, उसने कभी उन बातोंका जिक्र क्यों नहीं किया, जिनमें दया, न्याय, विनम्रता और संयम बरतनेकी सीख दी गयी है। धर्मको लोगोंको ऊपर उठाना चाहिए, न कि उन्हें कमरोंमें बंद करना चाहिए। हर धर्ममें सम्मान, करुणा और न्यायके बारेमें सुन्दर बातें कही गयी हैं। लेकिन जब धर्मग्रंथोंको उनके संदर्भसे अलग करके पुरुषोंके विशेषाधिकारको बनाये रखनेके लिए इस्तेमाल किया जाता है तो इससे धर्म मजबूत नहीं होता। इससे धर्म ऐसा लगने लगता है जैसे वह ज्यादती करने वालोंका साथ दे रहा हो। ऐसी बातें इसलिए भी खतरनाक हैं क्योंकि ये उन परिवारोंपर असर डालती हैं, जहां शिक्षा कम है। एक कंट्रोल करने वाला पति इन्हें सुनकर सोचता है कि उसके बर्तावको परमात्माकी मंजूरी मिल गयी है। एक डरी हुई बेटीको पढ़ाईसे रोक दिया जाता है। एक काबिल पत्नीको काम करनेसे रोका जाता है। जुल्मको अचानक धार्मिक भाषा मिल जाती है। यदि महिलाओंके सार्वजनिक जगहोंपर आनेसे भारी तबाही होती है तो शायद जो चीज तबाह हो रही है, वह समाज नहीं, बल्कि पुरुषोंका दबदबा है। और प्यारे पाठ्को, यह तबाही तो जश्न मनाने लायक हो सकती है। तो सज्जनों, महिलाओंको घरपर रहनेके लिए कहनेसे पहले, याद रखें कि आपकी जान बचाने वाला डाक्टर, आपके अधिकारोंकी रक्षा करने वाला जज या आपका प्लेन उड़ाने वाला पायलट कोई महिला हो सकती है और यदि इससे भी आपको परेशानी होती है तो शायद आपको ही घरपर रहना चाहिए। - दिलशाद बेगम, वाया ईमेल।

सियासी दलों को सर्वोच्च संदेश

सुप्रीम कोर्टने साफ कर दिया है कि वह राजनीतिक दलोंकी सत्ताको लेकर चल रही मारामारीके बीच अखाड़ा नहीं बनेगा। सुप्रीम कोर्ट सिर्फ कायदे-कानून और संविधानके दायरेमें रहकर ही काम करेगा। यह संदेश सुप्रीम कोर्टने तमाम राजनीतिक दलोंको दिया, जो सर्वोच्च न्यायालयके जरिये राजनीतिक फायदा उठानेका प्रयास कर रहे हैं।

❑ **योगेन्द्र**

सुप्रीम कोर्टके बारेमें कोई गलतफहमी या अफवाह फैले, इससे पहले ही मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांतने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए पत्रकार वार्ता आयोजित की। सीजेआईने यह कदम इसलिए उठाया कि नेता कहीं बातका बतंगड़ नहीं बना दे और उसमें सुप्रीम कोर्टको इसमें नहीं घसीट लें। लोकसभामें विपक्षके नेता राहुल गांधी और राज्यसभामें विपक्षके नेता मल्लिकार्जुन खरगेने प्रधान न्यायाधीशको पत्र लिखकर मुलाकातका समय मांगा था कि वे उन्हें एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे, जिसमें वोट चोरी रोकने, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफे, मतदाता सूचीके एसआईआरको रोकने और पुनः मतपत्र प्रणालीपर लौटनेकी मांग की गयी थी। सुप्रीम कोर्टके मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांतने यह मांग यह कहते हुए ठुकरा दी कि यदि सुनवाई चाहते हो तो रिट याचिका दायर करो। सीजेआईने राहुल गांधीके आधिकारिक ईमेलके जवाबमें कहा कि इस तरहकी मुलाकात उचित नहीं होगी, क्योंकि जिन मुद्दोंपर चर्चाकी मांग की गयी है, वे पहलेसे ही सुप्रीम कोर्टमें विचाराधीन हैं।



सीजेआई सूर्यकांतने स्पष्ट किया कि संवैधानिक व्यवस्थाके तहत सुप्रीम कोर्ट, प्रशासनिक स्तरपर सरकारके कामकाजमें दखल नहीं दे सकता, हालांकि नेताओंको अपने मौलिक अधिकारोंकी रक्षाके लिए न्यायिक पक्षमें अदालतका दरवाजा खटखटानेकी छूट है। सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें एक दो बार ही ऐसा हुआ है जब सुप्रीम कोर्टकी तरफसे मीडियाके जरिये कोई जानकारी दी गयी है। अक्सर मीडिया ही सुप्रीम कोर्टके फैसलों और सुनवाईकी जानकारी देता है। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में जजों द्वारा सीधे प्रेस कॉन्फ्रेंस करनेका सबसे चर्चित मौका १२ जनवरी २०१८ को आया था।

इसीके साथ सीजेआईने दूरदर्शिता अपनाते हुए अगले ही दिन प्रेस कांफ्रेंस करके स्थिति स्पष्ट कर दी, ताकि राजनीतिक दल उसकी बातोंका गलत मतलब नहीं निकाल पायें और सुप्रीम कोर्टको राजनीतिक विवादमें नहीं घसीट सकें। सीजेआई सूर्यकांतने यह भी स्पष्ट किया कि संवैधानिक व्यवस्थाके तहत सुप्रीम कोर्ट, प्रशासनिक स्तरपर सरकारके कामकाजमें दखल नहीं दे सकता, हालांकि नेताओंको अपने मौलिक अधिकारोंकी रक्षाके लिए न्यायिक पक्षमें अदालतका दरवाजा खटखटानेकी छूट है। सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें एक दो बार ही ऐसा हुआ है, जब सुप्रीम कोर्टकी तरफसे मीडियाके जरिये कोई जानकारी दी गयी है, वरना तो मीडिया ही सुप्रीम कोर्टके फैसलों और सुनवाईकी जानकारी देता है। भारतीय सुप्रीम कोर्टके इतिहासमें जजों द्वारा मीडियासे सीधे संवाद करने या प्रेस कॉन्फ्रेंस करनेका सबसे चर्चित मौका १२ जनवरी २०१८ को आया था। सुप्रीम कोर्टके चार वरिष्ठ न्यायाधीशों जस्टिस जे. चेलामेश्वर, जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस मदन बी. लोकूर और जस्टिस कुरियन जोसेफने एक ऐतिहासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। भारतीय न्यायिक इतिहासमें यह पहला अवसर था जब वर्तमान जजोंने इस तरह मीडियाको संबोधित किया था। इन जजोंने तबके मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रके खिलाफ रोस्टर और प्रशासनिक कामकाजको लेकर सार्वजनिक सवाल उठाये थे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट अपनी अधिकांश जानकारी और फैसले आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों, अपनी वेबसाइट और सुनवाईके जरिये ही साझा करता है। हालके दौरमें अदालतने न्यायिक कार्यवाहीके लाइव-स्ट्रीमिंग और उसके डिजिटल क्लिप्सके कमर्शियल इस्तेमालको लेकर भी कड़े नियम तय किये हैं। सीजेआई सूर्यकांतने मीडियाके सामने स्पष्ट किया था कि मुझे कल बैठकके अनुरोधके संबंधमें एक पत्र मिला था। मैंने कल रात ही उसका जवाब दे दिया था, जिसमें उन कारणोंका उल्लेख किया गया था कि मैं क्यों नहीं मिल पाऊंगा। सीजेआईने आगे कहा, सुप्रीम कोर्टके दरवाजे सभीके लिए खुले हैं।

किसी भी आम नागरिक या निर्वाचित निकायके सदस्यकी किसी भी याचिकाका स्वागत है। हर भारतीय नागरिकको अदालतका दरवाजा खटखटानेका अधिकार है। हम उनकी चिन्ताओंको सुनेंगे और कानूनके तहत जो भी उचित होगा, वह करेंगे। सुप्रीम कोर्टसे स्थिति स्पष्ट होनेके बाद इंडिया गठबंधनके दलोंके पास अपनी मांगोंको लेकर कानूनी प्रक्रिया अपनानेका एक ही रास्ता बचा था, वह था रिट याचिकाके जरिये न्याय का तकाजा। इंडिया गठबंधनके नेताओंने सुप्रीम कोर्टतक पैदल मार्च निकाला और रिट याचिका दायर की, जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत ११ विपक्षी नेता याचिकाकर्ता हैं। इसमें चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको पार्टी बनाया गया है। दरअसल इससे पहले सीजेआईसे अकेले ही मुलाकातकी मांग करके कांग्रेसने यह साबित करनेकी कोशिश की थी, इंडिया गठबंधनका नेतृत्व वही करती है। बाकी सब उसके पीछे हैं, किन्तु सीजेआई द्वारा मिलनेसे इनकार करनेसे कांग्रेसको अपने दावमें सफलता नहीं मिल सकी। जब सीजेआईने मिलनेसे इनकार कर दिया और कानूनी तरीका अपनानेकी सलाह दी, तब गठबंधनके बाकी नेताओंको भी साथ लेकर याचिका दायर की गयी। सुप्रीम कोर्टने जाहिर कर दिया कि गैर-कानूनी और गैर-संवैधानिक तरीकेसे इंडिया गठबंधनके नेताओंके मंसूबे कामयाब नहीं होने देगा। जो भी करेगा संविधानके दायरेमें करेगा, अन्यथा सुप्रीम कोर्टकी साखपर भी बट्टा लग सकता है। यह भी निश्चित है कि कांग्रेस और विपक्षी दलोंको कोई खास सफलता सुप्रीम कोर्टसे हाथ नहीं लगने वाली, सिवाय एसआईआरमें कुछ प्रशासनिक आदेश निर्देशके, क्योंकि ज्ञानेश कुमारको हटाया नहीं जा सकता, उन्हें संविधानका संरक्षण प्राप्त है। केवल संसदमें महाभियोगके जरिये ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमारको हटाया जा सकता है, वह इसलिए पूरा नहीं होगा कि संसदमें मोदी सरकारका बहुमत है। इससे पहले भी राजनीतिक इरादोंको पूरा करनेके विपक्षी दलोंके मंसूबोंपर सुप्रीम कोर्ट पानी फेर चुका है। नवम्बर २०२४ में सुप्रीम कोर्टने देशमें चुनावोंमें धांधलीका आरोप लगाने वाली एक जनहित याचिकाको खारिज कर दिया था। पीठने कहा था कि जब आप चुनाव जीतते हैं तो ईवीएमसे छेड़छाड़ नहीं होती। जब आप चुनाव हार जाते हैं तो छेड़छाड़ हो जाती है। कोर्टने याचिकाकर्तापर तीखा व्यंग्य करते हुए पूछा कि ये याचिका दायर करने संबंधित आपको शानदार विचार कैसे मिला। इसी तरह सुप्रीम कोर्टने अप्रैल २०२३ में १४ विपक्षी दलोंकी सीबीआई और ईडीकी काररवाईके लिए नेताओंके लिए अलगसे गाइडलाइंस बनानेके निर्देश देनेसे इनकार कर दिया था। कोर्टने कहा था कि विपक्षी नेताओंके खिलाफ ईडी और सीबीआईके ज्यादा केस दिखाने वाले आंकड़ोंके आधारपर केवल नेताओंके लिए गाइडलाइनकी मांग नहीं कर सकते हैं। उन्हें अभियोजनसे कोई छूट नहीं मिलती है। कोर्टने कहा कि नेता आम नागरिकोंके बराबर ही होते हैं। इसके बाद कोर्टने याचिकाको वापस लेनेकी अनुमति दे दी। राजनीतिक दलोंके मामलेमें दूरी बनाये रखनेके सुप्रीम कोर्टके नजरियेसे साफ है कि इंडिया गठबंधनको अपने राजनीतिक मुद्दोंकी लड़ाई जनताकी अदालतमें लड़नी होगी। सत्ता किसे देनी है और किसे नहीं, इसका फैसला मतदाता ही करेंगे।

मामूली अपराधकी सजा मृत्युदण्ड?

पिछले सप्ताह सऊदी अरबमें दो बंगलादेशी नागरिकोंको बिना किसी गहन न्यायायिक विचारणके ही मृत्यदण्ड दे दिया गया। इसे फांसी या मृत्युदण्ड कहना समझमें नहीं आता। यह सीधे राज्य प्रायोजित हत्या है।

❑ **हृदयनारायण दीक्षित**

मनुष्य हजारों वर्षसे समाज बनाकर चल रहा है। इसीलिए मनुष्यको सामाजिक प्राणी भी कहा जाता है। समाज का निर्माण सौ-दो सौ साल पुरानी घटना नहीं है। मनुष्यने समाज रचा। समाजके सदस्योंने अपने लिए आचार संहिता बनायी। प्राचीन कालमें स्वयं अपनी गढ़ी आचार संहिताको लेकर उसने समाजका संचालन किया। सामाजिक अनुबंध सिद्धांतके जन्मदाताओंमें हॉब्सका नाम बहुत पुराना है। उन्होंने लिखा है कि प्रारम्भमें व्यवस्था अराजक थी। उन्होंने इसे प्रकृतिकी स्थिति माना। अनुमान है, उन्होंने उसी अराजक व्यवस्थासे मुक्त होनेके लिए एक सामान्य शपथपत्र या एफिडेविट दोहराया होगा। हॉब्सके ग्रंथ 'लेवियाथन' में शपथपत्रमें लिखा गया है, मैं अपने ऊपर शासन करनेका अधिकार इस एक मनुष्य या मनुष्योंकी इस सभाको देता हूं और इसे अधिकृत करता हूं, इस शर्तपर कि तुम भी अपने ऊपर शासन करनेका अधिकार इसी मनुष्य या मनुष्योंकी इस सभाको अर्पित करो। इसके सभी कार्योंको इसी रूपमें स्वीकार करो। समाजके जन्म और विकासका अध्ययन करने वाले अधिकांश विद्वानोंने समाजके जन्मके संदर्भमें लगभग यही विचार व्यक्त किये हैं। उत्तर वैदिक कालमें कथा है कि समाजकी दशा अराजक हो गयी थी। अराजकतासे पीड़ित लोग मनुके पास गये। उन्होंने मनुसे शासक हो जानेकी प्रार्थना की। मनुने इनकार किया। इस काममें एकत्रित सभी लोगोंने प्रस्तावित शासक-प्रजाको खेती की उपजका एक भाग देते रहने और आज्ञा मानते रहनेका आश्वासन दिया। मनु शासक बननेको तैयार हो गये।

समाजमें शांति व्यवस्था बनाये रखनेका काम नेशन स्टेटका होता है। शासन व्यवस्थाके संचालनमें सबसे खास बात है दण्ड। दण्ड देनेकी व्यवस्थाके चलते अपराध घटते बढ़ते रहे। देश कालके अनुसार दण्डका स्वरूप भिन्न-भिन्न तरहका था। गुप्त शासकोंके शासनमें उच्च कोटिकी प्रशासनिक व्यवस्था थी। उस समय भारतीय दण्ड व्यवस्थाके कानून भी सरल और उदार थे। अपराधोंकी गुणताके आधारपर दण्ड दिया जाता था। प्राण दण्ड नहीं दिया जाता था। चीनी यात्री फाह्यानने यहांके शासनकी प्रशंसा की है। भिन्न-भिन्न राजाओं, तानाशाहों, बादशाहोंने अपने अपने ढंगसे दण्ड व्यवस्थाको लागू करनेका उपक्रम किया है। दण्ड कई प्रकारके होते हैं। लेकिन प्राणदण्ड हमेशा ही बहसका मुद्दा रहा है। प्राण प्रकृतिका उपहार हैं। शान्ति व्यवस्था बनाये रखनेके लिए शासक अर्थदण्ड, कारागार जैसे दण्ड देते रहे हैं। भारतके राष्ट्रजीवनमें प्राणदण्डको अच्छा नहीं माना जाता। प्राणदण्ड वैसे भी बहसका विषय है। एक पक्ष चाहता है कि प्राणदण्ड न दिया जाय। दूसरा पक्ष आतंकवादी घटनाओं जैसे अपराधोंमें प्राणदण्ड देनेको पक्षधर है। लेकिन मनुष्यका जीवन प्रकृतिका असाधारण उपहार है। दुनियाके ११२ देश अपने यहां प्राणदण्डकी व्यवस्था खत्म कर चुके हैं। जान पड़ता है कि इसीके समानांतर सऊदी अरब, कुवैत, कतर आदि देशोंमें प्राणदण्डकी घटनाएं बढ़ रही हैं। भारतकी स्थिति अलग है। यहां संविधान (अनुच्छेद २१) में साफ-साफ कहा गया है कि किसी भी व्यक्तिको विधिक कार्यवाहीके बिना प्राण और दैहिक स्वतंत्रतासे वंचित नहीं किया जायगा। जहां भारतमें दण्डात्मक कार्यवाहीके प्रयोगमें अतिरिक्त सतर्कता बरती जाती है, वहीं पिछले सप्ताह सऊदी अरबमें दो बंगलादेशी नागरिकोंको बिना किसी गहन न्यायायिक विचारणके ही मृत्यदण्ड दे दिया गया। इसे फांसी या मृत्युदण्ड कहना समझमें नहीं आता। यह सीधे राज्य प्रायोजित हत्या है। फांसी दी गयी। उनके घर वालोंको भी सूचित नहीं किया गया। किसी भी स्तरपर उसका अपराध नहीं बताया गया। दोनों बंगलादेशी थे और रोजगारके सिलसिलेमें सऊदी अरब गये थे। नजरुल इस्लाम और स्वीटी अख्तरको मक्काकी एक मस्जिदमें 'गम्भीर अनैतिक कृत्य' का दोषी बताया था। यह सजा इस्लामी शरिया कानूनके तहत न्यायधीशके विवेकाधिकार (ताजीर) से दी गयी। इस घटनाकी पहलेसे कोई सूचना न मिलनेके कारण बंगलादेश सरकारने सऊदी अरबसे आधिकारिक स्पष्टीकरण मांगा है।

अपराधकी गुरुताके अनुसार ही दण्ड दिये जाते हैं। लेकिन सऊदी अरब, बहरीन, कतर आदिमें अपराधकी गुरुतापर सम्यक विचार नहीं होता। ऐसे देशोंमें इस्लामिक कानून-शरियाके अनुसार किसी भी व्यक्तिका जीवन छीन लिया जाता है। हमारे पड़ोसी पाकिस्तानमें ईशनिन्दा कानून है। इस्लामिक शरीयामें अल्लाह और उसके पैगम्बर एवं कुरानकी कथित निन्दापर प्राणदण्डका प्राविधान है। पाकिस्तानमें कोई भी व्यक्ति किसी भी व्यक्तिपर ईश निन्दाका आरोप लगाता है। न्यायायिक विचारण होता है और उसे मृत्युदण्ड दे दिया जाता है। बंगलादेशी नागरिकोंके प्राणदण्ड घोषित करने और उसे क्रियान्वित करनेमें अनावश्यक रूपसे जल्दबाजी की गयी है। अंधविश्वासको ही राजधर्म मानना और इसी आधारपर अपने ही नागरिकोंको मारते जाना मानवताके प्रति अपराध है। विश्व स्तब्ध है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं ऐसे प्राणदण्ड व्यवस्थाको लेकर असहाय दिखायी पड़ती हैं। यह विषय गम्भीर है। इसपर संयुक्त राष्ट्र सहित सभी मंचोंपर विमर्श करना चाहिए। जीवनका अधिकार मौलिक है। यह मनुष्य प्रदत्त नहीं है। इसपर बहसकी गुंजाइश है। सवाल उठते हैं कि व्यक्तिके मौलिक अधिकारोंकी तरह राष्ट्र राज्यके भी अधिकार क्यों नहीं हो सकते। कोई व्यक्ति अपने मौलिक अधिकारकी आड़में राष्ट्र राज्यके अस्तित्वके लिए ही खतरा बन सकता है। तब राष्ट्र राज्य भी व्यक्तिकी तरह अपनी आत्मरक्षाके लिए यथावश्यक कार्रवाई करेगा। सभी राष्ट्रोंको ऐसे खतरनाक मौकोंपर काररवाई करनेके लिए स्थापित कठोर विधिकी व्यवस्था करनी चाहिए। ऐसी विधि पारदर्शी हो। आरोपीको अपना स्पष्टीकरण देनेके लिए पर्याप्त अवसर देती हो। दुख इस बातका है कि सऊदी अरबके ताजे मामलेमें ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।



परमात्माका सानिध्य

❑ **ओशो**

परमात्मामें हम हैं, परमात्मासे बिलकुल दूरी नहीं है। उसीमें पैदा हुए हैं, उसीमें जी रहे हैं तो पता नहीं चलता उसका। वायुमंडलका ही उदाहरण ले लो। चारों तरफसे हम उससे घिरे हुए हैं, क्या उसका अहसास होता है हमें। पता चलता है। नहीं चलता पता। ऐसे ही परमात्मासे हम घिरे हुए हैं, परमात्माका पता नहीं चलता। तो उसकी कृपाका भी पता नहीं चलता। जैसे हम किसीके प्रेममें होते हैं तो वह व्यक्ति आपको सिर्फ फूल लाकर दे तो आपके लिए बहुत बड़ी संपदा हो गयी वह। आपका जीवन ही खिल जाता है। आपका जीवन ही उस फूलकी सुगंधसे भर जाता है और प्रेम जब संबंध बन जाता है तो क्या कुछ नहीं किया जाता एक-दूसरेके लिए। क्या पता चलता है। क्या हम धन्यवादसे भरते हैं। क्या कुछ अहसास हो पाता है फिर। नहीं हो पाता। प्रेममें अहसास हो रहा था कि अगला व्यक्ति हमारे लिए क्या कर रहा है। संबंध बना अहसास खत्म हो गया। हमारे शरीर स्वस्थ है, हम इस संसारमें जी पा रहे हैं भली-भांति। क्या-क्या खजाना दिया है इस शरीरमें प्रभुने। परमात्माका द्वार भी दिया है इसीके भीतर। इसी घटके भीतर, इसी देहके भीतर सब कुछ उसने दे दिया और चैतन्य भी दिया जो कि सब कुछ महसूस करता है। वह अंतर्यामी यहीं बैठा हुआ है आकर और क्या चाहिए तो कितनी बड़ी कृपा है उसकी। हमें क्यों कृपा महसूस नहीं होती, क्योंकि अभी हम भक्त नहीं हुए। भक्ति आयी नहीं है अभी। इसको ऐसे समझो। भक्ति क्या है। कैसे हम परमात्माके कितने-कितने निकट हो गये, कितने हम करीब होते जा रहे हैं परमात्माके यह भक्ति है। हमारी दूरी, हमारा फासला परमात्मासे कम होता जा रहा है। एक बच्चा है वह अपने माता-पिताके पास बड़ा होता है। माता-पिता क्या कुछ नहीं करते बच्चेके लिए। आप सभी माता-पिता हैं, जानते हैं, लेकिन बच्चे बड़े होकर या उस समय क्या वह धन्यवाद महसूस करते हैं। क्या वह कृपा महसूस करते हैं माता-पिताकी करते हैं क्या। नहीं करते। क्योंकि वह इतने शुरूसे साथ रहते हैं, वहीं जन्म लिया साथ रहते-रहते वह संवेदना ही नहीं है, लेकिन वह अहसास ही नहीं बचा। क्योंकि वह अधिकार मान लेते हैं। ऐसे ही परमात्मामें हम हैं। परमात्मामें हम हैं तो इसलिए हमें पता ही नहीं चलता कि परमात्मा हमारे लिए क्या कर रहा। कहते हैं कि हर चीजके पीछे कोई न कोई अदृश्य शक्ति छिपी होती है, लेकिन हम उसे पहचान नहीं पाते।

प्रसिद्धि पाने के चक्कर में कानून को चुनौती

❑ **रोहित माहेश्वरी**

देशमें संघटित अपराध और गैंगस्टरोंकी बढ़ती गतिविधियां कानून-व्यवस्थाके लिए एक चुनौती बन चुकी हैं। हालके महीनोंमें साबरमती जेलमें बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोईके सिंडिकेट और अन्य आपराधिक गिरोहोंने देशके कई राज्योंमें सुरक्षा एजेंसियोंकी नाकमें दम कर रखा है। फिल्म अभिनेताओं, राजनेताओं और व्यापारियोंको निशाना बनाकर सरेआम की जा रही फायरिंग और हत्याकी वारदातोंने शासन-प्रशासनके इकबालपर बड़े सवाल खड़े किये हैं। बीते दिनों बालीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफपर हुआ हमला इसका हालिया उदाहरण है। जो बताता है कि गैंगस्टर कैसे कानून व्यवस्थाको खुलेआम चुनौतियां दे रहे हैं। पहले भी सलमान खान एवं रोहित शेट्टी जैसे सितारे और फिल्म निर्माता गैंगस्टरोंके निशानेपर रहे हैं। जो बताता है कि महाराष्ट्रकी राजधानी मुंबईमें अब भी संघटित अपराध कानून व्यवस्थाके लिए गम्भीर चुनौती बने हुए हैं। यह सराहनीय है कि मुंबई पुलिसकी खुफिया सूचनाओंकी मददसे कोटा रेलवे स्टेशनसे तीन संदिग्ध हमलावरोंको राजस्थान पुलिसने गिरफ्तार कर लिया है। टाइगर श्रॉफकी कारपर गोलीबारीके बाद सबसे पहला सवाल यही था कि क्या बॉलीवुडमें अंडरवर्ल्डका पुराना खौफ लौट रहा है। क्या यह हमला बॉलीवुडमें अंडरवर्ल्डके पुराने खौफकी वापसीका संकेत है या इसे एक अलग घटनाके तौरपर देखा जाना चाहिए।

देशमें कानून-व्यवस्थाके समांतर अपराधकी सत्ता चलाने वाले गिरोहोंका इतिहास पुराना रहा है। बेशक समयके साथ अपराधी संघटनोंके नामकरण और अपराधके तौर-तरीके जरूर बदले हों, लेकिन उनका खौफ गाहे-बगाहे बना रहा। कभी मुंबई हाजी मस्तान और दाऊदसे लेकर छोटे राजनके गैंगवारकी साक्षी रही है। अब वहां नये सिरेसे गैंगस्टरोंका दखल बढ़ रहा है। निस्संदेह, इन मामलोंको महज धमकियों और जबरन वसूली तथा हिंसाकी इक्का-दुक्का घटनाओंके रूपमें नहीं देखा जाना चाहिए। वास्तवमें ये समाजमें लगातार गहरी होती जाती एक गम्भीर समस्याके लक्षण हैं। यदि समय रहते ऐसे गैंगस्टरोंकी कमर नहीं तोड़ी जाती तो वे समाजमें रक्तबीजोंकी तरह लगातार बढ़ते जायंगे। उनकी प्रतिद्वंद्विताका खामियाजा कालांतर कानून-व्यवस्था बाधित होनेसे समाजको ही भुगतना पड़ेगा।

पुलिसकी शुरुआती जांचसे पता चला है कि इस हमलेके संदिग्ध हमलावरोंमेंसे एकका संबंध लॉरेंस बिश्नोई गिरोहके कथित साथीसे है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर सुर्खियोंमें आये लॉरेंस बिश्नोई साल २०१५ से जेलमें बंद है। ऐसेमें सवाल उठता है कि कड़ी पुलिस सुरक्षामें जेलमें बंद लॉरेंस बिश्नोईका नाम गाहे-बगाहे विभिन्न अपराधोंमें संलिप्तताके रूपमें कैसे उछाला जाता है। भारत ही नहीं, उसके साथी यूरोप एवं अमेरिकामें सक्रिय बताये जाते हैं। अमेरिकामें उसे अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर गिरोहके रूपमें चिह्नित किया जाता है। कुछ समय पहले उसके करीबी सहयोगियोंमेंसे एक, करमवीर सिंहको कनाडासे डिपोर्ट किया गया था। पिछले महीने पंजाब पुलिसने उसे गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी ओर लॉरेंस बिश्नोईके भाई अनमोलको नवंबर २०२५ में अमेरिकासे डिपोर्ट किया गया था। उसके उपरांत नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआईएने उसे गिरफ्तार कर लिया था। दरअसल यह मामला आपराधिक गिरोहों और आतंकी समूहोंके बीच सांठगांठसे जुड़ा बताया जाता है। केन्द्रीय स्वराष्ट्र मंत्रालयने सुरक्षा कारणों और लोक-व्यवस्थाका हवाला देते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा ३०३ लागू की है, जिसके तहत लॉरेंस बिश्नोई जैसे अपराधियोंको गुजरातकी साबरमती जेलसे बाहर ले जाने या मुंबई पुलिसकी प्रत्यक्ष कस्टडीमें देनेपर रोक है। इस वजहसे जांच एजेंसियां केवल जेलके अंदर ही पूछताछ कर पा रही हैं, जिससे बड़ी साजिशोंका पूरी तरह पर्दाफाश करनेमें बाधा आ रही है। विपक्षी दल सरकारपर संघटित अपराधपर लगाम लगानेमें विफल रहनेका आरोप लगा रहे हैं।

गैंगस्टरोंके इस बढ़ते दुस्साहसको कुचलनेके लिए कड़े कानूनी कदम भी उठाये जा रहे हैं। जिसके तहत उत्तर प्रदेश और अन्य राज्योंमें आपराधिक गिरोहोंकी संपत्तियोंको जब्त करने, कड़े जुर्माने और दस-दस सालकी कठोर कारावासकी सजा जैसे कदम उठाये जा रहे हैं। सर्वोच्च अदालत भी गैंगस्टर कानूनोंकी संवैधानिक वैधता और संघटित अपराधोंसे निबटनेके प्रावधानोंकी समीक्षा कर रही है, ताकि पुलिस एवं प्रशासन बिना किसी कानूनी अड़चनके इन असामाजिक तत्वोंपर शिकंजा कस सके।

गैंगस्टरों और अपराधियोंपर पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियां लगातार कारवाई कर रही हैं। बावजूद इसके गैंगस्टर अपनी हरकतोंसे बाज नहीं आ रहे। जानकारोंकी माने तो देशमें गैंगस्टरों और संघटित अपराधके बढ़नेके पीछे तकनीक, आर्थिक लालच, बेरोजगारी और सोशल मीडियाका बड़ा हाथ है। आजकल गैंगस्टरों द्वारा किये गये अपराध या धमकियोंको सोशल मीडियापर खुलेआम पोस्ट किया जाता है। इससे कम उम्रके युवाओंमें यह आकर्षण पैदा होता है कि वे जल्दी प्रसिद्ध या 'नायक' बन सकते हैं। कई युवा आर्थिक तंगीके चलते या पैसोंके लालचमें इन गैंग्सके संपर्कमें आ जाते हैं। खासकर पढ़ाई या काम के नाम पर विदेश (जैसे कनाडा आदि) गये या देशके विभिन्न हिस्सोंमें घूम रहे बेरोजगार युवा आसानीसे इनके शूटर या रिक्रूट बन जाते हैं। वहीं आधुनिक गैंग्स पुराने तरीकोंसे हटकर काफी विकेन्द्रीकृत और तकनीकी रूपसे सक्षम हो गये हैं। जेलमें बैठे गैंगस्टर भी एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्सके जरिये आसानीसे अपने सिंडिकेट, फिरौती और वारदातोंका संचालन करते हैं। हथियारोंकी तस्करी, नशीले पदार्थों (ड्रग्स) का कारोबार और रियल एस्टेट या जबरन वसूली (फिरौती) से इन्हें अकूत कमाई होती है। इस अवैध नेटवर्कका दायरा स्थानीय स्तरसे बढ़कर अब अंतरराष्ट्रीय स्तरतक फैल चुका है। ये गैंग अपनी अवैध कमाईका बड़ा हिस्सा शेल कम्पनियों, रियल एस्टेट और क्रिप्टोकरेंसीके जरिये मुख्य बैंकिंग सिस्टममें सफेद कर लेते हैं, जिससे इनकी आर्थिक पकड़ मजबूत बनी रहती है। आपराधिक गिरोहोंको कानूनी व्यवस्थाकी खामियोंका लाभ उठानेसे रोकनेके लिए देशके विभिन्न राज्योंके बीच लगातार सहयोग होना जरूरी है। अपराधियोंमें कानूनका डर पैदा करने और जनतामें सुरक्षाकी भावना बहाल करनेके लिए विभिन्न राज्योंकी पुलिसके बीच बेहतर समन्वय और जेलोंकी सुरक्षा व्यवस्थाको तकनीकी रूपसे पूरी तरह अभेद्य बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

जमीन विवाद में सपा नेता ऋतु गोयल व पति मनोज के खिलाफ धोखाधड़ी मे मुकदमा दर्ज

२.१६ करोड़ रुपये में जमीन का सौदा, १४ लाख भुगतान और फर्जी दस्तावेजों से कब्जे की कोशिश का आरोप

एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने शुरू की जांच,

मथुरा। मथुरा में जमीन के लेनदेन को लेकर समाजवादी पार्टी की पूर्व महानगर अध्यक्ष ऋतु सक्सेना उर्फ ऋतु गोयल और उनके पति मनोज गोयल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। थाना महावन क्षेत्र के गांव रामनगरीया निवासी बनैसिंह उर्फ बन्नी सिंह ने करीब २ करोड़ १६ लाख ६६ हजार रुपये में जमीन का सौदा तय होने के बावजूद पूरी रकम नहीं मिलने तथा कथित फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन पर कब्जा करने की को. शिश का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने के साथ संबंधित लोगों की संपत्ति की जांच कराने की भी मांग की है। शिकायतकर्ता बनैसिंह उर्फ बन्नी सिंह के अनुसार, उसकी जमीन का सौदा ऋतु गोयल, उनके पति मनोज गोयल और अन्य संबंधित लोगों के माध्यम से करीब २ करोड़ १६ लाख ६६ हजार रुपये में तय हुआ था। शिकायत में देवकीनंदन कश्यप निवासी जनकपुरी रोड, बीएसए रोड, मथुरा तथा मनीष आजाद निवासी आजाद नगर, सौंख रोड का भी उल्लेख किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि जमीन के सौदे के एवज में उसे चार किस्तों में कुल १४ लाख रुपये दिए गए। इसके अलावा तीन लाख रुपये का एक चेक भी दिया गया, जो उसके अनुसार बाउंस हो गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब उसने सौदे की शेष रकम मांगी तो विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि बकाया रकम देने के बजाय जमीन पर कब्जा करने के लिए कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया गया। पीड़ित ने पुलिस से जमीन के सौदे से संबंधित दस्तावेजों, भुगतान के साक्ष्यों और अन्य अभिलेखों की जांच कराने की मांग की है। बनैसिंह उर्फ बन्नी सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि बकाया रकम मांगने पर ऋतु गोयल और उनके पति मनोज गोयल ने उसके खिलाफ पुलिस अधिकारियों को कथित रूप से गुमराह करते हुए शिकायत दी। पीड़ित का कहना है कि इस घटनाक्रम के बाद उसे फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने की आशंका सताने लगी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बैंक खातों, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों का कथित दुरुपयोग करते हुए जमीन पर कब्जे की नीयत से २२ अप्रैल २०२६ की तारीख के स्टांप और नोटरी दस्तावेज तैयार कराए गए। शिकायतकर्ता ने इन दस्तावेजों को फर्जी और कूटरचित बताते हुए उनकी जांच कराने की मांग की है। उसने करीब २६ लाख रुपये के लेनदेन का भी उल्लेख किया है। पीड़ित का आरोप है कि जमीन के वास्तविक सौदे और कथित दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच होने पर पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने २२ जुलाई २०२६ को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई थी। शिकायत में जमीन के सौदे, भुगतान, चेक और कथित फर्जी दस्तावेजों का विवरण देते हुए कार्रवाई की मांग की गई। पीड़ित का कहना है कि शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद ऋतु सक्सेना उर्फ ऋतु गोयल और उनके पति मनोज गोयल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मुकदमे में कौन कौन सी धाराएं लगाई गई हैं, इसकी पुष्टि संबंधित पुलिस अभिलेखों से की जानी आवश्यक है। फिलहाल मामले में लगाए गए आरोपों की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। शिकायतकर्ता ने अपने प्रार्थना पत्र में मनोज गोयल के खिलाफ मथुरा जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज पुराने मुकदमों का भी उल्लेख किया है। शिकायत में थाना हाईवे और थाना राया सहित अन्य मामलों का जिक्र करते हुए जमीन संबंधी विवादों तथा धोखाधड़ी के आरोपों की जांच कराने की मांग की गई है। पीड़ित का कहना है कि संबंधित मामलों की पृष्ठभूमि को देखते हुए वर्तमान प्रकरण की गहनता से जांच होनी चाहिए। हालांकि, शिकायत में उल्लिखित पुराने मुकदमों की वर्तमान स्थिति, उनमें लगाए गए आरोपों और न्यायालय के निर्णयों के संबंध में स्वतंत्र पुष्टि आवश्यक है। किसी मुकदमे में नामजद होना अपने आप में दोष सिद्ध होने का प्रमाण नहीं है।

जनपद में अनोखा प्रदर्शन:
मीरा राठौर फांसी का फंदा लेकर डीएम कार्यालय पहुंचीं: बोलीं- दोषी महिलाओं को फांसी देने का मौका मुझे मिले, डीएम को सौंपा ज्ञापन

मथुरा। मथुरा में डीएम कार्यालय पर उस समय अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला, जब अखिल भारत हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष मीरा ठाकुर सहित संगठन के कई पदाधिकारी हाथों में फांसी का फंदा लेकर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं द्वारा पतियों की हत्या से जुड़े चर्चित मामलों का हवाला देते हुए अपनी नाराजगी जताई और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान मीरा ठाकुर ने मांग की कि यदि संबंधित मामलों में दोषियों को मथुरा में फांसी दी जाती है, तो उन्हें महिला जल्लाद के रूप में फांसी देने का अवसर दिया जाए। वह इस मांग को लेकर काले जल्लाद जैसे कपड़े पहनकर और हाथ में फांसी का फंदा लेकर पहुंचीं। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी भी की। मीरा ठाकुर ने कहा कि पतियों की हत्या से जुड़े ऐसे मामलों से महिलाओं की छवि प्रभावित होती है। उन्होंने मांग की कि यदि दोषियों को मथुरा की जेल में फांसी दी जाती है, तो एक महिला को ही जल्लाद की भूमिका निभाने का अवसर मिलना चाहिए। इसी मांग को लेकर संगठन के पदाधिकारी आगरा-मथुरा क्षेत्र पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांग प्रशासन तक पहुंचाई। इस दौरान संगठन के प्रवक्ता अवतार सिंह भी मौजूद रहे। ज्ञापन एसडीएम को सौंपे जाने की जानकारी दी गई है। यह प्रदर्शन महिलाओं द्वारा पतियों की हत्या से जुड़े मामलों को लेकर संगठन की नाराजगी और उसकी मांग को सामने लाता है। हालांकि, फांसी देने की प्रक्रिया कानून और निर्धारित प्रशासनिक नियमों के तहत ही होती है। किसी व्यक्ति को जल्लाद नियुक्त करने का निर्णय संबंधित सक्षम प्राधिकारी और लागू नियमों के अनुसार लिया जाता है।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट बचाओ, देश बचाओ! लोकतंत्र बचाओ!

फरह ब्लॉक और बल्देव ब्लॉक में पदयात्रा कर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की

मथुरा। वोट जनता की ताकत है, लोकतंत्र की पहचान है और संविधान की आत्मा है। अगर जनता के वोट की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं, तो जवाबदेही तय करना लोकतंत्र की पहली जरूरत है।" आज 'वोट बचाओ, देश बचाओ' के संकल्प के साथ निकाली जा रही पदयात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा, संवैधानिक मूल्यों की मजबूती और जनता के मताधिकार की सुरक्षा के लिए उठाई गई आवाज है। मुकेश धनगर ने कहा-जब देश के नागरिकों के मन में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो उन सवालों का पारदर्शी और तथ्यात्मक जवाब कौन देगा? निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर जनता का विश्वास बनाए रखना उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। चुनावी प्रक्रिया पर उठने वाले हर गंभीर सवाल की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जनता के सामने सच्चाई आनी चाहिए। हम मांग करते हैं कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सभी गंभीर सवालों पर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, मतदाता सूची और मतदान व्यवस्था की निष्पक्ष जांच हो तथा जवाबदेही तय की जाए। मुख्य चुनाव आयुक्त की भूमिका पर उठ रहे सवालों के मद्देनजर हम उनके इस्तीफे की मांग करते हैं, ताकि लो. कतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता और जनता का विश्वास बनाए रखने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। हम सत्ता के गलियारों से लेकर सड़क तक यह संदेश देना चाहते हैं कि लोकतंत्र किसी एक व्यक्ति, पार्टी या सरकार की जागीर नहीं है। लोकतंत्र देश के करोड़ों नागरिकों के विश्वास से चलता है। जनता का वोट कोई एहसान नहीं, बल्कि उसका संवैधानिक अधिकार है। हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्ष चुनावी व्यवस्था के पक्ष में है। हम न डरेंगे, न झुकेंगे और न ही संविधान द्वारा दिए गए अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना बंद करेंगे। हमारी पदयात्रा का संकल्प हैरब्रहर मतदाता के अधिकार की रक्षा, हर सवाल का जवाब और लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखना। याद रखिए-वोट सुरक्षित होगा, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। लोकतंत्र मजबूत होगा, तभी संविधान और जनता के अधिकार सुरक्षित रहेंगे। आइए, एकजुट होकर आवाज उठाएं-वोट बचाओ! देश बचाओ! संविधान बचाओ! लोकतंत्र बचाओ! जनता के मताधिकार का सम्मान करो! चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो इस दौरान फरह ब्लॉक अध्यक्ष धीरज शर्मा बलदेव ब्लॉक अध्यक्ष पंकज चौधरी जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान अमित दीक्षित लक्ष्मीनारायण शैलेंद्र चौधरी राजा गौतम बरूपेश धनगर लवीर प्रधान हरीश शर्मा प्रेम शंकर शर्मा दीपक दीक्षित नारायण सिंह नरेंद्र लोकेश मनोज वीरेंद्र हरबिलास सचिन विशाल हरिओम दीपांशु तरुण पाल चेतन मलखान सिंह मनीराम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वर्षों से निष्क्रिय सहकारी संस्था को पुनः कराया गया चालू,

सहकारिता आन्दोलन ले रहा नयी करवट।

मथुरा। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता श्री अभिषेक मिश्रा ने अवगत कराया है कि अनेक वर्षों से निष्क्रिय पड़े सहकारी संघ महावन, विकास खण्ड बल्देव, तहसील महावन में दिनांक २३.१०.२०२६ को डी०ए०पी० उर्वरक पहुँचने से क्षेत्र के कृषकों में खुशी की लहर है। स्थानीय कृषकों को अभी तक अन्य समितियों से उर्वरक मिल रहा था किन्तु संघ महावन पर खाद आने से किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने और स्थानीय स्तर पर कृषि सम्बन्धी सुविधाओं को सुलभ बनाने में मदद मिलेगी। संघ के प्रभारी सचिव श्री गौरी शंकर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान ए०आर० कोआपरेटिव के नेतृत्व में समिति अध्यक्ष/निदेशकों तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा कृषक हित के दृष्टिगत् संघ महावन को पुनः सक्रिय / संचालित कराया गया है। ए०आर० कोआपरेटिव श्री अभिषेक कुमार मिश्र ने कहा कि सहक. ारिता विभाग किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सहकारी संस्थाओं को सक्रिय एवं सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनपद में इस वर्ष अबतक गत वर्ष की तुलना में ३००० मै०टन अधिक डीएपी का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। जनपद में पर्याप्त मात्रा में फॉस्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है और जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में नियमित रूप से प्रति सप्ताह / आवश्यकतानुसार आवंटन किया जा रहा है। साथ ही इसी माह में इफको की एक रैक डीएपी / एनपीकेएस उर्वरक प्राप्त होने की सम्भावना है। यह भी अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में सहकारिता विभाग द्वारा जनपद में सहक. ारी आन्दोलन को सुदृढ़ करने हेतु समितियों के द्वारा कृषि ऋण वितरण कराया जा रहा है तथा अभी तक नभग १२० करोड़ रू० से अधिक का ऋण वितरण लघु एवं सीमान्त किसानों को किया जा चुका है, जिससे जनपद के किसानों को पुनः सहकारिता विभाग से जोड़ने में मदद मिलेगी तथा जमीनी स्तर पर सहकारी आन्दोलन में और गति आयेगी।

गोवर्धन ब्लाक में ब्लॉक स्तरीय युवा पडोस संसद का आयोजन :-

गोवर्धन। ब्लॉक स्तरीय पड़ोस युवा संसद नशा मुक्त युवा फोर विकसित भारत कार्यक्रम ब्लॉक गोवर्धन जिला मथुरा के लॉर्ड कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन जाजन पट्टी पर दिनांक २४ अक्टूबर २०२६ को संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री देवी सिंह उर्फ डीएम साहब, विशिष्ट अतिथि सुल्तान सिंह तरकर, अध्यक्ष जिला सहकारी संघ मथुरा, श्री अमित कुमार जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत मथुरा, समुद्र सिह प्रधानाचार्य भगवान सिह इंटर कॉलेज मकहेरा गंभीर सिंह व्याख्याता श्री आदर्श इंटर कॉलेज लॉर्ड कृष्णा इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष सत्यवीर चौधरी प्रवक्ता रामेश्वर सिंह रणधीर सिंह कार्यक्रम के संयोजक विश्वेंद्र चतुर्वेदी पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक अनुपम सिंह भगत सिंह युवा युवा मंडलों के सदस्य विकास अरुण एवं आकाश ने कार्यक्रम मे सहभागिता की भूमिका निभाई अथितियों ने नशा के विरुद्ध एवं विकिसित भारत २०४७ के वारे मे युवाओ से संवाद किया।

पानीगांव में श्रद्धालु ले रहे पैराग्लाइडिंग का आनंद, कम खर्च में आसमान की सैर

२०१५ से लगातार संचालित है पैराग्लाइडिंग सेवा, लोगों को रोमांचक अनुभव कराने के साथ परिवार का पालन-पोषण कर रहे रवि पहलवान



मांट। आसमान में उड़ने का शौक किसे नहीं होता! अगर कम खर्च में आसमान की सैर करने का मौका मिल जाए तो रोमांच और भी बढ़ जाता है। कुछ ऐसा ही नजारा पानीगांव में यमुना एक्सप्रेसवे लिंक रोड पर देखने को मिल रहा है, जहां श्रद्धालु और आम लोग पैराग्लाइडिंग का आनंद ले रहे हैं। पैराग्लाइडिंग के पायलट ने बताया कि इस गतिविधि में सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है। उन्होंने बताया कि इंजन बंद होने की स्थिति में ग्लाइडर धीरे-धीरे नीचे की ओर उतरता है, जिससे पायलट को लैंडिंग करने में मदद मिलती है। हालांकि, पैराग्लाइडिंग के दौरान सुरक्षा मानकों और आवश्यक सावधानियों का पालन करना बेहद जरूरी है। पैराग्लाइडिंग के संचालक रवि पहलवान ने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को कम खर्च में आसमान की सैर कराकर रोमांचक अनुभव प्रदान करना है। लोगों को पैराग्लाइडिंग का आनंद लेते देखकर उन्हें काफी खुशी मिलती है। उन्होंने बताया कि पानीगांव में पैराग्लाइडिंग की व्यवस्था वर्ष २०१५ में शुरू की गई थी, जो आज तक लगातार संचालित हो रही है। इस अवसर पर रवि पहलवान ने पैराग्लाइडिंग का ट्रायल करके भी दिखाया। उन्होंने बताया कि इसी कार्य के माध्यम से उनके परिवार की रोजी-रोटी चलती है। पैराग्लाइडिंग उनके लिए रोजगार का साधन होने के साथ-साथ लोगों को रोमांचक अनुभव कराने का एक माध्यम भी है।

गणपति पूजन के साथ रामलीला महोत्सव का शुभारंभ, नारद मोह की लीला ने मोहा मन

श्री रंगनाथ जी के बड़ा बगीचा में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ स्वरूप मुकुट पूजन, संतों ने भगवान राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का दिया संदेश

वृंदावन। श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में श्री रंगनाथ जी के बड़ा बगीचा में आयोजित रामलीला महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को विधि-विधान के साथ श्री गणपति पूजन से हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विघ्न विनाशक भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर महोत्सव के निर्विघ्न संपन्न होने की प्रार्थना की गई। इसके बाद स्वरूप मुकुट पूजन संपन्न हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन भागवत प्रवक्ता डॉ. संजय कृष्ण सलिल एवं पीपा द्वाराचार्य बलराम दास बाबा ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजा-अर्चना की। इस दौरान संतों ने भगवान श्रीराम के आदर्शमय जीवन का महत्व बताते हुए श्रद्धालुओं से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। संत बलराम दास बाबा ने कहा कि भगवान श्रीराम का आदर्शमय अवतार मानव जीवन को नई दिशा देने की क्षमता रखता है। वहीं, डॉ. संजय कृष्ण सलिल ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन चरित्र से प्रत्येक व्यक्ति को सद्गुण, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके उपरांत श्री राधा सर्वेश्वर लीला संस्थान के संचालक सौरभ द्विवेदी के आचार्यत्व में कलाकारों ने भगवान शिव द्वारा कैलाश पर्वत पर भगवती पार्वती को श्रीराम कथा सुनाने की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। इसके बाद नारद मुनि के मोह की लीला का सुंदर मंचन हुआ। कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने देर रात तक लीला का आनंद लिया। इस अवसर पर कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष आलोक बंसल, अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, दशरथ गुप्ता, आक. ाश गोस्वामी, विशाल गर्ग, महामंत्री अनिल गौतम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दीक्षित, उपाध्यक्ष बंसी तिवारी, संयोजक शुभम अग्रवाल, मधुमंगल शुक्ला, पारस अग्रवाल, आशीष ठाकुर, लक्ष्मी नारायण निषाद, राजीव बंसल, पवन गौतम, गोविंद शर्मा, हिमांशु बंसल, आशीष अग्रवाल, देवेंद्र यादव सहित

देवी जागरण 26 को

मथुरा। कश्यप समाज माँ कैला मैया का ३७वॉ भव्य जागरण का आयोजन दिनांक २६अक्टूबर २०२६ दिन सोमवार को माँ कैला देवी मंदिर सुभाष नगर, महिला बाजार के सामने,मथुरा मे किया जा रहा है. अतः समाज के लोगो से और माँ के सभी भक्तो से निवेदन है आप सभी लोग अधिक से अधिक संख्या मे पधार कर माँ कैला देवी का आशीर्वाद और प्रसादी प्राप्त करें.।

एसपी सिटी ने ब्रजरज उत्सव मेला स्थल का निरीक्षण किया: सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया,

मथुरा। ब्रजरज उत्सव-२०२६ के भव्य एवं शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार सिंह ने रेलवे ग्राउंड मेला स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं, दर्शकों और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी ने मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग स्थलों और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और प्रवेश तथा निकास के रास्तों पर व्यवस्था सुचारु बनी रहे। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। एसपी सिटी ने यातायात व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला स्थल के आसपास वाहनों का आवागमन व्यवस्थित रखा जाए, ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। पार्किंग स्थलों पर वाहनों को निर्धारित स्थानों पर खड़ा कराया जाए और यातायात पुलिसकर्मी लगातार निगरानी बनाए रखें। इसके साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। उन्होंने मेला स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और निगरानी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कैमरे सुचारु रूप से संचालित रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को पूरी मुस्तैदी, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए कहा गया। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य ब्रजरज उत्सव के दौरान सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना है, जिससे आयोजन में आने वाले श्रद्धालु और दर्शक शांतिपूर्ण माहौल में उत्सव का आनंद ले सकें। पुलिस अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए रखने और आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियों पर जोर दिया।

वृंदावन मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल सवार वृद्ध को कुचला , मौके पर मौत

मांट (मथुरा)। कस्बा मांट में वृंदावन मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल सवार वृद्ध को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि वृद्ध की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक की शिनाख्त शुरू कर दी है। घ्शनिवार को वृंदावन मार्ग पर स्थित धर्मकांटे के समीप यह दुर्घटना घटी। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली वृंदावन की ओर जा रही थी, तभी सामने से साइकिल पर आ रहे साधु वेशधारी वृद्ध उससे टकरा गए। ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे आने से वृद्ध की मौके पर ही सांसें थम गईं। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, जिसका फायदा उठाकर चालक फरार हो गया। घ्हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घ्मांट थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि हादसे में शामिल ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

कार्तिक मास से पहले यमुना की दुर्दशा पर उठे सवाल:

कार्तिक मास से पहले घाटों पर गंदगी और नालों के पानी को लेकर कार्रवाई की मांग

मथुरा। कार्तिक मास शुरू होने से पहले मां यमुना की दुर्दशा और घाटों पर पर्याप्त सुविधाएं न होने का मुद्दा उठाते हुए चतुर्वेदी ब्रजमंडल सही वक्त धर्म यात्रा महासंघ और अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने यमुना में गिर रहे नालों को बंद कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने पहुंचे प्रतिनिधियों ने कहा कि कार्तिक मास में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु मथुरा, वृंदावन और गोकुल पहुंचते हैं। ब्रज में कार्तिक मास का विशेष धार्मिक महत्व है। श्रद्धालु यमुना स्नान, पूजन और धार्मिक अनुष्ठान के लिए आते हैं, लेकिन वर्तमान में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मुकाबले व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धार्मिक स्थलों के विकास और स्वच्छता को लेकर गंभीर हैं, लेकिन ब्रज में मां यमुना की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि मथुरा-वृंदावन नगर निगम की व्यवस्थाओं के बावजूद रात आठ बजे के बाद यमुना में खुलेआम नालों का गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं और यमुना की पवित्रता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में हरकी पौड़ी की तरह मथुरा के विश्राम घाट का भी विशेष धार्मिक महत्व है। यहां आने वाले श्रद्धालु यमुना की दुर्दशा देखकर निराश होकर लौटते हैं।

गिर्राज जी की तलहटी में बजेगा संघ का घोष संगीतमय लगेगी गिर्राज जी की परिक्रमा

संघ के स्वयंसेवक घोष के साथ लगाएंगे परिक्रमा

मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ब्रज प्रान्त ने एक अनूठे प्रयोग के निमित्त विचार किया हैंको अपने संपूर्ण घोष के पथक के साथ गिर्राज जी की परिक्रमा की जाए। हालांकि इससे पहले भी २ बार ब्रजप्रांत के कुछ जिले मिलकर ये प्रयोग कर चुके हैं पर इसबार इस को विस्तृत रूप देते हुए संपूर्ण ब्रज प्रान्त के घोष के स्वयंसेवकों को आमंत्रित किया गया है। २५ अक्टूबर को ये अनोखा प्रयोग होगा जब संघ के ब्रज प्रान्त में आने वाले आठों विभागों के २९ जिलों से स्वयंसेवक घोष के साथ गिर्राज महाराज की परिक्रमा पूर्ण करेंगे। इसके लिए आज ही पूर्व तैयारी के नाते से स्वयंसेवकों का मुरारी वाली कुंज सरस्वती विद्या मंदिर, गोवर्धन में पहुंचना प्रारंभ हो गया है। प्रान्त के सह प्रचारक विनोद ने आज सभी घोष वादकों के वाद्य यंत्रों को जांचा एवं उनके अभ्यास की जिम्मेदारी मथुरा के विभाग प्रचारक पारस पार्थ को सौंपी। पारस ने सभी वादकों की रचनाएं बताकर उनका अभ्यास कराया जिससे कल परिक्रमा के समय सभी की लय और ताल साथ साथ मिल सके। प्रान्त के घोष प्रमुख ललित ने सभी वादक. ों की वाहिनियों को क्रमबद्ध किया एवं सभी को शुद्ध रचनाएं बजाकर बताई की कल कोई भी रचा अशुद्ध न बजे, घोष की महत्वता पे प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि घोष संघ के शारी. रिक विभाग का आवश्यक अंग है, घोष की र उन्हें भारत के शास्त्रीय संगीत के ऊपर आधारित हैं जिसको सुनकर मन ऊर्जा से भर उठता है।

मथुरा में मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार: डकैती की योजना बना रहे थे, पुलिस को देखते ही फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र में शुक्रवार देर रात पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस के मुताबिक, बदमाश एक पॉश सोसाइटी में डकैती डालने की योजना बना रहे थे। मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घायल बदमाशों समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को शुक्रवार देर रात सूचना मिली कि नेशनल हाईवे के पास गुरु कृपा संगम सोसाइटी के सामने जाने वाले रास्ते पर कुछ बदमाश मौजूद हैं। वे किसी पॉश सोसाइटी में डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को देखकर बदमाशों ने भागने की कोशिश की। घिरने पर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इसमें कृष्णा नगर की पूजा एंक्लेव कॉलोनी निवासी नीरज और हंसराज कॉलोनी निवासी सौरभ पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके से सचिन, अजीत, गोपाल और अनुराग को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से तीन तमंचे ३१५ बोर, एक तमंचा ३०३ बोर, कारतूस, नुकीला सरिया, पाइप और एंगल बरामद किए गए हैं।

सेवा भारती द्वारा आयोजित हुआ भव्य कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम



हाथरस। रामेश्वर धाम बगीची, नवग्रह मंदिर के पीछे, लहरा रोड, हाथरस पर सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्रों के बच्चों और बालिकाओं के लिए एक भव्य कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर लगभग 100 बच्चों का विधि-विधान से कन्या पूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अत्यंत हर्षोल्लास के साथ हुई, जहाँ उपस्थित अतिथियों और समाजसेवियों ने बच्चों का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात सभी बच्चों को सहर्ष प्रसाद, उपहार, शिक्षण सामिग्रियां एवं दक्षिणा वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवा भारती के जिला अध्यक्ष डाब्रीप़ीसिंह एवं जिला मंत्री राजीव आर्य संयुक्त रूप ने संगठन के सेवा कार्यों और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिक्षा एवं संस्कार - बस्तियों, ग्रामीण और वनवासी क्षेत्रों में बाल संस्कार केंद्र, अनौपचारिक शिक्षा केंद्र और छात्रावास चलाना, ताकि बच्चों को उत्तम शिक्षा के साथ नैतिक और सांस्कृतिक मूल्य प्राप्त हो सकें। स्वावलंबन एवं स्वरोजगार - महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई केंद्र, कंप्यूटर प्रशिक्षण और विभिन्न कौशल विकास पाठयक्रम संचालित करना। सामाजिक समरसता - समाज के सभी वर्गों के बीच दूरियों को मिटाकर एक समरस, संगठित और सशक्त समाज का निर्माण करना। स्वास्थ्य सेवाऐं - समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान और रोग निवारण कार्यक्रम आयोजित करना। इस अवसर पर सेवा भारती परिवार के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिसमें संरक्षक ललित किशोर अग्रवाल, उपाध्यक्ष भंवरपाल सिंह पौरुष, कोषाध्यक्ष भवतेन्द्र पाल सिंह सेंगर, नगर अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, मंजू आर्य उपस्थित थे। नेकी की दुकान के अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन, सचिव मुकेश कुमार अग्रवाल और सदस्य हरीराम वार्ष्णेय शामिल रहे। डाॅमोहित अग्निहोत्री, डाॅअमित भार्गव जिला उपाध्यक्ष, विश्व हिन्दू परिषद, देवेश गौतम, जगदीश प्रसाद पूर्व प्रधानाध्यापक, प्रमुख समाजसेवी विजय कुमार जैन एवं राकेश बंसल उपस्थित थे।

न्यायिक कर्मचारियों को दी गई जानकारी

हाथरस। जेट्रीआरआई.लखनऊके निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश विनय कुमार के आदेशानुसार जनपद न्यायालय के समस्त कर्मचारियों के सतत सीखने हेतु वातावरण निर्मित किये जाने के उद्देश्य से वीडियो कॉन्ग्रफेसिंग कक्ष जनपद न्यायालय में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अंजय सक्सैना व रीडर राजकुमार द्वारा समस्त तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण को सामान्य नियमावली सिविल व क्रिमिनल एवं फाइल व पंजिका तैयार करने के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इसके साथ-साथ कर्मचारियों को बताया गया कि समस्त कर्मचारीगण अपने-अपने न्यायालयों में पत्रावलियों में सामान्य सूची पत्र किस प्रकार तैयार करना चाहिये एवं अभिलेखों के रखरखाव किस प्रकार करना चाहिये। सिविल और क्रिमिनल साइड में किस प्रपत्र को किस नत्थी में अंकित करना चाहिये इस बिन्दु पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी एवं जानकारी प्रदान की गयी। यह भी बताया गया कि विद्वान अधिवक्ता आदि को पत्रावली का अवलोकन सवाल मुआयना से निरीक्षण कक्ष में ही कराना चाहिये। इस अवसर पर न्यायालय के कर्मचारीगण प्रशिक्षण हेतु उपस्थित रहे।

मैरिज होम को चोरों ने बनाया निशाना, चार जनरेटरों के अल्टरनेटर, सीसीटीवी कैमरे और नकदी चोरी

सासनी। आगरा-अलीगढ़ रोड स्थित गीता फार्म हाउस में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर परिसर में रखे चार बड़े जनरेटरों के अल्टरनेटर, सीसीटीवी कैमरे, एनवीआर और गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ले गए। घटना के संबंध में फार्म हाउस संचालक ने सासनी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। सासनी के मोहल्ला बारहसैनी निवासी निशु गुप्ता पुत्र लालाराम गुप्ता के अनुसार, आगरा-अलीगढ़ रोड पर उनका गीता फार्म हाउस स्थित है। 24 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने परिसर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर चार जनरेटरों से अल्टरनेटर निकाल ले गए। इसके साथ ही वहां लगे सीसीटीवी कैमरे, एनवीआर और गल्ले में रखी नकदी भी चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि घटना के बाद उन्होंने अपने स्तर से चोरों और चोरी हुए सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद उन्होंने सासनी थाना पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, चोरी हुए सामान की बरामद्गी और आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे : डीएम

डीएम ने पुनरीक्षण केंद्रों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



हाथरस। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को आयोजित विशेष कैंप दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश पटेल ने विकास खण्ड मुरसान संविलियन विद्यालय लहरा, प्राथमिक विद्यालय बरसै तथा केएल. जैन इंटर कालेज सासनी स्थित पुनरीक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर मतदाता सूची में पात्र नागरिकों के नाम शामिल करने, त्रुटियों के सुधार तथा पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्व ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण हेतु विशेष दिवस आयोजित किया गया है। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) निर्धारित काउंटरों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने तथा सूची में आवश्यक सुधार की कार्यवाही कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि घर-घर सर्वेक्षण कर ऐसे पात्र नागरिकों को चिह्नित किया जाए, जिनका नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, अपात्र प्रविष्टियों के नियमानुसार विलोपन तथा विवरणों में संशोधन की कार्यवाही निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार ही सुनिश्चित की जाए। विवरणों में सुधार के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत फार्म-8 का उपयोग किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समयबद्व एवं पारदर्शी निस्तारण करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। प्रशासन का उद्देश्य शुद्व, पारदर्शी एवं अद्यतन मतदाता सूची के माध्यम से प्रत्येक पात्र नागरिक की लोकतांत्रिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। सत्यापन के उपरांत संबंधित उप जिला अधिकारी को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण शुद्वता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

किसानों से मारपीट का आरोप, ट्रैक्टर-ट्रॉली से खाद के कट्टे कम मिलने की शिकायत

हाथरस। जंक्शन थाना क्षेत्र के गांव भोपतपुर के पास किसानों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। सहपऊ निवासी रमाकांत ने कुछ लोगों पर मारपीट करने और ट्रैक्टर-ट्राली से खाद के कटटे कम मिलने की शिकायत की है। पीड़ित के अनुसार, वह अपने साथियों के साथ देर रात ट्रैक्टरों से जा रहे थे। इसी दौरान उनके साथ विवाद और मारपीट की घटना हुई। मामले को लेकर पीड़ित ने संबंधित लोगों पर आरोप लगाए हैं, जबकि थाना प्रभारी ने रुपये और मोबाइल छीनने जैसी घटना से इनकार किया है। रमाकांत पुत्र राजन लाल के अनुसार, वह अपने साथी विक्रम सिंह निवासी सहपऊ और सुरेंद्र सिंह निवासी नगला बघेल, पिहुरा के साथ तीन ट्रैक्टरों से देर रात गांव बाबली के रास्ते जा रहे थे। उन्होंने बताया कि आलू की खेती के लिए करीब 150 बीघा जमीन पटटे पर ले रखी है। खेती से जुड़े काम के सिलसिले में ट्रैक्टरों से आवागमन किया जा रहा था। इसी दौरान भोपतपुर के पास किसानों के साथ मारपीट किए जाने का आरोप सामने आया। पीड़ित रमाकांत ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की और ट्रैक्टर-ट्रॉली से खाद के कटटे भी कम मिले। घटना के बाद मामले को लेकर शिकायत की गई। वहीं, थाना प्रभारी ने रुपये और मोबाइल छीनने जैसी घटना से इनकार किया है। फिलहाल सामने आए आरोपों और पुलिस के पक्ष के बीच मामले को लेकर स्थिति स्पष्ट होना बाकी है।

एनडीआरएफ द्वारा सात दिवसीय आपदा बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



हाथरस। जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशों के क्रम में एनडीआरएफ टीम के माध्यम से सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण हाथरस एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 16 सदस्यीय टीम गाजियाबाद के संयुक्त तत्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक हाथरस के सहयोग से सुरजोबाई कन्या इण्टर कालेज, किला गेट हाथरस के समस्त अध्यापक/अध्यापिकाओं एवं छात्र/छात्राओं को प्राकृतिक, रासायनिक, जैविक, नाभिकीय एवं मानव निर्मित आपदाओं में बचाव एवं राहत कार्य से सम्बन्धित जन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्यः शानू यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन अतुल वर्मा जिला समन्वयक समग्र शिक्षा हाथरस द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य शानू यादव द्वारा समस्त प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि जनपद में एनडीआरएफ. टीम द्वारा कुल 07 कार्यक्रम कराए जा रहे हैं, जिसमें से एक जिला विद्यालय निरीक्षक हाथरस के सहयोग से सुरजोबाई कन्या इण्टर कालेज, किला गेट हाथरस के समस्त अध्यापक/अध्यापिकाओं एवं छात्र/छात्राओं को जागरुक कराने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। जनपद में आकस्मिक रूप आने वाली आशाओं विद्युत, बाढ़, दैवीय एवं अन्य प्रकार की आपदाओ से निपटने के लिए क्या करें क्या न करें के बारे में टीम द्वारा अवगत कराया गया, जिससे आवश्यकता पडने पर उपयोग कर अधिक से अधिक जन-धन हानि होने से बचा सकते है। जिला प्रबंधन प्राधिकरण हाथरस से जिला आपदा विशेषज्ञ एवं अकाउंटेंट, कम्प्यूटर आपरेटर आदि उपस्थित रहे।

जलकल परिसर की मोटर ठीक हुई, जलापूर्ति शुरू

हाथरस। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रमीण मोहित कुमार ने अवगत कराया है कि ग्राम कुरसंडा में पेयजल योजना में बीते कुछ दिनों से बाधित जलापूर्ति को फिर से शुरू कर दिया गया है। जलकल परिसर में मोटर के जलने के कारण परियोजना के माध्यम से जलापूर्ति नहीं हो रही थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए जल निगम ग्रामीण के संबंधित अधिकारियों ने जलकल परिसर का निरिक्षण किया, जिसके बाद परिसर में पेयजल योजना के अंर्तगत लगाई गई मोटर के खराब होने के कारण पानी लोगों के घरों तक नहीं पहुंच रहा था। समस्या को पहचान तक तुरंत कार्रवाई की गई। जलकल परिसर में अनुरक्षण और देखभाल का काम कर रही कंपनी को मामले से अवगत कराया गया, इसके बाद तुरंत ही खराब मोटर को सही कर दिया गया। मोटर खराब होने के कारण पांच दिन से क्षेत्र में पानी नहीं पहुंच रहा था। अधिशासी अभियंता ने बताया कि कुरसंडा पेयजल योजना की खामियों को दूर कर दिया गया है, अब योजना से जुड़े सभी घरों में पानी पहुंच रहा है। निरिक्षण में मोटर खराब पाई गई, जिसे तुरंत सही कर दिया गया।

विधवा पुत्रवधू को जमीन प्रकरण में परेशान करने पर ससुर के खिलाफ की कार्रवाई

हसायन। कोतवाली क्षेत्र की सलेमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के नगला विजन मार्ग स्थित ग्राम पंचायत नगरिया पटटी देवरी के माजरा गांव नगला पटवारी में एक व्यक्ति के द्वारा अपनी विधवा पुत्रवधू के साथ जमीन के प्रकरण को लेकर वाद विवाद उत्पन्न कर दिया। पीडित महिला ने अपने दो बच्चों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस के सामने अपना दास्ता दुख व्यक्त करते हुए पीडा बताई। पुलिस के सामने ही पीडित महिला रोते हुए पति के मौत के बाद से जमीन में हिस्सा नही दिए जाने के कारण आए दिन घर से निकालने की बात कहते हुए गाली गलौज कर उत्पीडन करने का आरोप लगाया। पीडित महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस के सामने ही पीडित महिला का ससुर अपनी विधवा पुत्रवधू को ही परेशान करने की बात कहने लगा। विधवा महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने ओमप्रकाश पुत्र मुलायम सिंह निवासी नगला पटवारी को गिरफ्तार कर शांति भंग के तहत कार्रवाई कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजकर चिकित्सकीय परीक्षण कराए जाने के बाद चालान कर दिया।

खाद्यान्न वितरण अब 30 तक

हाथरस। आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उप्र. जवाहर भवन लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह अक्टूबर के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के मध्य कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। अपर आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उप्र, जवाहर भवन, लखनऊके पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि सभी लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने हेतु माह अक्टूबर, 2026 के सापेक्ष खाद्यान्न वितरण की तिथि 30 अक्टूबर 2026 तक विस्तारित कर दी गई है। 30 अक्टूबर 2026 तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जायेगा, मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की सुविधा 30 अक्टूबर 2026 को भी उपलब्ध रहेगी।

बाजरे की करब में लगी आग, किसान को नुकसान

सादाबाद। ग्राम पंचायत कुरसंडा के गांव नगरिया में शनिवार की सुबह बाजरे की करब में आग लग गई। आग से किसान की लगभग पांच बीघा करब जलकर राख हो गई। गांव निवासी विजेंद्र सिंह ने बताया कि संकच मोचन हनुमान मंदिर के निकट यह करब रखी थी। आग लगने के कारणों को पता नहीं चल सका है। मौके पर आए ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक करब पूरी तरह जल चुकी थी।

नगर पंचायत ने एक उपभोक्ता के दो मकान की जगह तीन मकान दर्शाकर भेजा नोटिस

नगर पंचायत के टैक्स नोटिस में मकान संख्या को लेकर आपत्ति, पीडित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

हसायन। नगर पंचायत के द्वारा जारी बकाया टैक्स के नोटिस में एक उपभोक्ता के मकान संख्या के विवरण को लेकर आपत्ति सामने आई है। मोहल्ला दखल के रहने वाले पीडित ने इस मामले में मुख्यमंत्री के आईजीआरएस जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए संबंधित अभिलेखों की जाँच और त्रुटियों में सुधार कराने की मांग की है। अनमोल गुप्ता ने बताया कि उनके बाबा स्वर्गीय हरनारायण पुत्र पीतम्बर के नाम नगर पंचायत में अलग-अलग स्थानों पर दो मकान दर्ज हैं। इनमें वार्ड संख्या नौ के मोहल्ला दखल में रजिस्टर में अंकित मकान संख्या बासठ तथा वार्ड संख्या एक में अंडौली मार्ग पर स्थित दूसरे मकान की रजिस्टर क्रमांक मकान संख्या पच्चीस हैं। उनका आरोप है कि नगर पंचायत के द्वारा बाइस अक्टूबर को जारी किए गए नोटिस में वार्ड संख्या नौ के मोहल्ला दखल में स्थित मकान की नगर पंचायत के गृहकर रजिस्टर में संख्या बासठ के साथ चौसठ कर दिए गए है, जबकि वहां पर सिर्फ एक ही मकान है, जिसके अलग-अलग पूर्व से दो दरवाजे स्थापित है। नगर पंचायत हसायन के द्वारा जारी नोटिस पत्रांक पांच सौ चौरासी नगर पंचायत हसायन/बकाया जलमूल्य 2026-27, 22 अक्टूबर 2026 में 11,280 की बकाया धनराशि जमा करने की मांग की गई है, जबकि नगर पंचायत के द्वारा जारी नोटिस में तीन मकान होने का उल्लेख किया गया है। इस संबंध में अनमोल गुप्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए अवगत कराया है कि संबंधित मकानों के कर अभिलेखों की जाँच कराई जाए तथा बकाया धनराशि का मकानवार, वर्षवार और मदवार विवरण उपलब्ध कराया जाए। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि यदि नगर पंचायत के अभिलेखों में मकान संख्या अथवा बकाया राशि से संबंधित कोई त्रुटि पाई जाती है, तो नियमानुसार सुधार किया जाए। साथ ही कर निर्धारण का आधार स्पष्ट करते हुए शिकायत पर निष्पक्ष जाँच कर कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। अनमोल गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों से मामले का उचित निस्तारण कराने की मांग की है। अब शिकायत पर होने वाली कार्रवाई और नगर पंचायत के अभिलेखों की जाँच के बाद ही मकान संख्या से संबंधित आपत्ति तथा बकाया धनराशि की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शिकायतकर्ता अनमोल गुप्ता ने कहा कि अगर नगर पंचायत मेरे दो मकान को तीन मकान बता रही है। तो नगर पंचायत उन्हे तीसरा मकान उपलब्ध कराए। अगर उनके एक मकान के दो दरबाजे के आधार पर तीन मकान दर्ज किए जा रहे है। तो वह कस्बा में धनाढय वर्ग के तमाम मकान स्वामियों के एक एक नही बल्कि तीन से लेकर तीन दरवाजे है, जबकि मकान के साथ बाजार में कई कई दुकान भी संचालित है। उन्होने कहा कि वह न्याय नही मिला तो नगर पंचायत के खिलाफ नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगें।

मां चामुंडा काली मंडल ने किया काली स्वरूपों और सहयोगियों का सम्मान

सादाबाद के श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में हुआ सम्मान समारोह, काली मेले में शानदार प्रदर्शन करने वाले कलाकारों का बढ़ाया उत्साह



सादाबाद। श्री रामलीला महोत्सव के दौरान निकाले गए काली मेले में शानदार प्रदर्शन कर अपनी कला और प्रतिभा का परिचय देने वाले कलाकारों एवं सहयोगियों के सम्मान में मां चामुंडा काली मंडल सादाबाद द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में काली स्वरूपों, लांगुराओं, उस्तादों और अन्य सहयोगियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह के दौरान मंडल की ओर से काली मेले में अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले काली स्वरूपों और लांगुराओं को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। साथ ही उस्तादों एवं आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सहयोगियों को पटका पहनाकर और मिठाई देकर सम्मानित किया गया। श्री रामलीला महोत्सव के अंतर्गत आयोजित काली मेला सादाबाद की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें काली स्वरूपों द्वारा प्रस्तुत कला प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। ऐसे आयोजनों को सफल बनाने में कलाकारों के साथ उस्तादों और सहयोगियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सम्मान समारोह के माध्यम से मां चामुंडा काली मंडल ने कलाकारों और सहयोगियों के योगदान की सराहना करते हुए धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कलाकारों का सम्मान कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। मौके पर मंडल के अध्यक्ष लक्की ठाकुर, अंकुश अग्रवाल, आकाश दिवाकर, अर्जुन दिवाकर, गोलू दिवाकर, दीनू, दीपू, तेजवीर, रामबाबू, आदित्य, लाला गौतम, कान्हा, कान्हा अग्रवाल, विकास आदि थे।

प्लॉट में पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

सादाबाद। कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी अंता भाग तसींगू में प्लॉट में लगे बबूल के पेड़ को काटने को लेकर विवाद हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने छह नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव निवासी तोताराम पुत्र अजय सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 22 अक्टूबर को सुबह करीब 11.30 बजे वह अपने प्लॉट में लगे बबूल के पेड़ को काट रहे थे। इसी दौरान उनके भतीजे ओम, सुनील, विष्णु और चिराग पुत्रगण गंभीर सिंह के अलावा सोनम पत्नी दीपक और चमन पुत्री गंभीर सिंह वहां पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने एकराय होकर गाली-गलौज शुरू कर दी और उनके तथा उनके पुत्रों पवन, शिवा, करन और पुत्री लवी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। डायल 112 पर सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में भी उसके और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें बचाया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि नामजद लोग उसे गांव में नहीं घुसने देने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। कोतवाल विजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए बूथों पर चला विशेष पुनरीक्षण अभियान

18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और नवविवाहिताओं के नाम जोड़ने पर रहा जोर, 12 नवंबर को प्रकाशित होगा ड्राफ्ट



सादाबाद। मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के लिए शनिवार को सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के तहत 79-सादाबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने उपस्थित रहकर मतदाता सूची को अद्यतन करने का कार्य किया। अभियान में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम जोड़ने के साथ ही एसआईआर के बाद क्षेत्र में आई नवविवाहिताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए आवेदन और आवश्यक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सभी बीएलओ सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक अपने-अपने बूथों पर मौजूद रहे। रोशन लाल मतदान केंद्र पर भाग संख्या 312 में विजय सिंह, 313 में सुरेंद्र सिंह, 314 में उमा अखिल, 315 में रेवती रमन शर्मा, 316 में हर्षित गुप्ता, 317 में पुनीत सिंह और 318 में अनुज गौतम ने मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया। इस दौरान सुपरवाइजर अमरीश अग्रवाल तथा नोडल अधिकारी नवाब सिंह वर्मा, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मौजूद रहे। इनके साथ मतदाता विश्व बंधु पाराशर, पूर्व सभासद नगर पंचायत सादाबाद, राकेश पाठक, संजय गौतम सहित अन्य मतदाता भी उपस्थित रहे। विशेष पुनरीक्षण अभियान के अगले चरण में 12 नवंबर को मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, नामों में संशोधन करने और अन्य आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

बाइक में निकला सांप, नगर पालिका के पास मची अफरा-तफरी, देखने के लिए जुटी भीड़

हाथरस। शहर के तालाब ओवरब्रिज के नीचे नगर पालिका के निकट शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बाइक में अचानक सांप दिखाई दिया। बाइक में सांप नजर आते ही आसपास मौजूद लोग घबरा गए। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और हर कोई यह जानने की कोशिश करने लगा कि सांप बाइक में कहां छिपा हुआ है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह नगर पालिका के पास एक बाइक में सांप छिपा हुआ था। अचानक सांप दिखाई देने पर वहां मौजूद लोग सतर्क हो गए। कुछ देर तक लोग सांप को बाइक से बाहर निकालने का प्रयास करते रहे। इस दौरान मौके पर हलचल बनी रही और आसपास से गुजर रहे लोग भी घटना को देखने के लिए रुक गए। बाइक में सांप निकलने की जानकारी फैलते ही लोगों में उत्सुकता के साथ डर का माहौल भी देखने को मिला। घटना के चलते कुछ समय तक मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। लोग सावधानी बरतते हुए सांप को बाइक से बाहर निकालने की कोशिश करते रहे। शहर में सार्वजनिक स्थान पर हुई इस घटना ने आसपास मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

250 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर तोड़कर कॉपर वाइंडिंग और तेल चोरी

सादाबाद। कृष्णा इंटर कॉलेज रोड पर चोरों ने 250 केवीए क्षमता के विद्युत ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर उसकी कॉपर वाइंडिंग और तेल चोरी कर लिया।

घटना 15 और 16 अक्टूबर की मध्यरात्रि की है। मामले में विद्युत विभाग के अवर अभियंता की तहरीर पर कोतवाली सादाबाद में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

विद्युत उपकेंद्र सादाबाद प्रथम-द्वितीय के अवर अभियंता अजय कुमार ने रिपोर्ट में बताया कि कृष्णा इंटर कॉलेज रोड पर रखे 250 केवीए क्षमता के विद्युत परिवर्तक को अज्ञात चोरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।

चोर ट्रांसफार्मर के अंदर लगी कॉपर वाइंडिंग और तेल चोरी कर ले गए। इस घटना से विद्युत विभाग को आर्थिक और राजस्व की क्षति हुई, वहीं क्षेत्र के उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई।

कोतवाल विजय कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

पांच दिन बाद शुरू हुई कुरसंडा में जलापूर्ति

जलकल परिसर की खराब मोटर ठीक होने के बाद घरों तक पहुंचा पानी, ग्रामीणों को मिली राहत

सादाबाद। आखिरकार जल निगम ग्रामीण की नींद टूटी। कुरसंडा पेयजल योजना के तहत जलकल परिसर में खराब हुई मोटर को ठीक कराकर जलापूर्ति फिर से शुरू करा दी गई है। पांच दिन से पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारण परेशान ग्रामीणों को अब राहत मिली है। ग्राम कुरसंडा में पेयजल योजना के तहत बनी पानी की टंकी से होने वाली जलापूर्ति जलकल परिसर की मोटर खराब होने के कारण ठप हो गई थी। इससे योजना से जुड़े घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था। अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और जलकल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मोटर खराब होने की पुष्टि हुई। इसके बाद जलापूर्ति व्यवस्था के अनुरक्षण और देखभाल का कार्य कर रही कंपनी को जानकारी देकर मोटर ठीक कराई गई। मोटर दुरुस्त होने के बाद पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई। जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता मोहित कुमार ने बताया कि कुरसंडा पेयजल योजना की खामियों को दूर कर दिया गया है। अब योजना से जुड़े सभी घरों में पानी पहुंच रहा है।

कांग्रेस ने सौरभ पोरवाल को सौंपी पश्चिमी यूपी में प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी

बोले जनहित में जारी रहेगा संघर्ष, व्यापारियों ने किया स्वागत सम्मान





फिरोजाबाद। युवा व्यापारी सौरभ पोरवाल ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने इसके लिए राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया। सौरभ ने कहा कि कांग्रेस ऐसी विचारधारा है, जो जाति-पाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। वह मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे और युवाओं की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने वोट चोरी के मुद्दे और फिरोजाबाद स्नातक चुनाव से जुड़े हालिया प्रकरण का जिक्र करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। सौरभ ने आरोप लगाया कि सरकार के वादे जमीन पर साकार नहीं हो रहे हैं और भाजपा की कथित तानाशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है और आगे भी जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाती रहेगी। नवनियुक्त प्रदेष महासचिव युवा कांग्रेस सौरभ पोरवाल का व्यापार मंडल के पदाधिकारियों मनोज कुमार जादौन, डा. वकार अहमद, राजेंद्र वाजपेयी, बृजेष कुमार, रत्नेष यादव, अंषू अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, अर्जुन सिंह, सलमान आदि ने स्वागत किया।

सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत, चालक फरार

फिरोजाबाद। थाना मक्खनपुर क्षेत्र में खाटू श्याम मंदिर के पास बाईपास रोड पर शनिवार को दर्दनाक हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई। धान से भरे ट्रैक्टर में पीछे से किसी अन्य वाहन की टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर पलट गया, जिसमें सवार रवि (40) पुत्र रामसेवक और दीपू उर्फ कर्मवीर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी एदलपुर, थाना सिरसागंज की जान चली गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गया। दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाए गए, जहां शनिवार सुबह परिजनों ने हादसे की जानकारी दी। बताया गया कि टक्कर मारने वाले वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर और दूसरे वाहन को थाने में खड़ा करा दिया है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घटना को लेकर मृतकों के परिजनों ने पोस्टमार्टम गृह पर मीडिया को उक्त जानकारी दी।

10 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान यूनियन का हल्लाबोल, 25 अक्टूबर से भूख हड़ताल का ऐलान

खाद की कालाबाजारी, बिजली, फसल खरीद और दूध के दाम बढ़ाने तक की मांगें उठाएगा संगठन



फिरोजाबाद। किसानों, पशुपालकों और जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन धनसिंह कोतवाल ने आंदोलन का ऐलान किया है। जिला अध्यक्ष श्यामवीर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में 25 अक्टूबर 2026 से ग्राम सलेमपुर आनन्दीपुर स्थित प्राचीन भोलेनाथ मंदिर परिसर में भूख हड़ताल और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने जिला प्रशासन के समक्ष 10 सूत्रीय मांगें रखी हैं और सभी किसान संगठनों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। यूनियन की प्रमुख मांगों में 938 वर्ष पुराने बताए जा रहे भोलेनाथ मंदिर की जर्जर हालत की जांच और जीर्णोद्धार, डीएपी व यूरिया की कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर रोक, नकली बीज विक्रेताओं पर कार्रवाई, धान-बाजरे की सुचारू सरकारी खरीद और समय से भुगतान शामिल हैं। इसके अलावा नलकूपों के खराब ट्रांसफार्मर 24 घंटे में बदलने, किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे निर्बाध बिजली देने, नलकूप किसानों के घरों में रातभर बिजली की व्यवस्था करने, दूध का खरीद मूल्य 10 रुपये प्रति लीटर बढ़ाने तथा पात्र महिलाओं की रुकी पेंशन बहाल करने की मांग की गई है। संगठन ने खाद की कालाबाजारी और अधिक कीमत पर बिक्री को लेकर जिला कृषि अधिकारी को दिए गए ज्ञापन पर की गई कार्रवाई का लिखित जवाब सार्वजनिक करने की भी मांग उठाई है। जिला अध्यक्ष श्यामवीर सिंह गुर्जर एवं संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन से सभी मांगों पर ठोस कार्रवाई करने की अपील की है।

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का बिगुल, गांव-गांव पहुंचेगा वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान



फिरोजाबाद। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय मिलन स्थली, मोढ़ा पर हुई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक आबिद कश्मीर ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में चुनाव आयोग का दुरुपयोग कर वोट चोरी के जरिए लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा के लिए गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले तक अभियान पहुंचाकर संघर्ष करेगी। जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव और महानगर अध्यक्ष शफात खान राजू ने कार्यकताओं से पूरी ताकत और ईमानदारी के साथ अभियान में जुटने का आह्वान किया। बैठक में संगठन की मजबूती और जनता के बीच अभियान के उद्देश्यों को पहुंचाने पर जोर दिया गया। इस दौरान हाजी सईद पटेल, पीसीसी हाजी नसीर अहमद, राजवीर सिंह यादव, जितेंद्र तिवारी, प्रदीप कुमार शर्मा, सगीर कुरैशी, जगदीश वाल्मीकि, सतीश अग्रवाल, यूथ जिलाध्यक्ष चांद कुरैशी, शैलेन्द्र शुक्ला, शान्तिदास शंखवार, हाजी, संदीप कुमार ओझा, अमन द्विवेदी, योगेश कुमार, वीटू यादव, आकांक्षा तिवारी, अजय यादव, धर्मेंद्र यादव, अजय शर्मा, वैभव चतुर्वेदी, बीएस गौतम, जहीर खाकसार, जिला सचिव संजय यादव, मदनपुर ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, रणवीर गुर्जर, गिरन्द सिंह, उमर फारूक, पार्षद लाला राईन गांधी, अरशद कुरैशी, रामप्रवेश यादव, जयपाल यादव और दिलीप कुमार सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

फिरोजाबाद में मतदाता जागरूकता अभियान तेज, छात्र-छात्राओं के भरवाए फॉर्म-6

हेल्प डेस्क से युवाओं को मिला पंजीकरण का सहयोग, छह बूथों पर बीएलओ रहे सक्रिय



फिरोजाबाद। जनपद में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पात्र छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल के निर्देशन में ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी डॉ. हिमांशु शर्मा ने हेल्प डेस्क लगाकर युवाओं के ऑनलाइन व ऑफलाइन फॉर्म-6 भरवाए और पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी। जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में श्री गर्ग इंटर कॉलेज, इटौरा और आरपीएस इंटर कॉलेज, भोडेला में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को मतदान का महत्व समझाते हुए पात्र युवाओं से समय पर मतदाता पंजीकरण कराने की अपील की गई। अभियान के दौरान भाग संख्या 13 पर प्रियंका कौशिक, 14 पर रजनीश कुमार, 15 पर मुनेश कुमार, 16 पर अनिल कुमार, 17 पर दीक्षा और 18 पर ममता शर्मा ने बीएलओ के रूप में जिम्मेदारी निभाई।

अधिकारियों ने अभियान के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर जोर दिया।

कबाड़ गोदाम में भीषण आग, दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू





फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ क्षेत्र के नगला बरी चैराहे पर स्क्रैप (कबाड़) गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग करीब तीन से चार घंटे तक लगी रहने की जानकारी सामने आई है। गोदाम में कबाड़ और बिजली के सामान सहित विभिन्न वस्तुएं रखी होने के कारण कितना नुकसान हुआ, इसका फिलहाल अनुमान नहीं लगाया जा सका है। सूचना पर दमकल की गाड़ियां और थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी रहीं। समाजसेवी डॉक्टर जफर आलम के मुताबिक, गोदाम उनके मित्र फुरकान अली का है। उन्होंने बताया कि गोदाम में रखे कुछ कीमती सामान को सुरक्षित किनारे कर लिया गया है, जबकि बाकी सामान के नुकसान का आकलन नहीं हो सका है। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि किसी मजदूर द्वारा बीड़ी-सिगरेट पीकर छोड़ने से आग लगी हो सकती है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया गया कि गोदाम में बिजली का कनेक्शन भी नहीं था। फिलहाल दमकल की गाडियों ने आग पर काबू पा लिया।

खेत पर किसान को सांप ने काटा, इलाज के दौरान मौत

फिरोजाबाद। एका क्षेत्र के गांव मदीपुर पेड़त निवासी 53 वर्षीय किसान दिनेश कुमार पुत्र रामप्रकाश की सर्पदंश के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, दिनेश कुमार बीती शाम अपने खेत पर गए थे, जहां किसी सर्प ने उनके पैर में काट लिया। घर लौटकर उन्होंने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें सरकारी ट्रॉमा सेंटर फिरोजाबाद ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन देर रात जिंदगी और मौत के बीच चल रही जंग में किसान हार गया। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजनों ने बताया कि दिनेश कुमार खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं, जिनमें एक बेटी की शादी हो चुकी है। परिवार के मुखिया की अचानक मौत से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया और परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

उद्यान विभाग से मिलेगा किसानों को नकद मूल्य पर आलू का बीज

इच्छुक किसान उद्यान विभाग के विकसित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर, उठाएं लाभ

कासगंज। निदेशालय उद्यान विभाग लखनऊ के निदेर्शानुसार आदेश के क्रम में अनुदान पर आलू का बीज प्राप्त करने के लिए इच्छुक किसान उद्यान विभाग के विकसित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। जिला उद्यान अधिकारी कासगंज रवि-चन्द्र जयसवार ने अवगत कराया है कि जनपद के किसान रवी के सीजन में प्रमुख रुप से आलू की फसल का उत्पादन करते है। वर्तमान में जिले में किसान आलू की फसल की तैयारी में लगे हुए हैं। इस बीच अनुदान पर आलू उपलब्ध कराने के ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है।

समस्त आलू बीज का विक्रय नकद मूल्य पर किया जायेगा। प्रत्येक कृषक को प्रति प्रजाति (आधारित 1, आधारित 2, सीड साइज एवं ओवर साइज सहित) अधिकतम 0.5 हे० तथा सभी प्रजातियां मिलाकर के प्रति कृषक अधिकतम 2 हे० हेतु आलू बीज देय होगा। आवेदक कृषक द्वारा पोर्टल पर कम से कम 2 प्रजाति का चयन करना अनिवार्य होगा। उद्यान विभाग द्वारा कुफरी बहार, कुफरी सूर्या, कुफरी संगम, कुफरी ख्याति, कुफरी मोहन एवं कुफरी चिप्सोना-1, आदि प्रजातियों के बीज जनपद हेतु उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया है कि इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को उद्यान विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के लिए फोटो युक्त वैद्य पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक डिटेल, खसरा खतौनी, कुल देय धनराशि की 5 से 25 प्रतिशत तक की अग्रिम धनराशि जमा करने की रसीद की आवश्यकता होगी। अतः किसानो से अनुरोध है कि प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर अपना पंजीकरण यथाशीघ्र पोर्टल पर करना सुनिश्चित करें। तथा किसी भी कार्य दिवस में कमरा नं. 59 विकास भवन कासगंज में सम्पर्क कर सकते हैं।

मतदाता कैंपों का डीएम संतोष कुमार शर्मा ने किया निरीक्षण, युवाओं और महिलाओं के पंजीकरण पर जोर



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को मतदाता विशेष कैंप अभियान के तहत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर फॉर्म-6, 7 और 8 की प्रगति तथा मतदाताओं के दावे-आपत्तियों के निस्तारण की स्थिति का जायजा लिया। डीएम ने सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय सैलई स्थित बूथ संख्या 219 से 222 तथा राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास स्थित बूथ संख्या 223 से 230 का निरीक्षण किया। इसके बाद तिलक इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 1 व 2 और डीएवी इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 13 से 18 पर चल रहे अभियान की स्थिति देखी। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक, विशेषकर युवा मतदाता, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। कैंप में आने वाले प्रत्येक नागरिक को नियमानुसार आवेदन और आवश्यक प्रपत्र जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी सभी कार्य पूरी निष्ठा, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं का अलग डाटा संधारित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदाताओं को सूची में अपना नाम खोजने में आसानी हो, इसके लिए बीएलओ रजिस्टर को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित रखने को कहा। उन्होंने पात्र नागरिकों के पंजीकरण और दावे-आपत्तियों के निस्तारण में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए।

बी-पैक्स समितियों के समस्त कार्यरत सचिवों एवं कर्मचारियों का होगा सत्यापन

जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार समितियों के कर्मचारियों की नियुक्ति एवं अभिलेखों की होगी जांच

■ **सहकारी समितियों में पारदर्शिता एवं नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान**

कासगंज। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, कासगंज अशोक कुमार चैधरी द्वारा अवगत कराया गया है कि आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता, उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार जनपद की समस्त बी-पैक्स समितियों में कार्यरत कैडर सचिव, नॉन कैडर सचिव, प्रभारी सचिव, आंकिक, लिपिक, विक्रेता, सहयोगी एवं चैकीदारों की नियुक्ति तथा अभिलेखों का सत्यापन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जनपद की समस्त बी-पैक्स समितियों में कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में प्राप्त शिकायतों एवं नियुक्तियों की वैधता की जांच के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में शासन के पत्र दिनांक 12 अक्टूबर 2026 के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि समस्त बी-पैक्स कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण करते हुए निर्धारित समयावधि में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन सहकारिता अनुभाग-1 द्वारा सरकारी गजट संख्या 190/49-1-2026 दिनांक 01 जुलाई 2026 प्रकाशित किया गया है। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम, 1966 की धारा-3 की उपधारा (1) के कार्यरत कर्मचारियों द्वारा हड़ताल प्रतिबंधित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त आदेश के अंतर्गत संबंधित कर्मचारियों द्वारा हड़ताल अथवा कार्य बहिष्कार किए जाने की स्थिति में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनपद की समस्त बी-पैक्स समितियों में कार्यरत कैडर सचिव, नॉन कैडर सचिव, सहयोगी एवं चैकीदारों को निर्देशित किया है कि वे स्वयं तथा अपनी समितियों के कर्मचारियों से संबंधित नियुक्ति एवं अन्य आवश्यक अभिलेख निर्धारित समय पर सहकारी समितियों एवं संघों के संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराएं। साथ ही सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए विभागीय कार्यों को समयबद्ध एवं सुचारु रूप से संपादित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा आदेशों की अवहेलना पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

युवा सम्मेलन में भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं से जुड़ने का संदेश

■ **श्री रामलीला महोत्सव के समापन पर देव मंच पर हुआ आयोजन, युवाओं की जिम्मेदारियों पर हुई चर्चा**

कासगंज/गंजडुंडवारा। श्री रामलीला महोत्सव के समापन के बाद शुक्रवार रात देव मंच पर युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें वक्ताओं ने युवाओं को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जुड़ने का संदेश दिया। साथ ही युवाओं के भविष्य और समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर विचार व्यक्त किए गए।

मुख्य आध्यात्मिक वक्ता श्री किशोरी ने युवाओं को संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी देश का भविष्य होते हैं। संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करते हुए अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षाविद् एडवोकेट राहुल गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति की विश्व में विशिष्ट पहचान है।

युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना चाहिए। मुख्य अतिथि डा. ब्रजेश यादव ने सनातन संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। वहीं, सुषमा दीदी ने युवा पीढ़ी की चुनौतियों और उज्ज्वल भविष्य के विषय में विचार रखे।

सम्मेलन में अमित प्रकाश महाजन, सचिन गुप्ता, अतुल महाजन, सुरेशचंद्र आर्य, स्कंद महाजन, विजय गुप्ता, मेगेन्द्र पाल सिंह राठौर, संजीव गुप्ता, अंकित भूषण, प्रफुल्ल जैन, अमित कुमार, रिंकू, विनीत कुमार गुप्ता, प्रदीप गुप्ता और गौरव गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमार कार्रवाई, तीन नमूने जांच हेतु भेजे गए

कासगंज। आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर जनमानस को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जनपद कासगंज की टीम द्वारा निरीक्षण एवं प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह कासगंज के आदेशों के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-कुलदीप सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने तहसील पटियाली के अंतर्गत थाना दरियावगंज स्थित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुनील स्वीट्स से खोया, बांके बिहारी स्वीट्स से लौंज तथा राकेश कुमार एवं मम्मी-पापा स्वीट्स से बर्फी के नमूने संग्रहित किए गए। संग्रहित तीनों नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद के समस्त खाद्य कारोबारकताओं को निर्देशित किया गया है कि खाद्य पदार्थों में कलर का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करें तथा एल्यूमिनियम वर्क के स्थान पर चांदी के वर्क का ही प्रयोग करें। खाद्य पदार्थों के भंडारण एवं बिक्री के दौरान स्वच्छता और गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखें।

विभाग ने चेतावनी दी है कि किसी भी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा पुराने अथवा मिलावटी खाद्य पदार्थों का निर्माण या बिक्री जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

स्लीपर बसों में सुरक्षा मानकों की जांच, आधा दर्जन वाहनों के चालान

ओवरलोडिंग पर पांच ट्रक बंद, वाहन चालकों पर 1.72 लाख रुपये का जुमार्ना

कासगंज। जनपद में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए परिवहन विभाग ने शनिवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। एआरटीओ आरपी मिश्र के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान लंबी दूरी की स्लीपर बसों में सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई। नियमों की अनदेखी और लापरवाही मिलने पर आधा दर्जन वाहनों के चालान किए गए, जबकि ओवरलोडिंग के मामले में पांच ट्रकों को बंद कर दिया गया। विभाग ने वाहन चालकों पर कुल 1.72 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। शनिवार को परिवहन विभाग की टीम ने स्लीपर बसों में यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मानकों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बसों में इमरजेंसी एग्जिट, अग्निशमन यंत्र, सीटों की स्थिति और अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। अभियान का उद्देश्य लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और बस संचालकों को निर्धारित नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना रहा। इसके साथ ही टीम ने ओवरलोडिंग के खिलाफ भी कार्रवाई की। जांच के दौरान पांच ट्रक निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर जाते मिले। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर अधिकारियों ने सभी पांच ट्रकों को बंद करा दिया। वहीं, विभिन्न अनियमितताएं मिलने पर आधा दर्जन वाहनों के चालान किए गए। एआरटीओ आरपी मिश्र ने बताया कि सड़क पर चलने वाले वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

विवेकानन्द यूथ अवार्ड के लिए 31 अक्टूबर तक करें आवेदन

उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को मिलेगा सम्मान

■ **15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं से तीन प्रतियों में मांगे गए प्रस्ताव**

■ **सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले युवा कर सकते हैं आवेदन**

कासगंज। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत विवेकानन्द यूथ अवार्ड प्रदान किए जाने हेतु जनपद के पात्र एवं इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट एवं समाजोपयोगी कार्यों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें विशिष्ट पहचान दिलाने के उद्देश्य से यह अवार्ड प्रदान किया जाएगाइस पुरस्कार के अंतर्गत खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा पारंपरिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल एवं शैक्षिक उत्कृष्टता तथा स्मार्ट लर्निंग आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक युवा किसी भी कार्य दिवस में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, कासगंज से आवेदन पत्र का प्रारूप निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदकों को अपने उत्कृष्ट कार्यों से संबंधित प्रस्ताव एवं आवश्यक विवरण दिनांक 31 अक्टूबर 2026 तक तीन प्रतियों में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, कासगंज में उपलब्ध कराने होंगे। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने जनपद के पात्र युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत कर इस अवसर का लाभ उठाएं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए श्री प्रेमप्रताप सिंह से मोबाइल नंबर 9012252225 पर संपर्क किया जा सकता है।

त्योहारों, चुनाव काउंटिंग को लेकर बरतें सतर्कता: ओपी. आर्य

❑मंडलायुक्त की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों, कानून-व्यवस्था को लेकर हुई बैठक



अलीगढ़। मंडलायुक्त ओपी. आर्य की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों, कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की। इसमें मंडल के सभी जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण, अभियोजन की प्रगति एवं न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए संबंधित अफसरों को निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने कहा कि आगामी त्योहारों, चुनाव काउंटिंग को देखते हुए सभी जिलों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें। सभी आवश्यक निरोधात्मक, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करें। संवे. दनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए और शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले असामा. जिक तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान लोगों को सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण वातावरण देने को पर्याप्त पुलिस की तैनाती, नियमित गश्त, प्रभावी हो। सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक, आपत्तिजनक सूचनाओं पर सतर्क दृष्टि रखें, अफवाह और अप्रिय स्थिति की सूचना पर तत्काल कार्रवाई हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था के संबंध में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं।

अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ओपी आर्य ने कहा कि आपराधिक मामलों में प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण पैरवी सुनिश्चित हो, जिससे दोषियों को सजा दिलाने और पीड़ितों को न्याय उपलब्ध कराने में तेजी ला जा सके। गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए उनकी नियमित समीक्षा हों। उन्होंने पुलिस, अभियोजन विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने, साक्ष्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और गवाहों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपराध नियंत्रण एवं जनसुरक्षा के लिए अधिकारियों का सक्रिय, जवाबदेह, परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण जरूरी है। अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें। बैठक में डीआईजी प्रभाकर चौधरी, डीएम अलीगढ़ अविनाश कुमार, डीएम हाथरस सत्य प्रकाश पटेल, डीएम कासगंज प्रणय सिंह, डीएम एटा एम. अरुनमोली आदि मौजूद रहे।

सपाइयों ने युवाओं को मतदान के प्रति किया जागरूक



अलीगढ़। सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर ने पार्टी पदाधिकारियों, ग्राम प्रधान वकील यादव, जगदीश प्रधान, विकास, महेंद्र सिंह, कौशल किशोर, राजेश कुमार, राकेश कुमार, राजपाल यादव बीडीसी आदि के साथ नगला बरी प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर युवाओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया।

लक्ष्मी धनगर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। मतदान केवल हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने कहा कि बच्चों, युवाओं को लो. कतांत्रिक मूल्यों और मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करना जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ी अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहे। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से लो. कतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

पंजरी में निकली मां काली की शोभायात्रा



अलीगढ़। अलीगढ़ गोंडा रोड पींजरी पैंठ स्थित दुर्गा मां मंदिर से मां काली की शोभायात्रा का शुभारंभ भाकियू चौधरी चरण सिंह के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने किया। मां काली की शोभायात्रा श्री प्रचंड महाकाली अखाड़ा गोंडा के कलाकारों ने निकाली। मां की सुंदर झांकियां ने पूरे गांव पींजरी में भ्रमण किया। गांव की परिक्रमा करते हुए पींजरी पैंठ दुर्गा मां मंदिर पर समापन हुआ। इस दौरान डॉ राजेंद्र कुमार शर्मा अर्जुन सिंह फौजी सुखबीर सिंह पहलवान रूपेंद्र जैन कौशल चौधरी अरुण चौधरी प्रशांत चौधरी मोनू शर्मा सर्वेश प्रधान तुलाराम बाबा बच्चू सिंह आदि मौजूद रहे।

बैंक खाते की डिटेल, ओटीपी, पासवर्ड न करें किसी से साझा

अलीगढ़। इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर के तत्वाधान में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह में पुलिस ने हबीब गार्डन मैरिस रोड पर आयोजित साइबर जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआईजी रहे। साइबर एक्सपर्ट ने लोगों को साइबर अपराध व उनसे बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरुक किया।

साइबर एक्सपर्ट अनुज अग्रवाल ने लोगों को वर्तमान समय में प्रचलित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल धोखाधड़ी के तरीकों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानक. ारी दी। लोगों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, लिंक, ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराध, बैंकिंग धोखाधड़ी जैसी घटनाओं के प्रति जागरूक करते हुए उनसे बचाव के प्रभावी उपाय बताए।

एसएसपी ने लोगों को व्यक्तिगत जानकारी, बैंक खाते से संबंधित विवरण, ओटीपी, पासवर्ड किसी के साथ साझा न करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, सोशल मीडिया पर कोई भी जानकारी को साझा करने से पहले सत्यता की जांच करने को कहा। साइबर अपराध की घटना होने पर बिना विलंब किए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा आधिकारिक पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साइबर जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टरों के माध्यम से साइबर अपराधों से बचाव और ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कृष्णा इंटर कॉलेज, विन्डम पब्लिक स्कूल, सेंट फिदलिस स्कूल, ओएलएफ स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर गोंडा, एसएसओ पब्लिक स्कूल के बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया।



विक्रांत गर्ग सोशल मीडिया विभाग सहसंयोजन नियुक्त

अलीगढ़। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने बी. दास कंपाउंड के विक्रांत गर्ग को ब्रजक्षेत्र सोशल मीडिया विभाग में सहसंयोजक नियुक्त किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की जारी सूची में विक्रांत गर्ग को ब्रज क्षेत्र के सोशल मीडिया में सहसंयोजक पद पर नियुक्त किया है। विक्रांत गर्ग वर्ष 2012 में भाजपा के सक्रिय सदस्य बने, पूर्व अध्यक्ष दीपक मित्तल ने 2013 मे विक्रांत गर्ग को जल प्रबंधन प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया। 2016 से 2024 तक महानगर में आईटी संयोजक की भूमिका निभाई। वर्तमान में महानगर कार्यकारिणी के सदस्य है। नमो ऐप, सरल ऐप का संयोजक भी बनाया, जिसमें महानगर के हजारों कार्यकर्ताओं को नमो ऐप के से जोड़ा। भाजपा के कार्यकर्ताओं को सरल ऐप से जोड़ा कर सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को डिजिटल किया।

श्रीराम के एक ही बांण से जल उठे रावण मेघनाथ के पुतले



अकराबाद। गांव सुहावली में श्रीराम-रावण की सेनाओं के बीच भीषण युद्ध हुआ। अंत में श्रीराम के एक ही बांण ने रावण का अंत कर दिया।

गांव सुहावली में रावण दहन मेला आयोजित हुआ। मेला में दोपहर एक बजे से ही श्रीराम रावण के साथ दोनों की सेनाओं के बीच करीब तीन घंटे तक घमासान युद्ध चला। शाम छह बजे श्री राम और लक्ष्मण के एक ही अग्नि बाण से बुराई के प्रतीक रावण का अंत कर दिया। इस दौरान रामलीला कमेटी अध्यक्ष महेश चंद्र, कोषाध्यक्ष रबेंद्र कुमार सौनी, मंत्री रवेंद्र बघेल, भूपेंद्र शर्मा, काली चरन, पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद्र, नरेंद्र कुमार शर्मा, प्रेमपाल सिंह, विपिन कुमार, डा. नवनीत, विकास शर्मा, विनय गोस्वामी, तनुज गोस्वामी, भारत शास्त्री,नीतेश पाठक आदि मौजूद रहे।

वुमनियां डांडिया में दिखे सतरंगी रंग

अलीगढ़। गृह लक्ष्मी फाउंडेशन के तत्वावधान में होटल धीरज पैलेस के सिटी क्लब में 'वुमनियां डांडिया' कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में जहां नृत्य और प्रतियोगिता के सतरंगी रंग देखने को मिले, वहीं रंग बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने डांडिया नृत्य कर माहौल को खुशहाल बना दिया। फाउंडेशन की चेयरपर्सन काजल धीरज ने बताया कि भारतीय संस्कृति को त्योहारों के साथ मनाना और खुशियों को आत्मसात कराने के साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना गृह लक्ष्मी फाउंडेशन का उद्देश्य है। इस दौरान अलका, भारती, दीपम, श्रुति, दिव्या, दीप्ति, एकता, मीनू, जया, कजली, पल्लवी, कोकिला, कीर्ति, नीमा, नीरू, रुचि, शिवानी, खुशबू, सीमा, स्वेता, शिल्पी आदि मौजूद रहीं।




संवेदना, राजनीति के शिखर पूर्व प्रधानमंत्री पर लिखे शोध ग्रंथ का प्रकाशन

अलीगढ़। प्रतिष्ठित शिक्षाविद, साहित्यकार, समा. जसेवी, समीक्षक डॉ. दिनेश कुमार शर्मा, उनकी धर्मपत्नी डॉ. सोमवती शर्मा (प्रधानाचार्य) ने पूर्व प्रधानमंत्री शताब्दी पुरुष भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के संपूर्ण जीवन, संवेदना और राजनीति पर केंद्रित एक अनुपम शोध ग्रंथ का संपादन किया। बहुआयामी, सहज एवं सरल व्यक्तित्व के धनी डॉ. शर्मा दंपत्ति शिक्षा के क्षेत्र में एक सुदीर्घ व गौरवशाली यात्रा पूर्ण करते हुए वर्तमान में पूर्णत: साहित्य- सेवा में लीन हैं।

महत्त्वपूर्ण शोध ग्रंथ का प्रकाशन लायंस पब्लिकेशन ग्वालियर ने किया है। इस गौरवमयी ग्रंथ का प्राक्कथन पद्मश्री डॉ. जगमोहन सिंह राजपूत ने लिखा है। डॉ. शर्मा दंपत्ति द्वारा संपादित उत्कृष्ट कार्य भविष्य में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और साहित्यप्रेमियों के लिए एक अमूल्य और उपयोगी धरोहर सिद्ध होने का दावा किया है।

इस कृति के प्रकाशन पर भारतीय दार्शनिक और आध्यात्मिक चिंतक डॉ. जंग बहादुर पांडेय पूर्व अध्यक्ष हिन्दी विभाग, रांची विश्वविद्यालय, कविवर सूर्य ने गहन प्रसन्नता अभिव्यक्त की। उन्होंने कहा कि



पूर्व प्रधानमंत्री एक बेहद संवे. दनशील कवि और महान राजनेता थे। उनके जीवन पर आधारित यह श्रेष्ठ पुस्तक पाठकों द्वारा हमेशा बड़े चाव से पढ़ी जाती रहेगी। इस महान ग्रंथ का विमोचन विश्व हिंदी परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में दिनांक 30-31 अक्टूबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में प्रस्तावित है।

लाखों के जेवर, नकदी लेकर प्रेमी संग गई युवती

अलीगढ़। राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी से घर लौटते समय पीछे बैठी छात्रा ने एक चप्पल गिराकर भाई से बाइक रुकवाई। चप्पल पहनने के बहाने लौटी युवती पीछे से आए प्रेमी की बाइक पर बैठ चली गई।

इस मामले में युवती के पिता की ओर से दी तहरीर में कहा कि बेटी आरएमपीयू में ग्रेजुएशन की छात्रा है। शुक्रवार को छोटे भाई के साथ बाइक पर यूनिवर्सिटी गई। जहां से लौटते समय शाम करीब चार बजे गांव चमन नगरिया में स्कूल के समीप चप्पल नीचे गिरने की बात कहकर बाइक रुकवाई।

चप्पल पहनने के लिए बाइक से उतरकर वह पीछे की ओर गई तभी पिसावा के गांव बुलाकीपुर के भोला बाइक लेकर पहुंच गया। जिसकी बाइक पर बैठकर बेटी चली गई। बेटे से जानकारी मिलने पर उन्होंने घर में देखा तो ढाई लाख रुपये और सोने-चांदी के गहने भी लापता थे। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि रुपये और गहने उनकी बेटी साथ ले गई है। इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

दवा विक्रेता सम्मेलन, शैक्षणिक कार्यशाला आज

खैर। कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में दवा विक्रेता सम्मेलन व शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन रविवार सुबह 10 बजे से गौमत चौराहा स्थित कंचन फार्म हाउस में होगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद सतीश गौतम, राजस्व राज्यमंत्री सुरेंद्र दिलेर करेंगे। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चौ. कृष्णपाल सिंह उर्फ लाला प्रधान, खैर चेयरमैन संजय शर्मा, वहीं विशिष्ट अतिथि पिसावा चेयरमैन अनीता देवी, चंडौस चेयरमैन धर्मसिंह भारती, मंडल सहायक आयुक्त औषधि सुनील कुमार, औषधि निरीक्षक दीपक लोधी मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति अध्यक्ष राम कुमार रावत, चेयरमैन मोहन स्वरूप अरोरा और संगठन मंत्री गौरव कुमार शर्मा ने यह जानकारी दी।

ब्रिलिएंट स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले NCC कैडेट्स सम्मानित

अलीगढ़। ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, एनसीसी कैडेट्स के उत्साहवर्धन एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मान समारोह आयोजित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य श्याम कुंतैल ने सीबी. गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ में पिछले दिनों आयोजित सीएटीसी-50 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को उनकी एनसीसी रैंक, प्रमाण-पत्र, बैज देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य श्याम कुंतैल ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सहयोग एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कैडेट्स को प्रशिक्षण के दौरान अर्जित अनुभवों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा



भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और राष्ट्र का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कैडेट्स का उत्साहवर्धन करने के लिए सूब. दार मेजर नरेंद्र सिंह एवं सूब. दार श्रीनिवास विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों सैन्य अधिकारियों ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता और देशसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सशक्त राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एनसीसी का प्रशिक्षण उन्हें जिम्मेदार, साहसी और कर्तव्यपरायण नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। इस दौरान विद्यालय की एनसीसी केयरटेकर ऑफिसर तनु शर्मा भी मौजूद रहीं।

इन्हें मिली रैंक

आकर्षी अग्रवाल (सीनियर अंडर ऑफिसर), श्रुति गौड़ (जूनियर अंडर ऑफिसर), साक्षी (सार्जेंट), सिमरन (कॉर्पोरल), दीक्षा (लांस कॉर्पोरल), सांधवी (लांस कॉर्पोरल)

रामलीला के स्वरूपों ने हरिद्वार में गंगा स्नान कर निभाई परंपरा

हनुमान गुफा में भजन-कीर्तन के बाद प्रसादी वितरण

खैर। ऐतिहासिक रामलीला के समापन के बाद श्रीरामलीला मेला समिति खैर की ओर से परंपरा का निर्वहन करते हुए शनिवार को रामलीला के स्वरूपों, पात्र मंडल के कलाकारों ने कमेटी पदाधिकारियों के साथ हरिद्वार पहुंचकर मां गंगा में स्नान किया। इस दौरान सभी ने मां गंगा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की। कलाकार, कमेटी सदस्य हनुमान गुफा में भजन-कीर्तन कर प्रभु श्रीराम और हनुमानजी का गुणगान किया। भक्तिमय माहौल में आयोजित कार्यक्रम के बाद प्रसादी बांटी। रामलीला से जुड़ी परंपरा के माध्यम से कलाकारों और कमेटी के सदस्यों ने धार्मिक आस्था, आपसी सौहार्द-सांस्कृतिक विरासत के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान सुपर कमेटी अध्यक्ष पंकज रावत, रमेश चंद्र शर्मा, व्यास कांति प्रसाद शर्मा, यतेंद्र गौतम, कालीचरन विकल, सुशील शर्मा, बिजेंद्र रावत, विराट रोहतगी, चंद्रशेखर तोमर, आचार्य विकास शर्मा, सुधीर शर्मा, प्रतीक रावत, अतुल बागड़िया, हरिओम गुप्ता, मेला कमेटी अध्यक्ष अनमोल शर्मा, महामंत्री अभिषेक गंगल, चेतन रावत, ब्रह्मा गौतम, अंकित गौतम, चिराग अग्रवाल, रोहित विकल, सोनू वर्मा, पुनीत गर्ग, विष्णु वर्मा, ब्रजेश कुमार आदि अनेक मौजूद रहे।



विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान में पात्रों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने पर जोर

अलीगढ। डीइओ अविनाश कुमार ने शनिवार को विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत मैरिस रोड स्थित चिल्ड्रेन एकेडमी में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे पंजीकरण, मतदाता सूची के सत्यापन कार्यों का जायजा लेते हुए पात्र नागरिक. ों, विशेषकर युवा मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने पर जोर दिया। निरीक्षण में बूथ संख्या 50 पर इरम, 51 पर फिरदौस रिजवी, 52 पर फरजाना मजहर, 53 पर बुशरा फातिमा, 54 पर जगदीश, 55 पर किश्वर सुल्ताना, 56 पर खुशबू, 57 पर एस. बशीर उल हसन और 58 पर हिना परवीन कार्य करते पाए।

डीइओ ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान का उद्देश्य अधिक पात्रों, विशेषकर युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना है। पूर्व में तैयार मतदाता सूची का



पुन: सत्यापन किया जा रहा है, ताकि किसी पात्र व्यक्ति का नाम शामिल होने से छूट न जाए। अभियान के प्रभावी संच. ालन को बीएलओ को आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराने के साथ प्रशिक्षित भी किया और लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान नाम दर्ज कराने से छूटने वाले पात्र नागरिक 12 नवंबर से शुरू होने वाले विशेष अभियान के दौरान भी मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

26 को कांग्रेस की बैठक में आएंगे प्रदेश स्तर के दिग्गज नेता

अलीगढ़। कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव का चुनावी शंखनाद 26 अक्टूबर को अलीगढ़ से होगा। इसमें प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा, प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम सांसद इमरान मसूद पूर्व मंत्री सलमान खुर्शीद राष्ट्रीय सचिव शहर प्रभारी कुणाल चौधरी आज दर्जनों नेताओं द्वारा अलीगढ़ से चुनाव भी अभियान शुरू किया जा रहा है जिसकी तैयारी में अलीगढ़ की पूरी कांग्रेस जुटी हुई है।

सोमवार को कांग्रेस शंखनादा मीटिंग शहनाई मैरिज होम मैरिज रोड पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा एमएलए, राजेंद्र पाल गौतम पूर्व मंत्री प्रभारी यूपी, इमरान मसूद सांसद, सलमान खुर्शीद पूर्व मंत्री, कुणाल चौधरी विधायक राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी बृज जोन क्लोवर आएंगे। बैठक को लेकर कांग्रेसियों ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। वहीं चर्चा है कि विधानसभा 2027 की चुनाव की दावेदारी भी कुछ पादाधिकारी इस बैठक में कर सकते हैं, इसलिए कार्यकर्ता इस बैठक में दमखम दिखने का भी प्रयास करेंगे।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठा. सोमवीर सिंह, पूर्व विधायक विवेक बंसल, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद जियाउद्दीन रही, महानगर अध्यक्ष नावेद खान कार्यक्रम स्थल शहनाई मैरिज होम में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए। फोटो-- आज

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा, पूर्व विधायक विवेक बंसल, जिलाध्यक्ष ठा. सोमवीर सिंह जादौन, मोहम्मद जियाउद्दीन राही जिला संगठन उपाध्यक्ष प्रभारी जिला कांग्रेस, नवेद खान महानगर अध्यक्ष, शाहबाज जियाउद्दीन जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल संगठन के पदाधिकारियों में चुनाव को लेकर जोश का संचार करेंगे।

सपाइयों ने बूथ-बूथ जाकर वोटर लिस्ट जांची, भरवाया फॉर्म नं. 6

अलीगढ़। सपा के जिला प्रमुख प्रवक्ता बाबा फरीद आजाद के नेतृत्व में विभिन्न बूथों पर जाकर वोटर लिस्ट में नाम चेक किए। जिन लोगों के वोटर लिस्ट में नाम नहीं है उनका फॉर्म नंबर 6 भरवाया। जिनके नाम पहले थे लेकिन किसी कारण कट गए हैं उनके नए नाम बनवाए गए। वह युवा जिनकी 18 की उम्र हो रही है या हो चुकी है उनके फार्म भी भरवाए गए।



बाबा फरीद आजाद ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जो स्पेशल कैंप लगाए गए हैं उनमें समाजवादी पार्टी अलीगढ़ द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। समाजवादी पार्टी के सभी पदाधिकारी अलग-अलग बूथों पर गए और वहां पर आने वाली सभी समस्याओं का समाधान किया। बाबा फरीद आजाद ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी नागरिकों को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए और जिनके नाम वोटर लिस्ट में नहीं हैं उनको अपने नाम बढ़ाने चाहिए। सभी लोगों को जागरूक रहना चाहिए और एक दूसरे की मदद करनी चाहिए कि कोई भी भारत का नागरिक अपने मतदान अधिकार से वंचित न रहे।

बाबा फरीद आजाद ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के निर्देश अनुसार प्रदेश में सभी छूटे हुए नागरिक जिनका वोटर लिस्ट में नाम नहीं है उनका वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने को लोगों का सहयोग और मदद करें। इस दौरान जिला सचिव मोहम्मद नदीम खान, मरियम फातिमा, मोहम्मद फहद खान, मोहम्मद अर्हम खान आदि मौजूद रहे।

विकास एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाएं, पात्रों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाएं: ओपी. आर्य

अलीगढ। मंडलायुक्त ओ. पी. आर्य की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मंडलीय विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने, लंबित परियोजनाओं का समयबद्ध निस्तारण करने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, अनुशासन, संवे. दनशीलता के साथ करें। विकास कार्यों का उद्देश्य केवल लक्ष्य पूरा करना नहीं, बल्कि लोगों को वास्तविक लाभ पहुंचाना। विभागीय समन्वय के अभाव में कोई भी परियोजना लंबित नहीं रहनी चाहिए। सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियंता प्रभात कुमार ने सेतु निर्माण में प्रगति और सड़क निर्माण कार्यों में सुधार के संबंध में जानकारी दी।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आयुक्त ने अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. नीरज त्यागी को जननी सुरक्षा योजना में पात्रों को शत-प्रतिशत लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समय से मिलना सुनिश्चित करें, ताकि लाभार्थियों को परेशानी न हो। फैमिली आईडी निर्माण, पर्यटन विभाग की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सीडीओ को अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने कहा कि विभाग राष्ट्र निर्माण से सीधे जुड़ा हुआ है। यदि बच्चों को जीवन की शुरुआत में ही पर्याप्त पोषण नहीं मिलेगा, तो इसका प्रभाव उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और



भविष्य पर पड़ेगा। इसलिए कुपोषण की रोकथाम, बच्चों के पोषण और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा में बताया गया कि अलीगढ़ एवं हाथरस की प्रगति सी श्रेणी में, जबकि एटा एवं कासगंज की प्रगति ए श्रेणी में रही है। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कमजोर प्रदर्शन के कारणों की समीक्षा कर प्रभावी सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने ने स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक में यह भी संज्ञान में आया कि कई परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद विद्युत विभाग स्तर से संयोजन लंबित हैं, जबकि संबंधित पैसा जमा हो चुका है। ऐसे प्रकरणों में विभागीय समन्वय के माध्यम से शीघ्र विद्युत संयोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का उपयोग जनहित में किया जा सके। जल जीवन मिशन ग्रामीण की समीक्षा के दौरान लंबित कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता, जल जीवन मिशन, हाथरस अजीत कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

'वृंदावनी दिवाली मेले' का विधायक ने किया उद्घाटन

बुलंदशहर। बुलंदशहर नगर के मुम्फोर्ड क्लब, मोती बाग स्थित हर्ष जेटली गार्डन में आयोजित 'वृंदावनी दिवाली मेले' का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप चौधरी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में भाजपा०महिला मोर्चा बुलंदशहर की जिलाध्यक्ष कल्पना वर्मा, हाथरस से भाजपा०महिला मोर्चा की पदाधिकारी मीरा माहेश्वरी, किरण बघेल, शारदा गुप्ता, पत्रकार सूर्यभूषण मित्तल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अभिनव वर्मा बीसीडीए जिला संरक्षक नलिन अग्रवाल तथा गौरी शंकर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अंशु मित्तल एव कुसुम सिंह सरोज खेतान, परव. ीना शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मेले की आयोजक श्रीमती बीना एल्हंस ने अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर मुख्य अतिथि प्रदीप चौधरी एवं उपस्थित का स्वागत एवं



अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं। दीपावली का पर्व हमें अंधकार से प्रकाश, निराशा से आशा और नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। वृंदावनी दिवाली मेले जैसे आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं, उद्यमियों और व्यापारियों को अपने उत्पादों एवं कला को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। मेले की आयोजक श्रीमती बीना एल्हंस ने कहा कि वृंदावनी दिवाली मेले का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, पारंपरिक कला और दीपावली के पावन पर्व पर भारतीय संस्कृति, परंपराओं और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने का संद. ेश दिया गया है। अंत में माँ लक्ष्मी एवं भगवान श्री गणेश से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली बनाए रखने की कामना की गई।

नानी को दफन कर घर लौट रहे UPSSSC: 39 केंद्रों पर 1.14 लाख से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

- प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर, स्टेटिक एवं जोनल मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात
- 25, 30 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को दो-दो पालियों में होगी परीक्षा

अलीगढ़। यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की। डीएम अविनाश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में परीक्षा की पवित्रता एवं शुचिता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता, नकल अथवा अनुचित गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई होगी।

एडीएम सिटी संगीता ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि जिले में रविवार, 30 अक्टूबर और 01 नवंबर को करीब छह पालियों में महानगर के 39 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी। प्रत्येक दिवस दो पालियों में परीक्षा होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक है। परीक्षा में कुल 1,14,624 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

डीएम ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केंद्रों पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट अपने दायित्वों का पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। अधिकारी परीक्षा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं पर कड़ी निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की समस्या, अनियमितता सामने आने पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश, अभ्यर्थियों की पहचान, परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं का अनुपालन करें। परीक्षा की गोपनीयता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग, नकल कराने, व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने के प्रयास पर प्रभावी कार्रवाई होगी।

इन परीक्षा केंद्र पर होगी परीक्षा

अल बरकात पब्लिक स्कूल, आयशा तारीन मॉडर्न पब्लिक स्कूल, ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, चंपा अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज, चिरंजीलाल बालिका इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, डीएस डिग्री कालेज, डीएस बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डीएस इंटर कॉलेज, गगन पब्लिक स्कूल आगरा रोड, गगन पब्लिक स्कूल खैर बाईपास रोड, गोपी राम पालीवाल इंटर कॉलेज, राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज, हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, जनता इंटर कॉलेज छेरत, के एंड एसआरएमबी इंटर कॉलेज, लगसमा इंटर कॉलेज, महर्षि विद्या मंदिर निकट समृद्धि टाउनशिप, नौरंगीलाल इंटर कॉलेज, नवाब सिंह चौहान इंटर कॉलेज, नीहारमीरा नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेडिएंट स्टार्स इंग्लिश स्कूल, रघुवीर बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रघुवीर सहाय इंटर कॉलेज, रतन प्रेम डीएवी बालिका इंटर कॉलेज, एसएमबी इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शांतिनिकेतन वर्ल्ड स्कूल, वार्ष्णेय डिग्री कालेज, लक्ष्मी राज इंटर कॉलेज गभाना, महेश्वर गर्ल्स इंटर कॉलेज, शिवदान सिंह इंटर कॉलेज, उदय सिंह जैन गर्ल्स इंटर कॉलेज, टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज, टीकाराम कन्या डिग्री कालेज, स्वामी कृष्णानंद इंटर कॉलेज, श्री डॉट सेवा मार्ग पब्लिक स्कूल और विश्व भारती पब्लिक स्कूल शामिल हैं।

दो भाइयों की रोड एक्सीडेंट में मौत

बुलंदशहर। खुर्जा स्थित एनएच०-34 पर बगराई कट के पास विगत शाम तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार चचेरे दो भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। जो अनूपशहर में अपनी नानी की गमी में शामिल होकर लौट रहे थे। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कार जब्त की।

पीरजादगान मोहल्ला के कल्ले हकीम चौक निवासी जीशान ने बताया कि उनके ताऊ का बेटा मुजम्मिल (35) और चाचा का बेटा असद (21) बाइक पर सवार होकर अनूपशहर गए थे। जहां शुक्रवार को असद की नानी का इंतकाल हो गया था तो उनको सुपुर्द ए खाक किया गया। परिवार के अन्य लोग भी अलग-अलग सवारियों से अनूपशहर गए हुए थे। विगत दोपहर करीब तीन बजे मुजम्मिल और असद दोनों अनूपशहर से खुर्जा के लिए रवाना हुए थे। शाम करीब चार बजे जब एनएच-34 पर बगराई कट के पास पहुंचे। तभी अलीगढ़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मुजम्मिल और असद दोनों करीब 200 मीटर दूर जाकर गिरे और लहूलुहान हो गए। बाइक के परखच्चे उड़ गए और कार के एयर बैग तक खुल गए। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस टीम मौके पर गई और घायलों को जटिया अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। दोनों भाइयों को मृत देख परिजन बिलख उठे। वहीं, मोहल्ले में मातम पसर गया। अनूपशहर गमी में मौजूद





परिवार के लोग भी हादसे के बाद खुर्जा आ गए। वहीं पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम जांच के लिए भेज दिया।

बेटे ने ही पिता के हाथ में मारी थी गोली, दो गिरफ्तार

बुलंदशहर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में जमीन हड़पने के लिए एक शातिर साजिश का पर्दाफाश हुआ है। विपक्षी को झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने और उसकी जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से खुद पर गोली चलवाने वाले मुख्य साजिशकर्ता पिता-पुत्र समेत तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीते 30 सितंबर 2026 को थाना कोतवाली देहात पर वादी श्रीपाल सिंह ने तहरीर दी थी कि उसके पिता ब्रहांसिंह को जान से मारने की नीयत से गोली मारकर घायल कर दिया गया है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने अशोक कुमार और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या के प्रयास व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि नामजद किए गए अशोक कुमार को झूठा फंसाया गया था, जबकि यह पूरी घटना ब्रहांसिंह ने अपने बेटे और एक अन्य साथी के साथ मिलकर खुद रची थी। पुलिस पूछताछ में घटना का जो कारण सामने आया, उसने सभी को हैरान कर दिया।

करीब 10 साल पहले अभियुक्त ब्रहांसिंह ने विपक्षी अशोक कुमार के पिता बदले सिंह से रुपये लेकर 3 बीघा जमीन का इकरारनामा किया था। समय सीमा पूरी होने के बाद भी ब्रहांसिंह ने न तो रुपये लौटाए और न ही जमीन का बैनामा किया। इसके बाद बदले सिंह कोर्ट अदालत पहुंचे। वर्ष 2020 में बदले सिंह की मृत्यु के बाद उनके बेटे अशोक कुमार (जो वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में एसएसबी में तैनात हैं, छुट्टी पर आए थे) ने मुकदमे की पैरवी जारी रखी। वर्ष 2024 में अदालत ने अशोक कुमार के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बैनामा करने का आदेश दिया। इसके खिलाफ ब्रहांसिंह ने अपील दायर की थी, जिसकी सुनवाई 30 सितंबर 2026 को होनी थी।

इसी तारीख को आधार बनाकर ब्रहांसिंह ने अपने बेटे श्रीपाल सिंह और उसके साले रोहित के साथ मिलकर अशोक को फंसाने की साजिश रची और रोहित ने ब्रहांसिंह के हाथ में गोली मार दी ताकि सारा इल्जाम अशोक पर आ जाए। घिरफ्तार की पहचान श्रीपाल सिंह, ब्रहां सिंह, रोहित के रूप में हुई है।

302 जोड़े विवाह बंधन में बंधे विधायकों ने दिया

नुमाइश ग्राउंड में हुआ आयोजन

बुलंदशहर। नुमाइश ग्राउंड में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित समारोह में 302 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इनमें 270 हिंदू और 32 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। सदर विधायक प्रदीप चौधरी, स्याना विधायक देवेंद्र सिंह लोधी और सिकंद. राबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की।

समारोह में सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल है। इससे जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता मिलती है। उन्होंने पात्र परिवारों से योजना का लाभ उठाने की अपील की।

योजना के तहत प्रत्येक पात्र जोड़े के लिए कुल एक लाख रुपये की सहायता का प्रावधान बताया गया। इसमें 64 हजार रुपये की धनराशि, 21 हजार रुपये की विवाह सामग्री और 15 हजार रुपये आयोजन व्यय के लिए निर्धारित हैं।

समारोह में परियोजना निद. शक, डीसी एनआरएलएम, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विकास अधिकारी तथा अनूपशहर और बुलंदशहर के खंड विकास अधिकारियों समेत अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह में नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों में उत्साह का माहौल रहा।

श्मशान घाट के भवन में जंगले से लटकी मिली युवक की लाश

बुलंदशहर। जहांगीराबाद के गांव अमरगढ़ स्थित श्मशान घाट में युवक का शव फंदे से लटका मिला। जिसकी पहचान अमरगढ़ निवासी लोकेश (30) के रूप में हुई। युवक की मौत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। श्मशान घाट की ओर गए ग्रामीणों ने वहां बने भवन के जंगले से शव लटकता देखा। कुछ ही देर में मौके पर अन्य ग्रामीण, राहगीर मौके पर एकत्र



हो गए। अमरगढ़ फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के स्पष्ट कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लग सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है।

सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने

पोक्सो एक्ट में बंद वृद्ध बंदी की इलाज के दौरान मौत

बुलंदशहर। जेल में बंद वृद्ध बंदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह पिछले काफी समय से बीमारियों से पीड़ित थे और चार बार पैरालिसिस भी हो चुका था। परि. जनों ने कारागार प्रशासन पर समय पर उचित इलाज न देने, लापरवाही का आरा. ेप लगाया है, जिसे जेल प्रशासन ने खारिज करते हुए तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाने की बात कही।

जिला कारागार प्रशासन के अनुसार बुकलाना गांव निवासी सागर सिंह (93) को नरसेना पुलिस ने 23 मार्च, 25 को पाक्सो, एससी-एसटी एक्ट के आरोपों में जेल भेजा था। तभी से वह बंद थे। वह बीमारी के चलते पहले भी मेरठ मेडिकल कॉलेज, दिल्ली एम्स में इलाज कराया जा चुका था। शुक्रवार रात उनकी तबीयत फिर से बिगड़ी।

इसके बाद जेल प्रशासन ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों की टीम ने जांच के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। अफसरों ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट होगा। वृद्ध की मौत की सूचना वा परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सागर सिंह पिछले लंबे समय से गंभीर रूप से बीमार थे। आरोप है कि अधिक उम्र और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होने के बाद उन्हें जेल में उचित चिकित्सा सुविधा नहीं दी गई।

मेले में गर्म तेल की कढ़ाई में गिरी बच्ची

बुलंदशहर। अहार के गांव मौहरसा में आयोजित बाराही मैया मेले में शनिवार शाम मिठाई की दुकान पर पहुंची 10 साल की चिंकी अचानक गर्म तेल की कढ़ाई की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई।

गांव मौहरसा में बाराही मैया का मेला लगा हुआ है। मेले में बालिका चिंकी के मामा और मां ने मिठाई की दुकान लगा रखी थी। दोपहर बाद बच्चे भी दुकान पर पहुंच गए। बताया गया कि शनिवार शाम करीब सात बजे चिंकी अपने मामा की दुकान पर पहुंची। उस समय दुकान पर गर्म तेल की कढ़ाई में जलेबी बनाकर बेची जा रही थीं। इसी दौरान अचानक बैठने के प्रयास में चिंकी गर्म तेल की कढ़ाई में गिर गई। हादसा होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने तत्काल बालि. का को कढ़ाई से बाहर निकाला और बिना देर किए उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जहांगीराबाद पहुंचाया, जहां उसे भर्ती कराया। बच्ची के साथ मामा निक्की, नानी गीता समेत अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे।

तमिलनाडु में भारी बारिश का कहर, डिंडीगुल में श्रीलंकाई शरणार्थी शिविर के 100 से ज्यादा घरों में घुसा पानी

चेन्नई। तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले में शुक्रवार रात हुई मूसलाधार बारिश के चलते पुलियामपट्टी स्थित श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी शिविर पानी से भर गया, जिसके चलते शिविर के 100 से अधिक घर जलमग्न हो गए हैं और पीड़ित परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात का जायजा लेने शनिवार को मौके पर पहुंचे जिला कलेक्टर एस. दुर्गा मूर्ति ने प्रभावित लोगों से बातचीत की और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने प्रभावित लोगों से बातचीत की ताकि उनकी परेशानियों को समझा जा सके और जलभराव के स्तर का जायजा लिया जा सके। वहां रहने वालों ने बताया कि बारिश का पानी तेजी से जमा होने लगा, जिससे घर जलमग्न हो गए और परिवारों को अपने बच्चों और सामान को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार, जल निकासी के रास्ते बंद होने और जलाशयों के उफनने से हालात बिगड़ गए। रिहायशी इलाके के पास स्थित 40 फीट गहरा खुला कुआं लबालब भरने से तेज बारिश के दौरान सुरक्षा को लेकर खतरा और बढ़ गया। लोगों ने बताया कि जमा पानी निकालने के लिए अवरुद्ध रास्तों को तोड़कर अस्थायी नालियां बनाई गईं, लेकिन मलबे और चोक नालों के चलते पानी की निकासी में लगातार बाधा आती रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, कलेक्टर ने निवासियों को भरोसा दिलाया कि इस इलाके में बार-बार होने वाली जलभराव की समस्या को रोकने के लिए जरूरी राहत कार्य किए जाएंगे और जल निकासी का स्थायी समाधान निकाला जाएगा।





फ्रांस में फिर से विरोध-प्रदर्शन शुरू, पेरिस में संग्रहालय बंद, भारी पुलिस फोर्स तैनात

पेरिस। फ्रांस में फिर से विरोध-प्रदर्शनों का दौर शुरू हो गया है। इन विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर अधिकारियों ने शनिवार को बड़े पैमाने पर पुलिस फोर्स को तैनात किया है। साथ ही पेरिस के प्रमुख संग्रहालयों को बंद कर दिया गया है। सरकार की कोशिश है कि पिछले सप्ताह हुई हिंसा जैसी घटनाओं को फिर से होने से रोका जा सके। पिछले हफ्ते दुकानों में लूटपाट, गाड़ियों में आगजनी और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों पर हमलों के बाद ऐसा लग रहा था कि सरकार का नियंत्रण समाप्त हो गया है। नकाबपोश उपद्रवियों ने पेरिस सहित कई अन्य शहरों के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्रों को निशाना बनाया था। गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज ने बताया कि देशभर में करीब 70,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा हेलीकॉप्टर, बख्तरबंद वाहन और पानी की बौछार करने वाली गाड़ियां भी तैनात की गई हैं। पिछले सप्ताह पांच लाख से अधिक लोग सड़कों पर उतर आए थे, जिसे देखते हुए इस बार भी भारी भीड़ जुटने की आशंका है। 'लूर्व', 'ओरसे संग्रहालय', 'पिकासो संग्रहालय' और 'ग्रैंड पैलैस' जैसे पेरिस के प्रमुख संग्रहालयों को शनिवार को बंद रखा गया।



'आर्ट बेसेल' शुक्रवार को जनता के लिए खोला गया

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित समकालीन कला मेलों में से एक 'आर्ट बेसेल' शुक्रवार को जनता के लिए खोला गया था, लेकिन उपद्रव की आशंका को देखते हुए आयोजकों ने वीकेंड के कार्यक्रमों को रद्द कर दिया। पिछले वीकेंड के प्रमुख विरोध स्थलों में से एक, पेरिस के 'प्लेस डी ला रिपब्लिक' के पास एक बैंक शाखा और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को उपद्रवियों से बचाने के लिए लकड़ी के बड़े टुकड़ों से ढक दिया गया है। हिंसा के बाद, पेरिस पुलिस ने दुकानदारों को प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड्स तैनात करने की सलाह दी। हालांकि बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि कारोबारियों और उनके प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। पिछले सप्ताहांत पूरे फ्रांस में लगभग 3,000 दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया या उनमें लूटपाट की गई।

नस्ली हमले में एक व्यक्ति की मौत, पांच घायल

फ्रांसीसी अधिकारियों ने पेरिस के उपनगरीय इलाकों में हुई गोलीबारी की घटना को नस्ली भेदभाव से प्रेरित हमला बताया है। फ्रांस की राजधानी पेरिस के एक उपनगर में शुक्रवार को एक वाहन से की गई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 वर्षीय बच्ची समेत कम से कम पांच अन्य लोग घायल हो गए। गोलीबारी के कुछ ही देर बाद संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया और फ्रांस के राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी अभियोजक कार्यालय ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली। देश के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इसे "नस्ली भेदभाव से प्रेरित आतंकवादी हमला" बताते हुए कहा कि संदिग्ध के बयानों से संकेत मिलता है कि उसने पहले से इसकी साजिश रची थी। मैक्रों ने पेरिस के पश्चिम में स्थित ट्रैप्स उपनगर में अधिकारियों और स्थानीय निवासियों के साथ बैठक के बाद कहा, "लोगों को केवल उनकी त्वचा के रंग या उनके धर्म के बारे में धारणा के आधार पर निशाना बनाया गया। इसके अलावा कोई और कारण नहीं था।" उन्होंने कहा, "फ्रांस में ऐसी घटनाओं के लिए कोई जगह नहीं है।"

वेस्ट बैंक में इजराइली कार्रवाई:

300 फिलिस्तीनी घर ढहाने का दावा, 1,500 लोग बेघर

दो इजराइली सैनिकों की मौत के बाद हेब्रोन में सख्ती; नेतन्याहू बोले-इलाके को तबाह कर देंगे, चुनाव से पहले बढ़ा तनाव



हेब्रोन। इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में तनाव बढ़ गया है। हेब्रोन इलाके में एक सैन्य चेकपोस्ट पर हमले में दो इजराइली सैनिकों की मौत के बाद इजराइली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। रिपोर्ट के मुताबिक, इलाके में फिलिस्तीनियों के करीब 300 घर ढहा दिए गए, जबकि स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि लगभग 1,500 लोगों को घर छोड़ना पड़ा है। यह कार्रवाई इजराइल में प्रस्तावित आम चुनाव से तीन दिन पहले हुई है। बताया गया है कि शुक्रवार को सैन्य चेकपोस्ट पर हमले के बाद इजराइली सैनिकों और हमलावरों के बीच करीब 20 मिनट तक गोलीबारी हुई। सेना ने जवाबी कार्रवाई में दो हमलावरों को मार गिराने का दावा किया। इसके बाद हेब्रोन में आवाजाही पर सख्ती बढ़ा दी गई और कई स्थानों पर सैन्य चौकियां स्थापित की गईं। रिपोर्ट के अनुसार, करीब ढाई लाख की आबादी वाले शहर में लोगों की आवाजाही और रोजमर्रा के कामकाज पर असर पड़ा है।

नेतन्याहू और स्मोट्रिच ने किया दौरा

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच ने प्रभावित इलाके का दौरा किया। रिपोर्ट में नेतन्याहू के हवाले से कहा गया है कि इलाके को तबाह कर दिया जाएगा। स्मोट्रिच ने आसपास की उन अरब बस्तियों को भी गिराने की मांग की, जिन्हें इजराइली सरकार अवैध मानती है। उन्होंने गाजा और लेबनान जैसी सैन्य कार्रवाई की बात भी कही। इन बयानों से क्षेत्र में आगे कार्रवाई की आशंका बढ़ी है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, करीब 35 हेक्टेयर जमीन पर बनी बस्तियों को नष्ट किया गया है या उन्हें हटाने की तैयारी है। हालांकि, घरों की संख्या, विस्थापित लोगों के आंकड़े और कार्रवाई के दायरे की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है।

भारत से फ्रांस तक प्रदर्शनों के पीछे मास्टरमाइंड का खुला राज

एक ही शख्स भड़का रहा दुनिया में दंगों की आग, कटघरे में यूएस-चाइना और राहुल गांधी

नई दिल्ली। भारत में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध से लेकर फ्रांस और यूरोप में चल रहे आंदोलनों तक, अलग-अलग देशों के प्रदर्शनों को लेकर अमेरिकी पत्रकार असरा क्यू. नोमानी की 20 अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट में 101 संगठनों का जिक्र है जो यूरोप और एशिया में जेन जी को मोहरा बना कर दंगों की आग भड़का रहे हैं।इनमें से कुछ के तार नेविल रॉय सिंघम से जुड़े बताए गए हैं। नेविल रॉय सिंघम वही नाम है जो भारत समेत 13 देशों में हुए प्रदर्शनों से जुड़े नेटवर्क को लेकर चर्चा में है। भारत में जब भी किसी बड़े मुद्दे पर सड़कें प्रदर्शनकारियों से भरती हैं, तो सवाल सिर्फ नारों का नहीं, उनके पीछे काम कर रहे संगठनों और फंडिंग के स्रोतों का भी पता लगाया जाता है। नेविल रॉय सिंघम का नाम इसी बहस के केंद्र में है।



क्या है पूरा मामला?

20 अक्टूबर को प्रकाशित रिपोर्ट में उन संगठनों पर सवाल उठाए गए हैं, जो विभिन्न देशों में राजनीतिक आंदोलनों और प्रदर्शनों से जुड़े रहे हैं। रिपोर्ट में फ्रांस, भारत सहित 13 देशों में एक ही स्टाइल में हिंसा और दंगों को लेकर और अन्य देशों में सक्रिय समूहों के बीच संपर्कों और साझा राजनीतिक अभियानों का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल सहित कुछ ऐसे संगठनों का भी जिक्र है, जिनके संबंध सिंघम के नेटवर्क से बताए जाते हैं। आलोचकों का आरोप है कि इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय संपर्कों के जरिए अलग-अलग देशों में राजनीतिक मुद्दों को एक साझा अभियान का रूप दिया जा सकता है।

भाजपा के कांग्रेस पर तीखे सवाल

रिपोर्ट सामने आने के बाद भाजपा ने कांग्रेस को घेरते हुए सवाल उठाए हैं। पार्टी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने 10 अप्रैल 2025 को 10 जनपथ में प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। भाजपा ने सवाल किया कि क्या इस संगठन और कांग्रेस के बीच मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी रक्फके विरोध प्रदर्शनों को लेकर कोई समन्वय था। राहुल गांधी की वियतनाम यात्रा और नवंबर में प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर भी सवाल उठाए गए। भाजपा का आरोप है कि राहुलगांधी की विदेशी संगठनों के साथ राजनीतिक संपर्कों की जांच होनी चाहिए। सिंघम का नाम भारत में पहली बार नहीं उछला है। 2023 में द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक जांच रिपोर्ट में उनके वित्तीय नेटवर्क और वामपंथी संगठनों को दी गई आर्थिक मदद का उल्लेख किया गया था। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि उनके नेटवर्क से जुड़े कुछ संगठन चीन समर्थक विचारों को बढ़ावा देते हैं। इसके बाद न्यूजक्लिक की विदेशी फंडिंग को लेकर जांच तेज हुई। दिल्ली पुलिस ने अक्टूबर 2023 में पोर्टल के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने विदेशी धन के इस्तेमाल और चीन समर्थक प्रचार से जुड़े आरोप लगाए थे।हालांकि न्यूजक्लिक ने भी अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से इनकार किया था।



अपनी जिंदगी

चेतना

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

मानवीय अस्तित्व के समस्त क्रियाकलापों में समग्रता का भाव ही जीवन की वास्तविक सार्थकता है। चेतना की वह अवस्था, जहाँ प्रत्येक कृत्य अपनी पूर्णता में घटित होता है, वही योग का आधार बनती है। एक शिशु के व्यवहार में जिस तीव्रता का दर्शन होता है, वह उसकी भावनाओं की शुद्धता और अखंडता का परिचायक है। जब एक शिशु क्रोध व्यक्त करता है, तो उसके शरीर का प्रत्येक अवयव उस रोष में सम्मिलित होता है। उसके रोम-रोम से संवेग प्रकट होता है। इसके विपरीत, वयस्क जीवन में भावनाओं को प्रकट करने में एक प्रकार की कृपणता और संकोच का समावेश हो जाता है। मनुष्य जब अपने भावों को खंडित रूप में व्यक्त करता है, तो वे दमित होकर अंतर्मन में अवसाद का रूप ले लेते हैं। संवेगों की यह अपूर्णता ही मानसिक जड़ता का मूल कारण बनती है। जीवन के प्रत्येक आयाम में तीव्रता का संचरण ही साधक को समाधि के निकट ले जाता है। तीव्रता वह वेग है, जो मन को चंचलता से मुक्त कर उसे एक बिंदु पर केंद्रित करने की क्षमता रखता है। भावों की चरम सीमा पर पहुँचते ही मन स्वत: शांत हो जाता है। जिस प्रकार एक शिशु रुदन की अति के पश्चात अत्यंत शांति का अनुभव करता है, वैसे ही क्रोध, दु:ख, प्रेम अथवा ईर्ष्या जैसे संवेग जब अपनी पराकाष्ठा को स्पर्श करते हैं, तब उसके उपरांत एक नैसर्गिक मौन का उदय होता है। वयस्क जीवन में प्राय: इस प्रखरता का अभाव पाया जाता है। क्षुधा, निद्रा और कर्म सभी में वह तीव्रता शेष नहीं रह जाती। मनुष्य अपनी स्वाभाविक वृत्तियों को तीव्र होने का अवसर नहीं देता, जिसके कारण जीवन में एक प्रकार की शुष्कता और निस्तेजता व्याप्त हो जाती है। भय और सामाजिक संकोच इस मार्ग के सबसे बड़े अवरोधक हैं। संकोच के कारण मनुष्य स्वयं को भीतर ही भीतर इतना आबद्ध कर लेता है कि वह अपनी स्वतंत्र अभिव्यक्ति खो देता है। जब अभिव्यक्ति अवरुद्ध होती है, तब प्रतिभा का ह्रास होने लगता है। तीव्र संवेग वाले व्यक्तित्व के लिए परिवर्तन का मार्ग अत्यंत सुगम होता है। तीव्रता का अर्थ केवल बाह्य उग्रता नहीं, अपितु किसी भी कृत्य में अपनी संपूर्ण शक्ति और प्राणों को नियोजित कर देना है। ईश्वर कोई बाह्य व्यक्तित्व नहीं, अपितु वह अस्तित्व, चेतना और आनंद का पूर्ण स्वरूप है, जो प्रत्येक प्राणी के हृदय में स्थित है। यह वह चैतन्य सत्ता है, जो क्लेश, कर्म-बंधन और कर्मफल के विपाक तीनों से अप्रभावित है।

ईश्वर कोई बाह्य व्यक्तित्व नहीं, अपितु वह अस्तित्व, चेतना और आनंद का पूर्ण स्वरूप है, जो प्रत्येक प्राणी के हृदय में स्थित है। यह वह चैतन्य सत्ता है, जो क्लेश, कर्म-बंधन और कर्मफल के विपाक तीनों से अप्रभावित है।

पाकिस्तान में विदेशी युवती से गैंग रेप केस

मुख्यमंत्री मरियम नवाज का दावा, जज ने रिश्वत लेकर आरोपी को दे दी जमानत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने शनिवार को आरोप लगाया कि अजरबैजान की 20 वर्षीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले की सुनवाई कर रहे एक न्यायाधीश ने मुख्य आरोपी को जमानत देने के बदले उससे रिश्वत ली। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मुख्य आरोपी अहमद तनवीर ने महिला को उसके और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोप वापस लेने के लिए 70,000 अमेरिकी डॉलर देने की पेशकश की थी। अधिकारियों के अनुसार, अजरबैजान की राजधानी बाकू की रहने वाली महिला सितंबर के मध्य में व्यापार के सिलसिले में पाकिस्तान आई थी। पुलिस ने बताया कि 25 सितंबर को लाहौर में दो महिलाएं उसे 'डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी' क्षेत्र के एक कैफे में ले गई थीं, जहां तीन पुरुष भी उनके साथ शामिल हो गए। इसने बताया कि इसके बाद इन पुरुषों ने उसे और दो अन्य महिलाओं को अपने वाहन में उनके गंतव्य तक छोड़ने की पेशकश की।

पुलिस के अनुसार, ये लोग महिला को एक फ्लैट में ले गए, जहां उन्होंने शराब पी और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में दो पुरुष आरोपियों और दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अहमद तनवीर जमानत पर था। हालांकि, शुक्रवार को अग्रिम जमानत की अवधि बढ़ाए जाने के बावजूद पुलिस ने तनवीर को लाहौर की सत्र अदालत के बाहर गिरफ्तार कर लिया। मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने तनवीर की गिरफ्तारी को सही ठहराते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "कोई भी बलात्कारी या अपराधी केवल इसलिए न्याय से बच नहीं सकता कि उसके पास पैसा है।" उन्होंने कहा कि यह बात सामने आई है कि आरोपी के संपन्न परिवार ने पीड़िता को अपने आरोप वापस लेने के बदले दो करोड़ पाकिस्तानी रुपये (करीब 72,000 अमेरिकी डॉलर) देने की पेशकश की थी, जबकि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत उसका बयान पहले ही दर्ज किया जा चुका था।

मरियम नवाज ने कहा, "यह आरोप भी है कि आरोपी को जमानत देने वाले न्यायाधीश को रिश्वत दी गई थी। यदि ये आरोप सही हैं, तो इससे न्याय व्यवस्था की ईमानदारी और दुष्कर्म पीड़िताओं पर धन के दबाव तथा सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर खतरे को लेकर चिंताजनक सवाल उठते हैं।"

शुक्रवार को आरोपी अपने वकील के साथ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रफाकत अली गोंडल के समक्ष पेश हुआ था। वकील ने अदालत में शिकायतकर्ता का एक वीडियो बयान पेश किया, जिसमें वह तीन आरोपियों के खिलाफ पहले लगाए गए आरोप वापस लेती नजर आ रही थी। न्यायाधीश ने आरोपी तनवीर की अग्रिम जमानत की अवधि मंगलवार तक बढ़ा दी।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.वी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९५५
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१
ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।

